हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • शुक्रवार • 05.07.2024 • वर्ष : 14 • अंक : 342 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपया~~ 2 रुपया

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## समस्त झारखण्ड एवं समस्त देशवासियों को



# हूल जोहार
## सत्यमेव जयते!



प्रिय झारखण्डवासियों,

आपके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए हम आभारी हैं। आपके भरोसे पर खरा उतरने का निरंतर प्रयास पूर्व की भांति जारी रहेगा। हम पुन: एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं, एक ऐसा युग जहाँ विकास और समावेशिता साथ साथ चलेंगे।

**श्री हेमंत सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR- 328706 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# ट्रांसजेंडर समूह को सर्वजन पेंशन योजना से जोड़ने के लिए चलेगा अभियान : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** सामाजिक सुरक्षा शाखा की ओर से किए जा रहे कार्यों को लेकर गुरुवार को डीसी चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा की। इस दौरान डीसी ने ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को सर्वजन पेंशन योजना सहित अन्य पेंशन योजनाओं का लाभ देने अभियान चलाने का निर्देश दिया। वहीं, इसके लिए डीसी ने जिले के प्रमुख चौक चौराहों व अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों में होर्डिंग लगाने सहित व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

**पेंशन लाभुकों का आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर लिंक जल्द कराये**



पेंशन योजनाओं के लाभुकों के आधार एवं मोबाइल नंबर लिंक करने संबंधित कार्यों की समीक्षा के दौरान डीसी ने जल्द से जल्द शत प्रतिशत पेंशन लाभुकों का आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर लिंक करने का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं, डीसी ने पेंशन योजनाओं के लाभको को भी नियमित रूप से पेंशन प्राप्त करने के लिए अपने आधार कार्ड को मोबाइल नंबर के साथ लिंक करने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही डीसी ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पेंशन योजनाओं के तहत लाभुकों के आधार कार्ड सीडिंग कार्यों के लिए शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। डीसी ने सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी को विशेष अभियान चलाकर वैसे पेंशनधारी जिनकी वर्तमान में मृत्यु हो चुकी है एवं पेंशन लाभुकों की सूची में है का सर्वे कर योग्य नए लाभुंकों को पेंशन के लाभ से अछादित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### बीडीओ ने घर-घर मतदाता सर्वेक्षण कार्यक्रम चलाया

**हजारीबाग :** प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा घर घर सर्वेक्षण की जांच टाटीझरिया पंचायत के होलंग एवं बिसाई में किया गया। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने और सभी योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, मृत, विवाह के कारण स्थायी रूप से बाहर जाने, किराएदार का संबंधित मतदान केंद्र से अन्यत्र चले जानेवाले मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाने, रिपीटेड मतदाता का एक जगह से नाम हटाने सहित मतदाता का नाम, फोटो आदि में सूधार हेतू घर घर सर्वे का कार्य किया गया। बीडीओ द्वारा घर घर सर्वेक्षण कार्यक्रम के दौरान पेंशन से संबंधित 3 मामलों का निपटारा ऑन द स्पॉट किया गया।

### बड़कागांव में आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम आज

**बड़कागांव :** आजसू पार्टी के केन्द्रीय महा सचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी के निदेशानुसार 5 जुलाई सुबह 11:00 बजे बड़कागांव आजसू कार्यालय से पैदल मार्च के साथ बडकागाव प्रखण्ड कार्यालय सह अंचल कार्यालय परिसर में भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। जिसे लेकर कार्यक्रम में आजसू पार्टी के द्वारा केन्द्रीय समिति, जिला समिति, प्रखण्ड समिति, पंचायत समिति, ग्राम प्रभारी, महिला प्रकोष्ठ,युवा मोर्चा, चुलहा प्रमुख एवं अनुषंगी इकाई के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु दल-बल के साथ उपस्थिति होने की अपील किया गया है।

### आरटीई के तहत 117 बच्चों का होगा एडमिशन

**पलामू :** जिले में 2024-25 सत्र के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में कुल 117 बच्चों का एडमिशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। सभी 117 बच्चों के एडमिशन के लिए अलग-अलग निजी स्कूलों में सीट आरक्षित कर दी गयी है। एडमिशन लेने के लिए जिले भर से कुल 124 बच्चों के आवेदन प्राप्त किये गये थे। जिले के अलग-अलग 4 प्रखंडों के कुल 18 निजी स्कूलों में आरटीई के तहत चयनित बच्चों को मुफ्त में शिक्षा प्रदान की जाएगी। ज्ञातव्य है कि जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने गुरूवार को कहा कि पलामू के गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मार्च माह में एक पोर्टल प्रारंभ किया था, जिसके माध्यम से सभी बच्चों के ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये गये थे। सभी बच्चों को उनके घर के एड्रेस के नजदीक के ही स्कूल को टैग्ड किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि जिले के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को मुफ्त में बेहतर शिक्षा प्रदान करना राइट टू एजुकेशन का मुफ्त उद्देश्य है।

### जहरीला जंतु के काटने से 40 वर्षीय महिला की स्थिति गंभीर

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के महेरिया गांव निवाशी अजय मेहता की पत्नी मनोरमा देवी उम्र 40 वर्ष को गुरुवार की सुबह जहरीला जंतु ने काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों द्वारा घायल को इलाज के लिए हुसैनाबाद अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए। उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के बाद भी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि गुरुवार की सुबह मनोरमा देवी खेत में काम करने गई थी। इसी बीच जहरीला जंतु ने उसे काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर हुई मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ओरिया ओवरब्रिज के समीप बुधवार देर रात्रि करीब 10 बजे ट्रक संख्या जेएच 02 एएन 3169 की चपेट में आने से युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान गोमीया के साड़म निवासी दीपक कुमार कश्यप पिता राम लखन कश्यप के रूप में हुई है। इस संबंध में मृतक के बाइक पर सवार सूचक ओमप्रकाश गुप्ता ने मुफस्सिल थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। आवेदन के अनुसार डेमोटांड स्थित प्रिंटिंग प्रेस से देवघर यूनिट का अखबार लेकर देवघर वाली बस में देने बाइक से दीपक और ओमप्रकाश जा रहे थे। बाइक दीपक चल रहा था और ओमप्रकाश पीछे बैठा था। ओरिया ओवरब्रिज के समीप उबर-खाबर रास्तों की वजह से




बाइक के बाएं तरफ से एक ट्रक ओवरटेक ले रहा था। ओवरटेक लेने के क्रम में ट्रक बाइक को धक्का मार दिया जिससे चलक बाएं तरफ ट्रक की ओर गिर गया और हेलमेट सहित चक्का उसके सर पर चढ़ जाने से घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई। वही ओमप्रकाश दाहिनी और गिरा जिससे उसे पर में चोट लगी। धक्का मार कर ट्रक फरार हो रहा था इसी क्रम में पीछे से एक अज्ञात बाइक ने ओम प्रकाश को अपने बाइक पर बैठकर सिंहनी के पास ट्रक को पकड़ लिया। ट्रक को पकड़ते ही चालक वहां से फरार हो गया।

## नाम में संशोधन को लेकर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में निर्वाचन प्री रिवीजन गतिविधि के तहत मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण/ रि-अरेंजमेंट/ जर्जर मतदान केन्द्र का भवन/नाम परिवर्तन से संबंधित बैठक राजनितिक पार्टी के प्रतिनिधि की उपस्थिति में की गई। बैठक में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के वैसे मतदान केन्द्र जो जर्जर स्थिति में है और जहां मतदाताओं को लंबी दूरी तय कर मतदान करने जाना पड़ता है, वैसे मतदान केन्द्र जो सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के लावालौंग प्रखण्ड में 02, सिमरिया प्रखण्ड में 04 एवं ईटखोरी प्रखण्ड में 01 कुल 07 मतदान केन्द्र स्थित है। जिसका स्थल परिवर्तन किया जाना है तथा टण्डवा प्रखण्ड के 01 मतदान




केन्द्र जिसका नाम में संशोधन शामिल है। वहीं चतरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 15 मतदान केन्द्र है जिसका स्थल परिवर्तन तथा एक मतदान केन्द्र का नाम में संशोधन किया जाना है। उक्त के संदर्भ में उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमती दी। उक्त प्रस्ताव को मंत्रीमंडल रांची निर्वाचन आयोग को भेजने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमारी वेदवंती, सभी राजनितिक दल के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थें।


### अरविंद बने चैनपुर मुखिया संघ के अध्यक्ष

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढीवीर के मुखिया अरविंद कुमार तिवारी को चैनपुरप्रखंड मुखिया संघ का अध्यक्ष चुना गया है। गुरुवार को चैनपुर स्थित वन विश्रामागार में आयोजित बैठक में उक्त आशय का निर्णय लिया गया। बैठक में बसरिया पंचायत के मुखिया नितेश कुमार सिंह को सचिव व पंचायत के मुखिया बसंत राम व मुस्तफा अंसारी को उपाध्यक्ष चुना गया। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी खुरा पंचायत की मुखिया निर्मला देवी को दी गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया निर्मला देवी ने की। बैठक में मुखिया पपलूदुबे, दीनानाथ मांझी, लाल बहादुर भुईयां, नेहाप्रवीण, बबिता देवी, धनवंती देवी अनीता देवी सुनीता देवी जितेंद्र यादव पार्वती देवी, जमीलाबीवी, पार्वती देवी, कुसुम देवी आदि मौजूद थे।

## दलालों के दलदल में फंसा मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** मेदनीराय मेडिकल कॉलेज सदर अस्पताल दलालों के चंगुल में फंस चुका है। फिर से महिला और पुरुष दलालों ने यहा अपना डेरा जमा लिया है। जिसके वजह से आए दिन गरीब मरीज ठगी का शिकार हो रहे हैं। बताते चले की कुछ दिनों पहले ही जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के द्वारा दलालों के प्रति कानूनी कार्रवाई की गई थी। इसके बाद से दलाल सतर्क हो गए थे और अस्पताल इर्दगिर्द नजर नहीं आ रहे थे। अभी हाल में फिर से सदर अस्पताल में दलालों ने अपना कब्जा जमा लिया है। इन दलालों के द्वारा निजी क्लीनिक में मरीज को ले जाने और इलाज कराने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन सदर अस्पताल में प्रसव के लिए




पहुंचने वाले मरीजों को महिला सर पुरुष दलालों के माध्यम से निजी क्लीनिक ले जाया जा रहा है। जहां भारी-भरकम राशि की उगाही की जा रही है। शहर में कई नर्सिंग होम को चलाने में और उन्हें मुनाफा कराने में ये दलाल अपना अहम भूमिका निभा रहे हैं। नर्सिंग होम में खासकर महिला मरीजों को दलाल फंसा कर लाते हैं। इसके बदले संबंधित नर्सिंग होम से दलालों को मोटी रकम मिलता हैं। मोटी राशि के लालच में दलालों ने इसे अपना पेशा बना लिया है। बताया जाता है कि इन दलालों ने कई अस्पतालों से साठगांठ कर रखी है। सदर अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को वह बहला फुसलाकर निजी अस्पतालों तक ले जाने का काम कर रही हैं। प्रतिदिन सुबह 10 बजते ही महिला दलाल सदर अस्पताल पहुंच कर पर्ची काउंटर के पास खड़े हो जाते हैं, और मरीज को अपने झांसा में फसाने के काम में लग जाते हैं।मौसम में बदलाव के कारण इन दिनों सदर अस्पताल के पर्ची काउंटर पर मरीजों का काफी भीड़ हो रहा है। जैसे ही कोई मरीज टिकट काउंटर से पर्ची कटवा कर बाहर निकलता है, टिकट काउंटर पर खड़े दलाल मरीज को रोक कर उसका पुर्जा पढ़ते हैं और झांसा देते हैं कि वह उन्हें इलाज करवाने के साथ-साथ कम पैसे में जांच करा देंगे। लेकिन जांच कराने के बहाने मरीजों से दलाल मोटी रकम की मसूली कर लेते है। इतना ही नहीं मरीजों को इन दलालों द्वारा यह भी बताया जाता है कि सदर अस्पताल में सही इलाज नहीं होता है, यहां अच्छे डॉक्टर नहीं रहते हैं और यहां का सरकारी दवा खाने पर लाभ भी नहीं पहुंचता है। उनके बातो से प्रलोभन में आकर मरीज भी जानकारी के अभाव में उनके चंगुल में फंसकर इलाज कराने, प्राइवेट क्लीनिक से दवा लेने और जांच कराने को मजबूर हो जाते हैं। यदि समय रहते इन दलालों पर नकेल नहीं कसा गया तो आने वाले दिनों में गरीब मरीजों को महिला दलालो की वजह से और भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

## सदर विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है, आपके सुख दुःख में साथ खड़ी हूं : शेफाली गुप्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखण्ड स्थित डाटो खुर्द पंचायत में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने गुरुवार को सघन दौरा किया। आगमन पर ग्रामीणों ने फुलमाला एवं ढोल-ताशा के साथ पारंपरिक रूप से उनका स्वागत व अभिनंदन हुआ। इसके बाद ग्रामीणों से मिलकर राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन एवं विधवा पेंशन सहित कई जनसमस्याएं सुनी। इस दौरान डाटो खुर्द पंचायत में संकलन कैंप आयोजित कर ग्रामीणों की केंद्रीय योजनाओं से संबंधित समास्याओं पर आवेदन प्राप्त किया। आवेदन प्राप्त कर जल्द समाधान करने का ग्रामीणों को भरोसा दिया। साथ ही



अन्य मुलभुत समास्याओं की निराकरण में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। वहीं डाटो खुर्द पंचायतवासियों ने केंद्रीय योजनाओं के लिए संकलन कैंप लगाकर समास्याओं की सुनने व जानने पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता का आभार व्यक्त किया। इस दौरान बूथ संख्या 23 के बूथ अध्यक्ष आशीष यादव की बहन को शादी से पूर्व मिलकर अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दी तथा बलदेव तूरी की सुपुत्री की शादी में सहयोग राशि भेंट की। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने डाटो खुर्द पंचायत वासियों को संबोधित कर कहा कि वास्तव में जरूरतमंद परिवारों को केंद्रीय योजनाओं का लाभ दिलाना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। सदर विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है। आपकी सुख दुःखों में साथ खडी. हूँ। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कई सारी उत्थान की योजनाएं संचालित है। लेकिन वर्तमान की राज्य सरकार जरूरतमंदों तक पहुंचनी नहीं देती है। झारखंड में भाजपा की सरकार आते ही केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय योजनाओं से वास्तव में जरूरतमंद परिवारों को जोड़ने का प्रयास जारी रहेगी। मौके पर सत्यभामा, रानी शुक्ला, किशोरी राना, सुनीता देवी, सुदर्शन देव सिंह उर्फ पिंटू, लेखराज, दीपक यादव, सुभाष यादव, महेश प्रसाद, उलेखा देवी एवं तेल्की देवी सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अंबा प्रसाद की पहल पर पिपराडीह भुईंया टोली में हुई डीप बोरिंग



**बड़कागांव :** नयाटांड़ पंचायत के पिपराडीह भुईया टोली में डीप बोरिंग कार्य संपन्न कराया गया। पेयजल समस्या को लेकर मुखिया प्रतिनिधि अजीत कुमार के द्वारा विधायक अंबा प्रसाद को पिपराडीह भुईया टोली में पानी से होने वाले दिक्कतों से अवगत कराया था। जिसके बाद विधायक अंबा प्रसाद में त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त योजना को प्राथमिकता के आधार पर डीप बोरिंग कराने हेतु अनुसंशा की थी, डीएमएफटी मद से इस योजना को स्वीकृति दिलाने का कार्य किया गया। उक्त स्थान में डीप बोरिंग होने से एक बड़ी आबादी लाभान्वित होंगी, एक बड़ी जनसंख्या के बीच पानी की समस्या दूर होगी। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि विधायक अंबा प्रसाद को जिस कार्य के लिए बोला गया उसे तुरंत स्वीकार करते हुए कार्य को धरातल पर उतारने का कार्य किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो, कृष्णा यादव, बाबूलाल यादव, कीटन भुईया वार्ड सदस्य, सूरज भुईया, ग्राम अध्यक्ष कोल्हा भुईया, सूरज यादव, महेश बैठा, मुकेश भुईया, मनोज भुईया, मंगरु भुईया, राजू कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### झारखण्ड आन्दोलनकारी को मुख्यमंत्री पद से हटाना दुर्भाग्यपूर्ण : सतीश

**मेदिनीनगर (पलामू) :** झारखण्ड राज्य लम्बी लडाई का उपज है। हजारों आन्दोलनकारीयो ने अपनी प्राणों की आहुति देकर राज्य का निर्माण कराया मगर आज झारखण्डी जनता को अपनी पहचान ढूंढने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। पांच माह से होटवार जेल में बंद झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उच्च न्यायालय ने जमानत दी हैं। मुकदमा से दोष मुक्त नहीं हुए हैं मगर ऐसा प्रचार हो रहा है कि मुकदमा से मुक्ति मिल गई है। इन्डिया गठबन्धन के सभी दल कांग्रेस राजद कुछ समय के लिए ही सही झारखण्ड को लुटने का मनसूबा पाली है। झारखंड आंदोलनकारी चम्पई सोरेन भी होटवार जेल से संचालित हो रहे थे। मगर मुख्य मंत्री पद से इस्तीफा दिलवाकर पुनः सत्ता मे आना पद लोलुपता और झारखण्ड आन्दोलनकारी व आदिवासी नेतृत्व को आगे बढ़ाने से रोकने के लिए हेमंत सोरेन का असली चरित्र उजागर हो गया। लगभग सरकार ने अपनी कार्यकाल लगभग पुरी कर ली है अपने पुर्व चुनावी घोषणा पत्र से एक भी वादा पूरा नहीं किया चाहे आन्दोलनकारी को जेल जाने की बाध्यता को समाप्त कर मान सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा व सम्मान जनक पेन्शन की ब्यवस्था नहीं कि केवल बरगलाते रही सरकार, आदिवासियों का सरना धर्म कोड, पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण, छात्रों को नियुक्ति व बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए योजना सब के सब ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ हुआ। झारखंड झुठ लुट भ्रष्टाचार अपराध माफिया राज्य के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना ली है। इस कलंक को मिटाने के लिए झारखंड की जनता ने कमर कस ली है। अगामीबिधान सभा चुनाव में इन्डिया गठबन्धन को धुल चट्टा देगी।

### क्रिकेट की दीवानगी गांव के खेत खलिहानों से अंतर्राष्ट्रीय मैदानों तक है : अविनाश देव



**चैनपुर :** प्रखंड के बंदुआ ग्राम में चंद्रशेखर आजाद क्लब द्वारा आयोजित कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद बैट चला कर किया। क्लब के अध्यक्ष अंगवस्त्र देकर स्वागत किए।खेल के मैदान में खिलाड़ियों दर्शकों को संबोधित करते अविनाश देव ने कहा की क्रिकेट की दिवानगी खेत खलिहानों से होते हुए अंतर्राष्ट्रीय मैदानों तक बरकरार है। असली प्रतिभा तो गांव से ही निकलता है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर धूमकेतु की तरह छा जाता है। हम सरकार व जन प्रतिनिधि, संबंधित अधिकारियों से कहना चाहेंगे की गांव को संसाधन संपन्न बनाएं ताकि राष्ट्रीय फलक तक रास्ता बच्चों को दिख सके। गांव मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा। हम आयोजन समिति को धन्यवाद देना चाहते है की आपने इतनी बड़ी आयोजन कर ग्रामीण प्रतिभा को निकालने का काम किया है। मैं आप सबों को भरोसा देता हूं कि हर संभव मदद के साथ आपके साथ खड़ा हूं। खिलाड़ियों से आग्रह होगा हमेशा खेल भावना से खेलिएगा ,असली लोकतंत्र भाईचारा प्रेम खेल के मैदान में ही दिखता है। कोई एक ही टीम कि विजय होगी किंतु आनंद हम सभी उठाएंगे भावना से ऊपर होकर खेलें। इस तरह के आयोजन के लिए अध्यक्ष अभय वर्मा, सचिवऋतिक पांडेय सहित पूरी टीम की भूरी भूरी प्रशंसा करता हूं।

### चौपारण में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**हजारीबाग :** नीति आयोग, भारत सरकार अंतर्गत आकांक्षी प्रखंड चौपारण में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी एवं अंचल अधिकारी सह बाल विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव के अध्यक्षता में प्रखंड सभागार चौपारण में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर आज सुबह विद्यालयों के बच्चों के द्वारा संपूर्णता अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाला गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, आकांक्षी प्रखंड फेलो नीति आयोग, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक तथा कर्मी उपस्थित थे। साथ में विद्यालय के शिक्षक तथा कर्मी उपस्थित थे। आज प्रखंड में सभी चार क्षेत्रों के छह इंडिकेटरों जिसमें स्वास्थ्य, कृषि, जेएसएलपीएस, पोषण, पशुपालन विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया। स्टॉल के माध्यम से एएनसी चेकअप, गोद भराई, अन्नप्राशन, हरा सब्जी ऑर्गेनिक नर्सिंग आदि की जानकारी दी गई। नीति आयोग, भारत सरकार के निदेर्शानुसार आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत 4 जुलाई से 30 सितंबर तक संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 4 जुलाई से 30 सितंबर तक सभी जिला के प्रखंडों में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। संपूर्णता अभियान के अंतर्गत नीति आयोग निर्धारित आकांक्षी प्रखंड के चार क्षेत्र जिसमें स्वास्थ्य,पोषण,कृषि तथा सामाजिक विकास के 6 इंडिकेटरों का शत प्रतिशत संपूर्णता का लक्ष्य प्राप्त किया जाना है। सभी 6 इंडिकेटर का 3 माह महीने का एक्शन प्लान नीति आयोग को भेजा गया है,प्रत्येक महीने सभी इंडिकेटरों की प्रगति की समीक्षा उपायुक्त के द्वारा की जाएगी तथा नीति आयोग की प्रगति की रिपोर्ट भेजी जाएगी। आज इसी संदर्भ में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया गया,आगे सभी पंचायत में यह अभियान चलाया जाएगा। आज के कार्यक्रम में 20 सूत्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर यादव,प्रखंड उप प्रमुख प्रीति कुमारी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष विकास यादव, विधायक प्रतिनिधि रामकल सिंह, नीति आयोग से आए संचित जिंदल, पंचायत के मुखिया पंचायत समिति सदस्य वार्ड सदस्य व अन्य मौजूद रहे ।

हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • शुक्रवार • 05.07.2024 • वर्ष : 14 • अंक : 342 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री बने हेमंत सोरेन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दिलाई शपथ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** जेल से रिहाई के बाद हेमंत सोरेन गुरुवार को एक बार फिर झारखंड के मुख्यमंत्री बन गए। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने उन्हें शुभकामनाएं भी दी। इसके साथ हेमंत सोरेन तीन बार सत्ता की बागडोर संभालने वाले मुख्यमंत्री बन गए। उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन 13 जुलाई, 2013 को पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। इसके बाद 29 दिसंबर, 2019 को और अब तीसरी बार चार जुलाई को मुख्यमंत्री बने हैं।

इस मौके पर झामुमो प्रमुख और हेमंत के पिता शिबू सोरेन, माता रुपी सोरेन, कार्यवाहक मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, मंत्री बादल, रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, सांसद महुआ माजी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक कल्पना सोरेन, दीपिका पांडेय सिंह, बैजनाथ राम सहित सत्ता पक्ष के सभी विधायक और अन्य भी उपस्थित थे। इससे पहले हेमंत सोरेन ने पिता और सांसद शिबू सोरेन के पास जाकर उनके चरण छूए। साथ ही सोशल मीडिया पर इसे शेयर करते हुए लिखा कि बाबा से मिलकर आगामी चुनौतियों से निपटने के लिए उनका आशीर्वाद लिया। राज्य में गुरुवार की सुबह से ही मुख्यमंत्री आवास से लेकर राजभवन के बीच सियासी सरगर्मी बनी हुई थी। सुबह सीएम हाउस में बैठक के बाद हेमंत सोरेन सहयोगियों के साथ राजभवन गये थे। इसके बाद राज्यपाल ने उन्हें मुख्यमंत्री के तौर पर मनोनीत किया। शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित भी किया।

इसके बाद चर्चा रही कि सात जुलाई को हेमंत सहित कैबिनेट में शामिल किए गये सहयोगियों के साथ शपथ ग्रहण करेंगे। इस दिन रांची में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का भी कार्यक्रम होना है। इसलिए इस पावन दिन को शपथ ग्रहण समारोह होगा लेकिन दोपहर होते-होते यह खबर सामने आई कि गुरुवार की शाम पांच बजे राजभवन में हेमंत सोरेन अकेले मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। मंत्रिमंडल में जो भी नाम तय होंगे, उनके लिए शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम बाद में आयोजित होंगे।



बिरसा चौक में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा- सुमन अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

### मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद हेमंत सोरेन ने जारी किया वीडियो

हेमंत सोरेन ने गुरुवार को झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद एक वीडियो संदेश जारी किया। पांच मिनट 14 सेकेंड के इस वीडियो में उन्होंने देश और झारखंड की जनता को याद दिलाया कि 31 जनवरी को उन्होंने इसी जगह से लोगों को एक संदेश दिया था। इस संदेश में उन्होंने कहा था कि विरोधियों ने उनके खिलाफ षड्यंत्र रचा और उसमें कामयाब भी हुए। हेमंत ने कहा कि पांच महीने तक इन लोगों ने मुझे अलग-अलग तरीके से लंबे समय तक जेल में रखने का प्रयास किया। हमने भी कानूनी लड़ाई का रास्ता चुना। सड़कों पर आपने हमें भरपूर सहयोग दिया। अंततः न्याय के आदेश के अनुरूप और न्याय ने मुझे पाक-साफ करार देते हुए बरी किया। आज मैं पुनः आपके सामने हूं। हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्ष 2019 में आप सब लोगों ने मुझे राज्य को एक दिशा देने के लिए और आपकी सेवा करने का मौका दिया था लेकिन षड्यंत्रकारियों को यह पचा नहीं कि एक आदिवासी नौजवान इतने ऊंचे पद पर रहे। अंततः 31 जनवरी को इन लोगों ने बेबुनियाद आरोपों पर और झूठे मुकदमे बनाकर मुझे मुख्यमंत्री के पद से हटने के लिए मजबूर कर दिया। झामुमो नेता ने कहा कि भगवान के घर में अंधेर नहीं रहता है। कहीं न कहीं आज आपलोगों की दुआ और आपका आशीर्वाद मिला। झारखंड एकता का जो परिचय आपने दिया है, उसके लिए हम आपके सदैव ऋणी रहेंगे। हमने पहले भी कहा है कि हम झारखंड प्रदेश और यहां के आदिवासी, पिछड़े, दलित, किसान, मजदूर की आवाज हैं। लड़कर झारखंड लिया है।

## मुख्यमंत्री बनते ही सचिवालय पहुंचे हेमंत सोरेन, फाइलों पर किये दस्तखत



मुख्यमंत्री बनते ही गुरुवार को हेमंत सोरेन सचिवालय पहुंचे। यहां अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। बता दें कि हेमंत को 31 जनवरी को ईडी ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद उनको होटवार जेल भेज दिया गया था। 28 जून को जेल से रिहा होने के बाद हेमंत सोरेन ने आज ही, तीसरी बार बतौर मुख्यमंत्री शपथ ली है। 5 बजे राज्यपाल ने उनको मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद हेमंत सोरेन प्रोजेक्ट भवन स्थित सचिवालय पहुंचे और अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने कुछ फाइलों का अवलोकन भी किया।


### सोमवार को विधानसभा का विशेष सत्र और मंगलवार को कैबिनेट का विस्तार

**रांची :** हेमंत सोरेन के सीएम पद की शपथ लेते ही सोमवार को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। इसके साथ ही मंगलवार को हेमंत कैबिनेट के विस्तार की भी खबर है। इसमें मंत्री पद के कई चेहरे बदले जा सकते हैं। कांग्रेस कोटे से मंत्रियों के बदले जाने की संभावना है। इसके लिए दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ प्रदेश कांग्रेस के नेता बैठकें कर रहे हैं।

### 'हर अन्याय को पता है कि एक दिन उसे न्याय परास्त करेगा' : हेमंत सोरेन

**रांची :** हेमंत सोरेन आज तीसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण से पहले हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर लिखा है कि हर अन्याय को पता है कि एक दिन उसे न्याय परास्त करेगा। जय झारखंड। बता दें कि यह तस्वीर 31 जनवरी 2024 की है, जिस दिन हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी हुई थी। जब गिरफ्तारी के बाद हेमंत सोरेन राजभवन पहुंचे थे और राज्यपाल को अपने इस्तीफा सौंपा था। इसके साथ उन्होंने राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन की तस्वीर साझा की है। गौरतलब है कि चंपाई सोरेन ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया। इसके साथ ही हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। आज उन्हें शपथ ग्रहण के लिए राजभवन से न्योता भी मिल गया।

## 'विजय रथ' में सवार टीम इंडिया, एक झलक के लिए मरीन ड्राइव में उमड़ा जनसैलाब



एजेंसी

**मुंबई :** वर्ल्ड चैंपियन भारतीय टीम दिल्ली से मुंबई पहुंच गई है। मुंबई में टीम इंडिया का भव्य स्वागत किया जा रहा है। विक्ट्री परेड में भारतीय खिलाड़ी शामिल हो चुके हैं। वर्ल्ड चैंपियन 'विजय रथ' में सवार होकर रोड शो कर रहे हैं। खिलाड़ियों की एक झलक के लिए मरीन ड्राइव में जनसैलाब उमड़ पड़ा है। क्रिकेट प्रेमी अपने स्टार को देखने के बेताब दिखे। रोड शो मरीन ड्राइव से लेकर वानखेड़े स्टेडियम तक किया जाना है, जिसके लिए तैयारी कर ली गई है। मरीन ड्राइव और वानखेड़े में भारतीय खिलाड़ियों के स्वागत के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे हैं।

### टीम इंडिया के विमान को किया गया स्कॉट

भारतीय टीम की फ्लाइट जब मुंबई एयरपोर्ट पर उतरी, तो वहां तीन गाड़ियों में तिरंगा झंडा लेकर स्कॉट किया गया। खिलाड़ियों का एयरपोर्ट में जोरदार स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर घंटों से सैकड़ों समर्थक जमा टीम के स्वागत के लिए।

### विशेष विमान से स्वदेश लौटी टीम इंडिया

भारतीय टीम गुरुवार को सुबह विशेष विमान से स्वदेश लौटी। हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। जिसके बाद टीम के सदस्यों ने नाश्ते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे सैकड़ों प्रशंसक मौसम की परवाह किए बिना विभिन्न नारे लिखे बैनर और राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। खिलाड़ियों की वापसी के दौरान नाच-गाना हो रहा था, खूब सारे केक थे और सड़कों पर प्रशंसक थे। थके हुए खिलाड़ी भी हवाई अड्डे से होटल पहुंचने के बाद मस्ती में शामिल हुए और पार्टी का माहौल पूरा किया।

### मरीन ड्राइव में टीम इंडिया के स्वागत में उमड़े क्रिकेट फैन्स

मुंबई में टीम इंडिया मरीन ड्राइव से वानखेड़े स्टेडियम तक विजय परेड करेगी। खिलाड़ियों के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट फैन्स मरीन ड्राइव पहले ही पहुंच गए हैं। दर्शकों में उत्साह इतना है कि उन्हें बारिश की परवाह भी नहीं रही। बारिश भी उनके उत्साह को नहीं रोक पाई। मरीन ड्राइव टीम इंडिया के खिलाड़ियों को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी हुई है, प्रशंसक टीम इंडिया के आगमन का इंतजार कर रहे हैं।

### टीम इंडिया की विक्ट्री परेड, वानखेड़े स्टेडियम में उमड़े समर्थक

दिल्ली से मुंबई पहुंचने पर भारतीय टीम का भव्य स्वागत किया जाएगा। साथ ही खिलाड़ी वर्ल्ड कप ट्रॉफी के साथ मुंबई के मरीन ड्राइव से वानखेड़े स्टेडिय तक विक्ट्री परेड में शामिल होंगे। टीम इंडिया के रोड शो को लेकर तैयारी हो चुकी है। समर्थक भी वानखेड़े स्टेडियम पहुंचने लगे हैं। स्टेडियम में दर्शकों की भीड़ देखकर ऐसा लग रहा है कि वहां कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जाना है। वर्ष 2011 में जीते पिछले विश्व कप का जिक्र करते हुए एक प्रशंसक ने कहा, हम पिछले 13 साल से इस पल का इंतजार कर रहे थे। टीम ने विश्व कप जीतकर हमें गौरवान्वित किया है। तूफान बेरिल के चलते बारबाडोस में 'शटडाउन' के कारण भारतीय टीम खिताब जीतने के तुरंत बाद स्वदेश नहीं लौट पाई थी। खिलाड़ी अपने होटल में ही रुके थे जिसके बाद बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने वापसी के लिए विशेष उड़ान का इंतजाम किया।

**एक नजर**

### झाप्रसे के चार अधिकारियों का तबादला

**रांची :** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के चार अफसरों का तबादला किया है। लातेहार के एसडीएम कौशल कुमार को दुमका का एसडीएम बनाया गया है। वहीं, दुमका के एसडीएम अजय कुमार रजक को लातेहार का एसडीएम बनाया गया है। पूर्वी सिंहभूम के अपर आयुक्त रोहित सिन्हा को नगर आयुक्त देवघर नगर निगम के पद पर स्थानांतरित किया गया है। जबकि देवघर के नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद को पूर्वी सिंहभूम का अपर उपायुक्त के पद पर स्थानांतरित किया गया है।

### मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव बने अविनाश कुमार

**रांची :** आईएएस अविनाश कुमार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक तथा राजभाषा विभाग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार उर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित अविनाश कुमार को मुख्यमंत्री का अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## भारत की संप्रभुता, प्रादेशिक अखंडता के सम्मान आतंकवाद पर कार्रवाई पर विदेश मंत्री का जोर

एजेंसी

**अस्ताना :** भारत ने चीन, पाकिस्तान और रुस जैसे 12 से अधिक देशों के शीर्ष नेताओं की गुरुवार को यहां आयोजित एक बैठक में एक से अधिक देशों से जुड़ी सम्पर्क-सुविधा और अवसंरचना क्षेत्र की परियोजनाओं में देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का ध्यान रखने पर बल दिया और सीमापार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का भी आह्वान किया।

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश पढ़ा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी घरेलू व्यस्तताओं के कारण एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने अस्ताना नहीं आ सके। विदेश मंत्री डॉ जयशंकर ने सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया।



श्री मोदी ने अपने भाषण में वर्ष 2017 में एससीओ में भारत की सदस्यता हासिल करने के मौके को याद किया, उस समय भी कजाखस्तान की अध्यक्षता में भारत को यह उपलब्धि हासिल हुई थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से, हमने एससीओ में अध्यक्षता का एक पूरा चक्र पूरा कर लिया है। भारत ने 2020 में शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक के साथ-साथ 2023 में राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की बैठक की मेजबानी की। एससीओ हमारी विदेश नीति में एक प्रमुख स्थान रखता है। प्रधानमंत्री ने एससीओ के सदस्य ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के हेलीकॉप्टर दुर्घटना में उनके एवं अन्य लोगों के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की और नये सदस्य के रूप में बैठक में शामिल होने के लिए बेलारूस का स्वागत किया और वहां के राष्ट्रपति अलेक्जेडर लुकाशेंको को बधाई दी।

बैठक में प्रधानमंत्री का वक्तव्य चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजना और जम्मू-कश्मीर में सीमापार से आंतकवाद पर भारत के कड़े रुख को देखते हुए विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। श्री मोदी ने सीमा पर से संचालित आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई किए जाने, आतंकवाद के वित्त पोषण पर रोक तथा युवाओं को कट्टरपंथ से बचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का मुकाबला करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो एससीओ के मूल लक्ष्यों में से एक है।

उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को उन देशों को अलग-थलग करना चाहिए और उन्हें बेनकाब करना चाहिए जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं, उन्हें सुरक्षित पनाह देते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा, सीमा पार आतंकवाद का निर्णायक जवाब देने की आवश्यकता है और आतंकवाद के वित्तपोषण और भर्ती का दृढ़ता से मुकाबला किया जाना चाहिए। हमें अपने युवाओं में कट्टरपंथ के प्रसार को रोकने के लिए भी सक्रिय कदम उठाने चाहिए।

प्रधानमंत्री ने इसमें एससीओ के नेताओं से अंतराष्ट्रीय व्यापार और पारगमन व्यवस्था पारदर्शिता और गैर भेदभाव से मुक्त रखे जाने का भी आह्वान किया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और डिजिटल प्रौद्योगिकी से जुड़े मुद्दों को भी उठाया।

उन्होंने कहा, आर्थिक विकास के लिए मजबूत कनेक्टिविटी (संपर्क सुविधाओं) की आवश्यकता होती है। इससे हमारे समाजों के बीच सहयोग और विश्वास का मार्ग भी प्रशस्त हो सकता है। कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गैर-भेदभावपूर्ण व्यापार अधिकार और पारगमन व्यवस्थाएं भी आवश्यक हैं। एससीओ को इन पहलुओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एससीओ एक सिद्धांत-आधारित और सर्वसम्मति से चलने वाला संगठन है। यह सर्वसम्मति सदस्य देशों के दृष्टिकोणों से तय होती है। उन्होंने कहा, यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि हम अपनी विदेश नीतियों के आधार के रूप में संप्रभुता, स्वतंत्रता, क्षेत्रीय अखंडता, समानता, पारस्परिक लाभ, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने, बल का प्रयोग न करने या बल प्रयोग की धमकी के लिए आपसी सम्मान को दोहरा रहे हैं।

सीईओ ने सभी एईआरओ के साथ की समीक्षा बैठक

## समावेशी और स्वच्छ मतदाता सूची के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक : रवि कुमार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत राज्य में चल रहे कार्यों के संदर्भ में सभी एईआरओ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुरुवार को समीक्षा बैठक की। उन्होंने इस अवसर पर केंद्रीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम में किये जाने वाले कार्यों से संबंधित पीपीटी के माध्यम से पदाधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि समावेशी मतदान के लिए स्वच्छ मतदाता सूची का निर्माण आवश्यक है। विगत लोकसभा निर्वाचन में कुछ शहरों से गलत विलोपन एवं एक ही परिवार के लोगों का अलग-अलग मतदान केंद्रों के मतदाता सूची में नाम की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसे अविलम्ब ठीक कर लिया जाए।

कुमार ने कहा कि निर्वाचन की सभी गतिविधियां परस्पर एक-दूसरे से संबद्ध है। एक जगह गलती होने से पूरी प्रक्रिया प्रभावित होती है। सभी पदाधिकारी अपने क्षेत्रों में भौतिक निरीक्षण कर बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइसजर के कार्यों की समीक्षा करते रहें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य से जुड़े राज्य के पदाधिकारी अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान नए मतदाता पहचान पत्र के आवेदन, क्षतिग्रस्त मतदाता पहचान पत्र का प्रतिस्थापन एवं स्वच्छ एएसडी सूची के निर्माण कार्य का अनुश्रवण जरूर करें। हम सभी का सामूहिक ध्येय रहे कि आगामी विधानसभा निर्वाचन में कोई भी मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, सिस्टम एनालिस्ट एसएन जमील सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ ईडी ने दो शराब कारोबारियों अरविंद सिंह और त्रिलोक सिंह ढिल्लन को किया गिरफ्तार

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में ईडी ने दो शराब कारोबारियों अरविंद सिंह और त्रिलोक सिंह ढिल्लन को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को विशेष पीएमएलए कोर्ट ने 6 जुलाई तक के लिए ईडी की रिमांड में भेज दिया है। दोनों पर आरोप है कि वर्ष 2019-2022 के बीच 2,161 करोड़ से अधिक के शराब घोटाले में वे शामिल रहे हैं। ईडी ने अरविन्द को दूसरी बार और भिलाई निवासी त्रिलोक सिंह ढिल्लन को पहली बार गिरफ्तार किया है। ईडी द्वारा गुरुवार को दी गई जानकारी के अनुसार जांच टीम ने 1 जुलाई को रायपुर केंद्रीय जेल में बंद अरविंद सिंह और त्रिलोक सिंह ढिल्लन को गिरफ्तार किया है।

## एक नजर

### कतरास में एवी फार्मा का हुआ उद्घाटन



**कतरास (धनबाद) :** पुराना बॉम्बे स्वीट्स के पीछे घनश्याम मार्केट पचगढ़ी में ए वी फार्मा का उद्घाटन ( दवा का स्टाकिस्ट ) कतरास थाना के थाना प्रभारी असित कुमार सिंह, निचितपुर इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक चंदन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। मौके पर प्रतिष्ठान के मालिक राजीव उर्फ राजू सिंह ने बताया कि हमारे यहां होलसेल मेडिसिन की सारी दवाइयां उचित मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर डॉ गौतम, डॉ पंकज सिंह, डॉ शिशिर कुमार, प्रदीप बर्णवाल, मान सिंह, दान सिंह, पूर्णिमा सिंह, विराट सिंह, अर्थव सिंह, रमेश पांडेय, अजय सिंह, विशाल सिंह, पप्पू बर्णवाल, भगवान यादव, पूरन सिंह रामदास सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मंदिर परिसर में भाजपा महिला मोर्चा ने किया पौधरोपण



**बोकारो :** जिले के चास मुफ्फसिल भारजीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अध्यक्ष मीनाक्षी सिंह के नेतृत्व में वृक्षा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा नेत्री व कार्यकर्ताओ द्वारा रानीपोखर के पुरनाटाड़ स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में छायादार व फलदार पेड़ लगाया गया। सभी ने मंदिर परिसर के किनारे आम, अमरूद,पीपल, बरगद, नीम, छतली आदि के पैड़ लगाया। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि सभी को खाली भूमि पर पेड़ लगाना चाहिए। इससे पर्यावरण का संतुलन बना रहता है। मौके पर आशा कुमारी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थी।

### स्कूली बच्चों के साथ अभिभावकों ने नगर सेवा भवन का किया घेराव

**बोकारो :** बीआईवी उच्च विद्यालय सेक्टर 11 के छात्रों ने बीएसएल प्रबंधन द्वारा विद्यालय बंद किए जाने के खिलाफ आज सेक्टर 4 स्थित नगर सेवा भवन का घेराव किया। इस घेराव में स्कूल बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद रहे। मालूम हो कि इस स्कूल को बीएसएल प्रबंधन द्वारा संचालित किया जा रहा था ,लेकिन प्रबंधन ने अब इस विद्यालय को बंद कर सभी बच्चों को सेक्टर 8 बी के स्कूल में स्थानांतरण की बात कह रहा है। जिसके बाद छात्रों में काफी उबाल उत्पन्न हो गया है। छात्रों एवं अभिभावकों का कहना है कि सेक्टर 11 के बच्चे सेक्टर 8 बी में जाकर पाठन कार्य करेंगे तो इसके लिए अभिभावकों को न केवल ड्रेस कोड की व्यवस्था करनी होगी बल्कि उन्हें टेंपो या बस का सहारा लेना पड़ेगा। यही नहीं इन बच्चियों के लिए इतनी दूर की सफर करना खतरे से भी खाली नहीं है। ऐसे में प्रबंधन से अभिभावकों ने विद्यालय को खोलने की मांग करते हुए कहा की बीएसएल प्लांट लगाने के लिए हम सभी विस्थापितों ने अपनी जमीन प्रबंधन को दी थी लेकिन प्रबंधन जमीन लेकर भले ही आज प्लांट बना लिया लेकिन अब सुविधा धीरे-धीरे करके बंद कर रही है जिसे हम लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे अभिभावकों ने कहा कि इस मामले को लेकर हम लोगअभी सड़क पर आंदोलन शुरू किए हैं जरूरत पड़ी तो हम अपनी जान भी गवा देंगे लेकिन प्रबंधन के गलत नीतियों का विरोध तब तक करेंगे जब तक हमारी मांगे पूरी प्रबंधन द्वारा नहीं की जाती है।

## बोकारो में सात को 10 केंद्रों पर 5100 अभ्यर्थी देंगे सीटीईटी की परीक्षा

# शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा की है पुख्ता तैयारी : डॉ. गंगवार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** सीबीएसई (केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) की ओर से आगामी 7 जुलाई (रविवार) को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए बोकारो जिले में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें विभिन्न जगहों से आनेवाले कुल 5100 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पेपर-1 एवं पेपर-2 के लिए यह परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली प्रातः 9.30 से 12 बजे तथा दूसरी पाली अपराह्न 2.00 से 4.30 बजे तक आयोजित होगी। यानी दोनों ही पेपर ढाई-ढाई घंटे के होंगे। गुरुवार को इस आशय की जानकारी देते हुए सीटीईटी के सिटी को-आर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने बताया कि परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त आयोजन को लेकर पुख्ता तैयारी की गई है। डीपीएस बोकारो सेक्टर-4 के अलावा चिन्मय विद्यालय सेक्टर-5, डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर- 4, डीएवी सेक्टर- 6, जीजीपीएस सेक्टर- 5, एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-4, जीजीपीएस चास, श्रीअयप्पा पब्लिक स्कूल सेक्टर-5, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल सेक्टर -6 एवं होली क्रॉस स्कूल, रेलवे कॉलोनी बालीडीह को सेंटर बनाया गया है। डॉ. गंगवार ने बताया कि सीटीईटी एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है, जो शिक्षण पेशे के लिए योग्य एवं कुशल उम्मीदवारों के चयन हेतु सीबीएसई की ओर से आयोजित की जाती है। इसमें दो पेपर की परीक्षा होती है। पहला पेपर उन अभ्यर्थियों के लिए होता है, जो पहली से पांचवीं कक्षा तक पढ़ाने के लिए आवेदन करते हैं, वही दूसरा पेपर उनके लिए होता है, जो कक्षा 6 से आठवीं तक में अध्यापन के लिए अप्लाई करते हैं। दोनों ही पेपर 150-150 अंकों के होते हैं। पेपर-1 में बाल विकास और शिक्षा शास्त्र, लैंग्वेज-1 व लैंग्वेज-2, गणित और पर्यावरण अध्ययन तथा पेपर-2 में बाल विकास और शिक्षा शास्त्र, भाषा-1, भाषा-2, मैथमेटिक्स और साइंस, सोशल स्टडीज/सोशल साइंस विषयों से प्रश्न पूछे जाएंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर जांच के दौरान सख्ती से सभी गाइडलाइन के पालन का निर्देश दिया गया है। अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड के अलावा अपना कोई भी फोटोयुक्त पहचान-पत्र लेकर परीक्षा केंद्र पर आना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी नीले अथवा काले रंग की कलम का इस्तेमाल परीक्षा लिखने के लिए कर सकते हैं।

## बीसीसीएल के गार्ड की लोहा चोरों द्वारा पिटाई के विरोध में हुआ प्रदर्शन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** बीसीसीएल के गार्ड को लोहा चोरों द्वारा बंधक बना कर पिटाई किए जाने के विरोध में भूलन बरारी ऑफिस के समीप संयुक्त मोर्चा के बेनर तले एक नुक्कड़ सभा का आयोजन कर बीसीसीएल प्रबंधन खिलाफ आक्रोश प्रकट किया। बीसीसीएल प्रबंधन चैतावानी देते हुए कहा कि बीसीसीएल के गार्ड को लोहा चोरों के द्वारा बंधक बना कर पिटाई किया जाता है और प्रबंधन चुप रहती हैं। मोर्चा के नेताओं ने कहा कि बीसीसीएल के रोपवे गोदाम एवं भूलन बरारी के गोदाम से खुलेआम लोहा चोरी किया जा रहा है चोरों का हौसला इतना बुलंद है कि बीसीसीएल के 5 गार्ड को बंधक बनाकर पिटाई कर दिया जिसका शिकायत बीसीसीएल प्रबंधन एवं जिला प्रशासन को दिया गया है। लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है. इसी के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है और आगे इस पर कार्रवाई नहीं किया गया तो और भी आंदोलन किया जाएगा।

## हेमंत के तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर जनता में उत्साह : मंटू यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** झामुमो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव नेखुशी जाहिर करते हुए कहा कि झारखंड के लोकप्रिय नेता हेंमत सोरेन जी के एक बार फिर से राज्य के मुख्यमंत्री बनने पर बोकारो के आम जनता में खुशी का संचार हुआ है। उनके शपथ लेने के बाद बोकारो नयामोड़ बिरसा चौक पर पटाखा जलाया गया और मिठाई बांटी गई। झामुमो नेता मंटू यादव ने कहा है कि उच्च न्यायालय ने रिहा किया। भाजपा अपने चाल में कामयाब नहीं हो सकी। मुख्यमंत्री के रूप में पुनर्शपथ ग्रहण से पार्टी के कार्यकर्ता उत्साहित हैं। राज्य के विकास को जो रोकने का प्रयास केन्द्र की सरकार ने किया था। उसमें वह फेल हो गई। हेंमत सोरेन के सीएम बनना झारखंडी जनता की जीत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य बीके चौधरी, हसन इमाम अंसारी, फिरदौस अंसारी, मिथुन मंडल, फयाज आलम, आलोक सिंह, प्रमोद तापड़िया, सुशांत मुंडा, चंदू सिंह मुंडा, अभिमन्यु मांझी, राजकुमार सोरेन, कन्हैया सिंह, शंकर कुमार, महिला नेत्री शांति सोरेन, उदय गोस्वामी, संजय यादव, लालमोहन हेंब्रम, आकाश टुडू, दलों यादव, भारत यादव, नोवी हेंब्रम, वीरू मुंडा, पप्पू सरदार, मनोज साह, पुनीत विश्वकमा, चंदन कुमार, अशोक हेंब्रम, प्रदीप मंडल, कुंदन दास, सोहन मुर्मू, सदानंद गोप, धनेश तूरी, अर्जुन महतो, सोशल मीडिया राजू सिंह, राकेश सिन्हा, बीरबल हसदा, दिलीप ठाकुर, रामदयाल सिंह, लखी गोस्वामी, शंभू गुप्ता, भोला सिंह, फिरोज अंसारी, सरेश ठाकुर, फारूक अंसारी, जावेद अंसारी, जाहिद अंसारी, दीपक मुंडा, मागाराम डे, मनोज बावड़ी, संजय मुर्मू, राजन खान, राजा आलम इत्यादि उपस्थित थे।

# धनबाद में स्कूली छात्रों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के निदेर्शानुसार जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार ने एच.ई. स्कूल में छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने की जानकारी दी और उन्हें विभिन्न नियमों के प्रति जागरूक किया। छात्रों को बताया कि ओवरस्पीड, बाईक पर स्टंट करना, गलत दिशा में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करना, शराब पीकर वाहन चलाना, नींद की अवस्था में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय सोशल मीडिया के लिए रील्स बनाना, ओवरटेकिंग करना, इंडिकेटर का प्रयोग न करना, पैदल चलते समय बिना दाएं बाएं देखे सड़क पार करना इत्यादि सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारण है। साथ ही हेलमेट, सीट बेल्ट, इंडिकेटर, हॉर्न, शहर में दुर्घटना होने पर 108 पर कॉल तथा नेशनल हाइवे पर दुर्घटना होने पर 1033 पर कॉल कर एंबुलेंस को सूचित करने की जानकारी दी गई। छात्रों को गुड सेमरिटन (नेक नागरिक) पॉलिसी 2020 के बारे में भी विस्तृत रूप से बताया गया। जिसके अनुसार दुर्घटनाग्रस्त लोगों की मदद करने वालो को राज्य सरकार की ओर से रु 2000 तथा केंद्र सरकार की ओर से रु 5000 की प्रोत्साहन राशि एवं उपायुक्त के तरफ से प्रशस्ति पत्र देने का प्रावधान है। साथ में यह भी बताया गया कि अब पुलिस के द्वारा नेक नागरिक को थाने में बुलाकर परेशान नही किया जाता है। अगर वे स्वयं जाना चाहे तो ही जा सकते है। वहां जाने पर प्रति दिन रु 1000 की राशि देने का प्रावधान है। कार्यक्रम में दुर्घटना में मिलने वाले मुआवजा राशि के बारे में तथा ट्रैफिक नियम का पालन नहीं करने पर लगने वाले जुमार्ने के बारे में भी बताया गया। बच्चों को यह भी समझाया गया कि 18 साल होने के पहले और बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन नहीं चलाए। अगर वाहन चलाते पकड़े गए तो रु 25000 और उनके अभिभावकों को 6 महीने की जेल तक हो सकती है। बच्चों को अपने परिवार, दोस्तों और आस पड़ोस के लोगों को भी यह जानकारी देने को कहा गया। मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल राजेश कुमार, शिक्षक, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अमरेश कुमार, आई टी असिस्टेंट देवेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

### गोविंदपुर में हुए लूट कांड का हुआ उद्भेदन चार गिरफ्तार

**धनबाद :** गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोड़तोप्पा में बीते दिन लूट कांड की घटना का अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने मीडिया को बताया कि गोड़तोप्पा में हुए लूटकांड मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। लूट कांड में लूटा गया पल्सर मोटरसाइकिल एवं घटना में दोनों मोटर एवं मोबाइल फोन बरामद किया गया है। अपराधियों के नाम : मोहम्मद बबलू अंसारी, मोहम्मद जावेद अंसारी, मोहम्मद वाहिद अंसारी और संदीप पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। तथा अन्य अपराध कमी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# ठेकाकर्मियों की हड़ताल सेल में मिसाल बनेगा : बिके चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** 11जूलाई को बोकारो स्टील प्लांट मे ठेकाकर्मियों द्वारा एक दिवसीय हड़ताल कर सेल के इतिहास मे नया अध्याय जोड़ने जा रहा है कारण आजतक सेल के किसी भी प्लांट मे आज तक अपने उपर हो रहे आर्थिक और मानसिक शोषण तथा हक अधिकार के लिए कभी भी हड़ताल का सोचा भी नही था लेकिन आज बोकारो स्टील प्लांट के ठेकाकर्मियों ने पूरे प्लांट मे हड़ताल को लेकर उत्साहित है। यह बातें आज जनजागरण कार्यक्रम के तहत ब्लास्ट फर्नेस के कैन्टीन रेस्ट रूम में आयोजित संवाद मे उपस्थित सेकडो की संख्या मे उपस्थित ठेकाकर्मियों को सम्बोधित करते हुए। जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री एवं जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री सह झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय कमेटी के सदस्य बि के चौधरी ने कहा। उन्होनें आगे कहा कि सेल के बोकारो युनिट मे सर्वाधिक उत्पादन मुनाफा करने बाले प्लांट के उत्पादन मे बोकारो स्टील प्रबंधन अपने हठधर्मिता के कारण रूकावट डालने पर अमादा है। जब सेल के किसी भी स्टील प्लांट मे मेडिकल जांच के माध्यम से शुगर और ब्लडप्रेशर के नाम पर काम से हटाया नही जा रहा है तो बोकारो स्टील मे क्यों? सी एम सी एच भेल्लोर अस्पताल और अपोलो जैसे देश के प्रतिष्ठित अस्पतालों मे शुगर और ब्लडप्रेशर का मापदंड से हटकर बोकारो जनरल अस्पताल द्वारा अलग मापदंड को अपनाकर इसे हाई बताया जा रहा है। एन जे सी एस के कुछ बड़बोले नेताओं द्वारा पहले की तरह अभी से मजदूरों के बीच घड़ियालू आँसू दिखाकर बांटने और अप्रत्यक्ष रूप से प्रबंधन को साथ देने का असफल प्रयास मे लग चूका है जिसे मजदूर समझ रहा है। उसे कभी कामयाब नही होने देगा। आजतक कभी भी एन जे सी एस मे इनके मांगो को नही रखा गया है वह चाहे स्टील वेज की बात हो या प्रोफिट लिंक रिवार्ड की बात हो या समान काम का समान बेतन, साईकिल एलाउन्स, केन्टीन भत्ता, आवास की सुविधा, रात्रिपाली भत्ता ऐसे मुद्दों को आजतक नजर अंदाज करता रहा है को अब ठेकाकर्मियों को बर्दाश्त नहीं। इसलिए प्रबंधन को इस तरह के मेडिकल जांच को तत्काल रोकने का मांग करते हुए प्लांट को उत्पादन मे गतिरोध नहीं करने का सलाह बि के चौधरी ने दिया। मोके पर उपस्थित जनता मजदूर सभा के महामंत्री संदीप कुमार आस ने अपने संबोधन मे कहा कि जो मजदूर बर्षो से प्लांट मे पूरे मेहनत और इमानदारी से उत्पादन में कीर्तिमान स्थापित करते आया है उनके साथ इस तरह का कृत्य कहीं से भी मानवीय नही है। एक तरफ ठेकेदार इन्जीनियर इन्चार्य गठजोड के कारण उन मजदूरों को बीच मे हीं काम से हटा दिया जाता है मिनिमम वेज, ई एल बोनस का मांग करने लगता है इन बातों पर प्रबंधन आजतक गंम्भीरता नही दिखा पा रही है। जो उसे दिखाना चाहिए। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से संयुक्त महामंत्री एन के सिंह, एस के सिंह, रामा रवानी, लाल बाबू भारती,कान्ता रजवार, मुखतार अंसारी, सीताराम मांझी, डी के सिंह, हिरालाल मांझी, ए के महतो, रिजवान अंसारी, पी पी चक्रवर्ती, अनिल, ज्ञानी मांझी, राजेश, दिनु सिंह, शक्ति रोशन कुमार, जे एल चौधरी, आई अहमद, धर्मेंद्र प्रसाद, आशिक अंसारी, बादल कोईरी, राजेन्द्र प्रसाद, ओ पी चौहान, शशिकांत, बालेश्वर राय, विश्वजीत महंती, नाशिर अहमद खान, इत्यादि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक राज सिन्हा ने स्कूल में डीप बोरिंग का किया उद्घाटन



**धनबाद :** धनबाद विधायक राज सिन्हा ने विधायक निधि से भारती पब्लिक स्कूल मनईटांड़ के प्रांगण में जल उपलब्धता हेतु डीप बोरिंग की मांग को पूरी कर गुरुवार को विधिवत उद्घघाटन किया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष रामदरश भारती के द्वारा की गई एवं उनके द्वारा विधायक राज सिन्हा का हार्दिक स्वागत करते हुए अभार प्रकट किए गए। मौके पर मौसम सिंह, सतीश रजक, सपन कश्यप, चुन्नु सिंह, अरुण सिंह, चन्दन गोस्वामी, दीपक गुप्ता, रामचन्द्र पंडित, दीपक झा, राजेश शर्मा, मनोज मलाकार, मंजीत सिंह, अजीत शर्मा, अजन शर्मा विद्यालय के शिक्षकगण एवं शिक्षिकाएँ रमेश सिंह, सचिन कुमार, रिचा भारती, सुभाष कुमार, कंचन सिंह, सरोज पाठक, मंजू तिवारी, प्रेम शंकर मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

### देश के हर नागरिक को पौधा लगाना चाहिए : नीलकंठ



**धनबाद :** झारखंड सरकार द्वारा चिन्हित आंदोलनकारी सह भाजपा नेता नीलकंठ रवानी ने आज राजगंज मंडल के बुथ संख्या 297 मे एक पेंड माँ के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण किया ।श्री रवानी ने कहा कि देश के हर नागरिक को वृक्ष लगाना चाहिए,उन्होंने कहा कि भाजपा के इस अभियान को आमलोग प्रशंसा कर रहे हैं उन्होंने लोगो से अपने आसपास के इलाके मे पौधा रोपण करने का भी आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे देश आगे बढ़ रहा है ओर तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने कई ऐसे कदम उठाये जिनसे देश विकसित एंव प्रभावशाली होगा। मौके पर नीलकंठ रवानी, भाजयुमो के पूर्व मंडल अध्यक्ष गणेश चन्द्र रवानी, महिला मोर्चा के महामंत्री शांति देवी, सावित्री देवी, किशोर चन्द्रवंशी, मंटु रवानी, गंगाधर रवानी सहित अन्य मौजूद थे।

### विस्थापितों की समस्या जानने बेलगड़िया पहुंचे न्यायाधीश



**धनबाद :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर गुरुवार को अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन व एल ए डी सी एस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने बेलगाड़ीया टाउनशिप का दौरा किया। न्यायाधीश ने बेलगाड़ीया टाउनशीप के हर ब्लॉक का जायजा लिया। इस दौरान वहां की स्थिति देखकर न्यायाधीश ने काफी नाराजगी जताई। उपस्थित विस्थापितों में जारेडा के प्रति काफी आक्रोश था। विस्थापितों ने न्यायाधीश से अपनी समस्याओं को बताया और कहा कि वे लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। 35 चापानल में से केवल दो कारगर है वह भी विस्थापितों ने चंदा कर के बनवाया हैं। मकान जर्जर अवस्था में है कभी भी गिर सकते हैं रोजाना मकान के छज्जे गिर रहे हैं। साफ-सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। अस्पताल में भी कोई डॉक्टर नहीं रहता और ना दवाई मिलती है। न्यायाधीश ने कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार को इन समस्याओं के निदान का निर्देश दिया है। न्यायाधीश ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि झालसा के आदेश पर उन्होंने आज बेलगड़ीया टाऊनशीप का निरीक्षण किया है इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट झालसा को सौंपी जाएगी ताकि यहां रह रहे विस्थापितों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके।

### बोकारो सहित पूरे झारखंड में पान मसाला गुटखा सेवन में लगे प्रतिबंध : श्वेता सिंह



**बोकारो :** सहित पूरे झारखंड में पान मसाला, गुटका सेवन तथा बिक्री को लेकर कांग्रेस नेत्री श्वेता सिंह गुरुवार को बोकारो उपयुक्त से मिली तथा एक ज्ञापन सौंपा। बता दे की झारखंड ही नहीं पूरे देश में पान मसाला गुटका बिक्री पर प्रतिबंध लगा हुआ है। उसके बावजूद भी उसकी बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। इसी को लेकर कांग्रेस नेत्री श्वेता सिंह बोकारो उपयुक्त से मिलकर एक ज्ञापन सोफा और उन्हें इस पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया। सिंह ने कहा कि आए दिन कम उम्र के बच्चे नशे का सेवन कर रहे है। नशे के कारण नौजवान सहित कम उम्र के बच्चों में भी गंभीर बीमारी तथा कैंसर का शिकार हो रहे हैं। कैंसर भी पान मसाला गुटखा के कारण तेजी से हो रहा है। इसलिए मे बोकारो सहित पूरे झारखंड में पान मसाला गुटका पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह कर रहे हैं। देश के भविष्य कहे जाने वाली युवा पीढ़ी नशा कर अपने आप को बर्बाद कर दे तो हमारा देश का किया होगा।

### छेड़खानी के आरोपी के घर पुलिस ने बैंड बजा बजाकर चिपकाया इश्तेहार

**बोकारो :** सेक्टर 4 में एक महिला के साथ मारपीट कर छेड़खानी करने के मामले में पुलिस ने आज आरोपी के घर बैंड बाजा बजा कर इश्तिहार चिपकाया। मालूम हो की मारपीट के आरोपी अखिलेश सिंह उर्फ डब्बू सिंह के सेक्टर 4, सेक्टर के आवास संख्या 370 समेत कई उनके ढिकानों पर आज इश्तेहार चिपकाया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए सेक्टर चार थाना के दरोगा अवेंद्र कुमार साव ने बताया कि आरोपी अखिलेश सिंह उर्फ डब्बू सिंह के द्वारा महिला के साथ न केवल मारपीट की गई थी बल्कि महिला के साथ छेड़खानी का मामला भी सेक्टर चार थाने में दर्ज कराई गई। जिसका कांड संख्या 70/2024 दर्ज कराई गई थी। उन्होंने कहा कि न्यायालय के द्वारा जारी किए गए इश्तेहार को आज हम लोग तामिल कर रहे हैं। गवाहों के सामने आज उनके सभी आवास तथा प्रतिष्ठानों पर यह कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों के साथ साथ आरोपी को इसकी समुचित जानकारी मिले इसके लिए आज हम लोगों ने बैंड बजा बजाकर आरोपी के घर इश्तिहार चिपकाने का काम किया है।

## एक नजर

### जस्टिस डॉ बीआर सारंगी आज लेंगे झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ

**रांची :** नवनियुक्त जस्टिस डॉ बीआर सारंगी पांच जुलाई को झारखंड हाई कोर्ट के नए चीफ जस्टिस के रूप में शपथ लेंगे। राज्यपाल उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। शपथ ग्रहण समारोह राजभवन में सुबह 9:45 बजे होगा। इसकी जानकारी हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने दी। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की सेवानिवृत्ति के उपरांत उड़ीसा हाई कोर्ट के सीनियर जस्टिस डॉक्टर बीआर सारंगी को झारखंड हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति ने इसकी मंजूरी दी है। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस डॉक्टर बीआर सारंगी के नाम के अनुशंसा केंद्र सरकार से की थी। जस्टिस डॉक्टर बीआर सारंगी 20 जून 2013 को उड़ीसा हाई कोर्ट के जस्टिस बने थे। इससे पहले करीब 27 वर्षों तक उड़ीसा हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में उन्होंने प्रैक्टिस की थी। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा 28 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो गए थे। 29 दिसंबर से झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में जस्टिस एस चंद्रशेखर कार्य कर रहे हैं।

### अंतू तिर्की की जमानत याचिका पर सुनवाई 12 जुलाई को

**रांची :** पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में जमीन घोटाले मामले में जेल में बंद झारखंड मुक्ति मोर्चा( झामुमो) नेता अंतू तिर्की की जमानत याचिका पर गुरुवार को आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 12 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इसी वर्ष 16 अप्रैल को अंतू तिर्की को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में हैं। गिरफ्तारी के लगभग 76 दिनों बाद अंतू तिर्की ने जमानत की गुहार लगाते हुए कोर्ट में याचिका दाखिल की है। यह मामला पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ा है।

### पोटा मामले के दो आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची :** रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त सह पोटा मामले के विशेष न्यायाधीश दिवाकर पांडे की अदालत ने गुरुवार को पोटा (प्रीवेन्शन ऑफ टेररिस्ट एक्ट) के मामले में दो आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। इस केस की सुनवाई 22 वर्ष से चल रही थी। कोर्ट ने ट्रायल फेस कर रहे दारा चंद्रवंशी और रामाधार राम को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। दोनों गढ़वा जिला के निवासी हैं। ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से दो आईओ, डॉक्टर, छापेमारी दल के शामिल पुलिस कर्मी और स्थानीय लोग सहित 24 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। इसमें सात स्थानीय गवाह गवाही के दौरान मुकर गए। इसका लाभ आरोपितों को मिला। घटना को लेकर साल 2002 में पोटा अधिनियम के तहत गढ़वा जिले के रंका थाना में केस दर्ज किया गया था। चिनिया ओपी के तत्कालीन प्रभारी संजय सिंह को 21 दिसंबर, 2001 को वायरलेस पर सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश चिनिया पिकेट पर गोलाबारी कर रहे हैं। इमें रामचंद्र साही की मौत हो गई थी।

# राजभवन जा रहे सहायक पुलिसकर्मियों को पुलिस ने मोरहाबादी में रोका, तीन दिनों से कर रहे हैं आंदोलन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** सहायक पुलिस के जवानों का आंदोलन मोरहाबादी मैदान में बीते दो जुलाई से शुरू हुआ है, जो तीसरे दिन गुरुवार को भी जारी है। बारिश होने के बाद भी कई जिलों से आए सहायक पुलिसकर्मी मोरहाबादी मैदान में टेंट बना कर आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन कर रहे सहायक पुलिसकर्मी राजभवन घेराव करने जा रहे थे, जिन्हें पुलिस ने मोरहाबादी मैदान में ही रोक दिया है। अपनी मांगों के समर्थन में सहायक पुलिसकर्मी मोरहाबादी मैदान में आंदोलन कर रहे हैं। गुरुवार को तय कार्यक्रम के तहत में मोरहाबादी मैदान से राजभवन घेराव के लिए निकले थे। लेकिन भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच उन्हें मोरहाबादी मैदान में ही रोक दिया गया है। सिटी डीएसपी के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस मोरहाबादी मैदान में तैनात है और सहायक पुलिस कर्मियों को समझाने में लगी हुई है।

वहीं आंदोलन कर रहे सहायक पुलिसकर्मियों में कई महिलाएं भी शामिल हैं, जो अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ भी आंदोलन के लिए मोरहाबादी मैदान में आई हुई है। वहीं सहायक पुलिसकर्मियों के आंदोलन को देखते हुए मोरहाबादी मैदान के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनाती भी की गई है।

#### नौकरी परमानेंट करने की मांग

मोरहाबादी मैदान में आंदोलन के लिए जुटे सहायक पुलिसकर्मियों ने बताया कि वो लोग पिछले सात वर्षों से 10 हजार रुपए के मासिक मानदेय पर नौकरी कर रहे हैं। 10 हजार रुपये में परिवार का पालन पोषण करना बेहद ही मुश्किल है। झारखंड में पुलिस जवानों की कमी है। उनकी मांग है, कि उनकी सेवा को पुलिस सेवा में समायोजित किया जाए। उन्होंने बताया कि सेवा को परमानेंट करने की मांग को लेकर आंदोलन की शुरूआत कर रहे हैं। उनका कहना है कि अनुबंध के खत्म हो जाने के बाद उनके पास कुछ करने को नहीं बचेगा। पूर्व की सरकार ने आश्वासन दिया था कि तीन साल तक की ड्यूटी के बाद उन्हें परमानेंट कर दिया जाएगा। लेकिन इस संबंध में सरकार ने कोई प्रक्रिया नहीं शुरू की है इसलिए उनका आंदोलन जारी है।

#### 2500 के करीब जवानों की नियुक्ती की गई थी

बता दें कि साल 2017 में झारखंड के नक्सल प्रभावित 12 जिलों में सहायक पुलिस के जवानों की संविदा के आधार पर नियुक्ति हुई थी। पूरे राज्य में 2500 के करीब जवानों की नियुक्त हुई थी। सहायक पुलिस के जवान का अनुबंध प्रत्येक वर्ष बढ़ाया जाता है। संबंधित रेंज के डीआईजी सहायक पुलिस जवानों के कार्यों की समीक्षा करने के बाद अनुबंध को बढ़ाते हैं। सहायक पुलिस के जवान पिछले कई सालों से आंदोलन कर रहे हैं।

## रांची में कहां-कहां ट्रैफिक पोस्ट की जरूरत है चिह्नित कर बताए सरकार : हाई कोर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में राजधानी रांची में ट्रैफिक की व्यवस्था सुगम बनाने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने मौखिक कहा कि ट्रैफिक एसपी रांची शहर में ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए लगातार अभियान चलाएं। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह रांची शहर के चौक-चौराहों पर कहां-कहां ट्रैफिक पोस्ट की जरूरत है उसे चिह्नित कर कोर्ट को बताएं। इसके अलावा ट्रैफिक पोस्ट में पुलिस के लिए वॉशरूम की व्यवस्था रखें।

कोर्ट ने मौखिक कहा कि ट्रैफिक पुलिसकर्मी 12 से 14 घंटे तक ट्रैफिक नियम के पालन को लेकर सड़कों पर तैनात रहते हैं। इसलिए उनके लिए ट्रैफिक पोस्ट में वॉशरूम की व्यवस्था भी होनी चाहिए। सरकार को इस पर भी ध्यान रखने की जरूरत है। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हाल में एक सप्ताह के भीतर 156 ई रिक्शा जब्त किया गया जबकि पांच ऑटो रिक्शा को भी जब्त किया गया।

कोर्ट को यह भी बताया गया कि 20 जून से एक जुलाई तक 18725 टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर का चालान काटा गया है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि ट्रैफिक एसपी ने डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर को कहा है कि ऑटो चालकों के ब्लू रंग का ड्रेस कोड ई-रिक्शा चालकों के लिए भी करने की कार्रवाई की जाए।

कोर्ट ने रांची नगर निगम को निर्देश दिया कि ई-रिक्शा पर उनके चलने के लिए दिए गए परमिट वाले रूट चार्ट को लगाया जाए ताकि वे दूसरे रूट में अपने ई रिक्शा ना चलाएं। कोर्ट ने यह भी सुझाव दिया कि वैसे रूट में ई रिक्शा को परमिट न दिया जाए, जहां प्रतिदिन जाम की समस्या रहती है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को ट्रैफिक पोस्ट के संबंध में जानकारी देने का निर्देश देते हुए मामले के अगली सुनवाई 18 जुलाई निर्धारित की है।

## महेंद्र सिंह धोनी और साक्षी ने मनाई शादी की 15वीं वर्षगांठ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर और वर्ल्ड कप विनर टीम के कैप्टन रहे महेंद्र सिंह धोनी और उनकी पत्नी साक्षी ने गुरुवार को शादी की 15वीं वर्षगांठ मनाई। इस मौके पर साक्षी ने धोनी संग केक काटने का एक वीडियो भी जारी किया। इसमें दोनों एक-दूसरे को केक खिलाते नजर आ रहे हैं। वीडियो में धोनी परिवार का फेमस एक डॉगी भी है।

सोशल मीडिया पर साक्षी ने इस वीडियो को शेयर करते कहा कि अब उन दोनों के जीवन का 15वां साल शुरू हो रहा है। इसके साथ साक्षी ने धोनी संग जुड़ी पुरानी यादों की तस्वीरें भी शेयर की हैं। दोनों की शादी की वर्षगांठ की खबर सामने आते ही उनके चहेते सोशल मीडिया के जरिए लगातार बधाइयां दे रहे हैं।

साक्षी धोनी से सात साल छोटी हैं। बताया जाता है कि धोनी की साक्षी से पहली मुलाकात एक होटल में हुई थी, जहां वह इंटर्नशिप कर रही थी। इसके बाद दोनों की लंबे समय तक डेटिंग चली। वर्ष 2010 में देहरादून में दोनों शादी के बंधन में बंध गये। धोनी पर फिल्माई गयी एक फिल्म में इसे बखूबी दिखाया भी गया है। यह फिल्म सुपरहिट रही थी, जिसमें स्व. सुशांत सिंह राजपूत ने धोनी का किरदार निभाया था। छह फरवरी, 2015 को साक्षी ने बेटी जीवा को जन्म दिया। फिलहाल दोनों की एक ही संतान है।

रिटायरमेंट के बाद से धोनी परिजनों के साथ राजधानी रांची में रहते हैं। धोनी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। वे पेशेवर तौर पर केवल आईपीएल मैच खेलते हैं। आईपीएल-2024 में उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खेला था। धोनी का जन्मदिन भी सात जुलाई को है। इस बार वह 43 साल का हो जायेंगे।

## हाई कोर्ट में विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र मामले में सभी अपील वापस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में कांके विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण मामले में सुरेश बैठा एवं राज्य सरकार की अपील के अलावा समरी लाल की दाखिल अपील की सुनवाई गुरुवार को हुई। कोर्ट को बताया गया कि समरी लाल के खिलाफ चुनाव याचिका पर हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। इसके बाद वादी एवं प्रतिवादी ने इस अपील को वापस ले लिया गया।

सुरेश बैठा एवं राज्य सरकार की अपील वापस होने के साथ राज्य जाति छानबीन समिति को समरी लाल के मामले में अंतिम आदेश पारित करने की छूट मिल गई है। अपील पर पूर्व के सुनवाई में कोर्ट ने अंतरिम आदेश देते हुए कहा था कि राज्य जाति छानबीन समिति की जांच कांके विधायक समरीलाल के मामले में जारी रहेगी लेकिन समिति अंतिम आदेश पारित नहीं करेगी लेकिन गुरुवार को इन तीनों अपील के वापस लिए जाने के बाद यह अंतरिम राहत समाप्त हो गया है।

हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट ने समरी लाल की याचिका स्वीकार करते हुए राज्य छानबीन समिति द्वारा समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को रद्द करने को गलत करार दिया था। साथ ही राज्य छानबीन समिति द्वारा समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को खारिज किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया था।

राज्य जाति छानबीन समिति से कांके विधायक समरीलाल का जाति प्रमाण पत्र खारिज किए जाने के मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट की खंडपीठ में राज्य सरकार एवं सुरेश बैठा की अपील दाखिल की गई। समरी लाल की अपील में राज्य जाति छानबीन समिति की जांच प्रक्रिया को रोकने का आग्रह किया गया था।

पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार और सुरेश बैठा की ओर से हाई कोर्ट को बताया गया था कि समरी लाल मूल रूप से राजस्थान के निवासी हैं, उनके पूर्वज माइग्रेट होकर झारखंड आए हैं।

## कांग्रेस नेता आलोक दूबे सहित अन्य नेताओं ने झारखंड प्रभारी से की मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे सहित अन्य पार्टी नेताओं ने गुरुवार को कांग्रेस के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मुलाकात की। मुलाकात करने वाले नेताओं में लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, रमेश उरांव और फिरोज रिजवी सहित अन्य शामिल थे।

सभी ने संगठन के कार्यों में भूमिका सुनिश्चित करने के लिए मीर से मार्गदर्शन प्राप्त किया। मौके पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि झारखंड संभावनाओं का प्रदेश है। नेताओं ने कहा कि गुलाम अहमद मीर के नेतृत्व में झारखंड में पार्टी काफी मजबूती से आगे बढ़ रही है। हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन सरकार जनता की आशाओं एवं आकांक्षाओं के अनुरूप काम करती रही है। ईडी के द्वारा उन्हें गलत तरीके से जेल में बंद करने का पूरी तरह से जनता के सामने सच्चाई आ चुकी है। विधानसभा चुनाव में भाजपा को उसका माकूल जवाब मिलेगा।

## लूट की योजना बनाते दो अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**रांची :** रांची के बेड़ो थाना पुलिस ने सड़क लूट की योजना बनाते दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में राम उरांव और धीरज उरांव शामिल है। दोनों बेड़ो थाना क्षेत्र के रहने वाले है। इनके पास से दो पिस्टल ,एक देशी कट्टा, छह गोली बरामद किया गया है। बरामद एक पिस्टल में मेड इन यूएस लिखा हुआ है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बेड़ो थाना के जहानाबाज गांव के चिनियाटोली में रामउरांव हथियार के साथ घूम रहा और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के बेड़ो डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बेड़ो थाना के जहानाबाज गांव के चिनियाटोली में छापेमारी कर अपराधी राम उरांव को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। साथ ही राम उरांव के निशानदेही पर एक अन्य अपराधी धीरज उरांव के घर से एक देशी कट्टा बरामद किया ।

एसएसपी ने बताया कि पूछताछ में दोनों अपराधियों ने बताया कि सड़क लूट की घटना को अंजाम देने के प्लानिंग थी, इसी दौरान पकड़े गये।


## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद को पुण्यतिथि पर किया नमन



**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को युगपुरुष स्वामी विवेकानंद को उनकी पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए नमन किया। राज्यपाल राज भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। साथ ही उनके प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित की।

### झारखंड राज्य जूनियर और सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप 26-27 जुलाई को



**रांची :** झारखंड स्वीमिंग एसोसिएशन के द्वारा 14वीं झारखंड राज्य जूनियर और सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप 2024 का आयोजन रांची में किया जाएगा। रांची जिला तैराकी संघ की देख रेख में 26-27 जुलाई को इसका आयोजन वीर बुधू भगत एक्वेटिक स्टेडियम, खेलगांव में होना है। रांची जिला तैराकी संघ के महासचिव उपेंद्र कुमार तिवारी के मुताबिक इस चैंपियनशिप के लिए रांची जिला की टीम तैयार की जाएगी। सात जुलाई को सुबह 8:30 बजे से खेलगांव के एक्वेटिक स्टेडियम में इसका ट्रायल होगा। समूह 1-2 में ऐसे कैंडिडेट भाग लेंगे जिनका जन्म वर्ष 2007 से 2012 के बीच का हो। समूह 3-4 में 13 से 16 आयु वर्ग के कैंडिडेट शामिल होंगे।

### हाई कोर्ट में टीपीसी के जोनल कमांडर भीखन गंझू की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोयला परियोजना से टेरर फंडिंग मामले में आरोपित तृतीय प्रस्तुति समिति (टीपीसी) के जोनल कमांडर भीखन गंझू उर्फ दीपक कुमार की जमानत याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने पूर्व में भीखन गंझू की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। एनआईए से जुड़े एक मामले में वह 25 मार्च 2022 से जेल में है। मामले में एनआईए की ओर से बताया गया कि याचिकाकर्ता ने कोयला व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों से धन इकट्ठा करने में सहायता करने के इरादे से सह-अभियुक्तों के साथ एक आपराधिक साजिश रची थी और जानबूझकर लेवी से वसूली गई राशि को छुपाया था। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वह एक दैनिक श्रमिक है। लेवी वसूली से उसका कोई नाता नहीं है।

### तीसरी बार हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने पर विजय शंकर नायक ने दी बधाई

**रांची :** तीसरी बार हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने पर झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष विजय शंकर नायक ने उन्हे बधाई दिया है। श्री नायक ने आगे कहा कि झंझावातो से सबक लेकर अब हेमंत सोरेन को राज्य के गरीब गुरबा खासकर झारखंडी समाज के अंतिम पायदान मे बैठी जनता के संवैधानिक हक और अधिकार दिलाने तथा राज्य के कल्याणकारी योजनाओं से शत प्रतिशत जोड़कर लाभान्वित कराने का कार्य करना चाहिए और बेरोजगारो को रोजगार दिलाने हेतु सभी खाली पड़े पदो पर विधानसभा चुनाव से पूर्व विशेष भर्ती अभियान चलाकर कर अपना वादा को पुरा करना चाहिए।

श्री नायक ने आगे कहा की जिस तरह भारतीय जनता पार्टी के द्वारा उनके खिलाफ किए गए षड्यंत्र को उन्होने ध्वस्त कर अपने को निखार कर एक संघर्षशील नेता के रूप में जो आपने पहचान बनाई है। वह काबिले तारीफ है अगर इसी तरह जनता के बुनियादी समस्याओं के प्रति आपका ये संघर्षशील तेवर जारी रहा तो आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी का सफाया होना 100 प्रतिशत झारखंड से तय है इसको कोई माइ का लाल रोक नही सकता।

### बीएयू में जनजातीय उप योजना के तहत किसानों के बीच उन्नत किस्म के धान बीज का वितरण

**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से चल रही चावल सम्बन्धी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के ट्राइबल सब प्लान के तहत किसानों को धान की उन्नत खेती के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में रांची, खूंटी एवं गुमला जिले से आये 63 किसानों के बीच 50 एकड़ के लिए धान की उन्नत किस्म 'सी. आर. धान 320' का बीज वितरित किया गया। अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (चावल) की मुख्य अन्वेषक तथा आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजजन विभाग की सहायक आचार्य डॉ नूतन वर्मा ने बताया कि सी. आर. धान 320 झारखंड की मध्यम भूमि के लिए उपयुक्त है जो 120 दिनों में पककर तैयार हो जाती है। इसके दाने लंबे एवं पतले होते हैं, जिसकी उपज क्षमता लगभग 50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। मौके पर बीएयू के अनुसन्धान निदेशक डॉ पीके सिंह, परियोजना वैज्ञानिक डॉ अखलाक अहमद, डॉ अशोक कुमार सिंह एवं डॉ सुप्रिया सुपल सुरीन उपस्थित थे।

### रांची नगर निगम और रिलेशंस ने डीएवी गांधीनगर स्कूल में किया पौधरोपण



**रांची :** रांची नगर निगम के नगर आयुक्त अमित कुमार के निर्देश पर गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल में रिलेशंस के सहयोग से पौधरोपण किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने 51 पौधे लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लिया। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण जागरुकता के लिए सेमिनार भी आयोजित किया गया। मौके पर नगर निगम के सहायक अभियंता सौरभ केशरी ने कहा कि प्रकृति की रक्षा के लिए अब हम सभी को आगे आने की जरूरत है। पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत युद्ध स्तर पर पौधरोपण कर उनकी सेवा और देखभाल कर अपनी प्रकृति को हरा-भरा करने में हम सभी को अब आगे आने की जरूरत है। कायर्क्रम में रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, रांची नगर निगम के सुपरवाइजर राजकुमार, सुधाकर यादव, डीएवी गांधीनगर की इंचार्ज डॉ जया जायसवाल, साई कृपा के निदेशक गोपाल सिंह, लक्ष्मी सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

# आगामी पांच वर्षों में भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण हो सकता है दुगना



प्रहलाद सबनानी

आगे आने वाले लगभग 10 वर्षों में भारत में 10 करोड़ नागरिक गरीबी से निकलकर मध्यम वर्गीय परिवार बन सकते हैं, जिससे इनकी कुल संख्या 45 करोड़ हो जाएगी। जबकि हाई नेटवर्थ नागरिकों की संख्या 50 लाख के आस पास ही है। इससे नागरिकों की खरीद क्षमता बढ़ेगी और उत्पादों की खपत भी बढ़ेगी। सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि होने से गरीबी कम होती है। परंतु, महंगाई एवं विकास दर में संतुलन होना भी आवश्यक है।

पूरे विश्व में विभिन्न देशों के शेयर (पूंजी) बाजार में निवेश करने के सम्बंध में विदेशी निवेशक संस्थानों को सलाह देने वाले एक बड़े संस्थान मोर्गन स्टैनली ने हाल ही में अनुमान लगाया है कि बहुत सम्भव है कि भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे आने वाले 5 वर्षों में दुगना हो जाए।

आज खुदरा निवेशक, देशी संस्थागत निवेशक, म्यूचूअल फंड, आदि द्वारा भारतीय शेयर बाजार में औसतन लगभग 1500 करोड़ रुपए के शेयरों की रोजाना खरीद हो रही है अर्थात प्रतिदिन 1500 करोड़ रुपए भारतीय शेयर बाजार में डाले जा रहे हैं, जिसके चलते ही विदेशी निवेशक संस्थानों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में शेयर बेचे जाने के बावजूद भारतीय शेयर बाजार पर कुछ बहुत बड़ा असर होता दिखाई नहीं दे रहा है अर्थात अब भारतीय निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार को अपने दम पर सम्हाल लिया है। अब, जब भारत में कई कम्पनियां अपनी विस्तार योजनाओं को लागू करने जा रही हैं अतः इन कम्पनियों के द्वारा नए शेयर, बाजार में जारी किए जाएंगे, जिन्हें खरीदने के लिए विदेशी संस्थागत निवेशक भी अब से लगभग 6 माह बाद भारत में अपना निवेश वापिस लाएंगे।

वर्ष 1993 से वर्ष 2013 तक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में लगातार खरीद कर रहे थे और देशी संस्थागत निवेशक लगातार बेच रहे थे। वर्ष 2014 के बाद से यह सब बदलने लगा क्योंकि 2015 में पहली बार केंद्र सरकार ने प्रॉविडेंट फंड को शेयर बाजार में निवेश की अनुमति दी थी। इसी प्रकार की अनुमति 401ड योजना के अंतर्गत अमेरिका ने अपने प्रॉविडेंट फंड संस्थानों को वर्ष 1980 में दी थी। इसके बाद अमेरिकी शेयर बाजार में उच्छाल देखने को मिला था। अमेरिका में आज संस्थागत निवेशकों का लगभग 40 प्रतिशत भाग शेयर बाजार में निवेश रहता है जबकि भारत में यह अभी भी बहुत कम अर्थात लगभग 8 प्रतिशत ही है, इस प्रकार भारत को अभी तो बहुत आगे जाना है।

भारत में पिछले वर्ष घरेलू बचत 70,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास थी, उसमें से केवल 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर ही शेयर बाजार में निवेश किया गया था, को कुल घरेलू बचत का 10 प्रतिशत से भी कम है। 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सोने में निवेश होता है एवं लगभग 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का प्रॉपर्टी में निवेश होता है। इस प्रकार, भारत में शेयर बाजार में निवेश बढ़ाने की बहुत अधिक गुंजाइश मौजूद है। साथ भी अब वैश्विक स्तर पर भी यह सिद्ध हो चुका है कि सामान्यतः शेयर बाजार में सबसे अधिक रिटर्न मिलता है, अतः भारत के शेयर बाजार में निवेश आगे आने वाले समय में तेजी से बढ़ने वाला है। यदि भारत में कुल



बचत का 10 प्रतिशत से आगे बढ़कर 15 प्रतिशत निवेश शेयर बाजार में होने लगे तो केवल देशी निवेशकों का निवेश ही बढ़कर 7,500 से 8,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर जाएगा।

पिछले 10 वर्षों में भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता (मैक्रो स्टेबिलिटी) पर बहुत ध्यान दिया है। इससे मुद्रा स्फीति की दर में होने वाला उतार चढ़ाव नियंत्रण में रहा है और अब यह सबसे न्यूनतम स्तर पर आ गया है। 70-75 वर्षों में ऐसी स्थिरता देखी नहीं गई है। इसके कारण शेयर बाजार में, रुपए की बाजार कीमत में एवं बांड मार्केट आदि में सब जगह उतार चढ़ाव थम गया है और इन सभी क्षेत्रों में स्थिरता आ गई है। पिछले 10 वर्षों में भारत में बहुत अधिक आर्थिक सुधार कार्यक्रम भी लागू किए गए हैं। अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता के आने से अब हम सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर का सही तरीके से अनुमान लगा सकते हैं, जिसके चलते हमारी आय और व्यय के अनुमान भी लगभग सही स्तर पर हो पा रहे हैं। इससे, विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है और विदेशी निवेशक भी भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

भारत के नागरिकों की जेब में सीधे पैसे डालने के बजाय सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने में सरकार ने नागरिकों की भरपूर मदद की है, जैसे 3 करोड़ से अधिक मकान बनाकर गरीब वर्ग को उपलब्ध कराए गए हैं, ग्रामीण इलाकों सहित घरों में पानी उपलब्ध कराया गया है, 95 प्रतिशत से अधिक गावों में बिजली उपलब्ध कराई गई है, लगभग सभी घरों में गैस उपलब्ध कराई गई है, सड़क मार्ग विकसित किए गए हैं, गांवों में स्वास्थ्य केंद्र खोले गए, आदि। इससे नागरिकों के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ और वे कम बीमार पड़ने लगे हैं, उनके स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्चे कम हुए हैं और उनकी बचत बढ़ी है। कुल मिलाकर यह साइकल बहुत अच्छे तरीके से अपना काम करता दिखाई दे रहा है। सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने का कार्य अभी भी जारी है और तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इस सबका यह परिणाम भी हुआ है कि देश में पिछले 10 वर्षों में गरीबी आधी रह गई है और इसे शून्य पर लाने के लिए कार्य जारी है।

भारत में उत्पादों के निर्माण में आधारभूत संरचना से सबंधित लागत बहुत अधिक है। इस पर सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 14 प्रतिशत भाग खर्च हो जाता है, इससे उत्पादों की लागत तुलनात्मक रूप से बहुत बढ़ जाती है। हालांकि भारत के आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए बहुत काम हुआ है। नए नए रोड बने हैं, रेल्वे का विकास हुआ है (रेल्वे का लगभग 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है), पोर्ट का विकास हो रहा है, नए एयर पोर्ट का निर्माण हुआ है, परंतु अभी भी बहुत कुछ किया जाना शेष हैं। वर्ष 2015 ने भारत में मालगड़ियां औसतन लगभग 20 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलती थीं। अब वह औसतन लगभग 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं और आगे आने वाले 5 वर्षों में यह और आगे बढ़कर औसतन लगभग 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने लगेगी। इससे सबसे बड़ा लाभ उद्योग जगत को हुआ है, क्योंकि अब उन्हें कच्चे माल का स्टॉक कम मात्रा में रखना पड़ता है और इससे अंततः उनके द्वारा निर्मित उत्पाद की लागत कम हुई है।

पिछले कई वर्षों से विनिर्माण क्षेत्र की सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी लगातार कम होती रही थे अथवा स्थिर हो गई थी। परंतु, अब यह स्थिति भी बदलती जा रही है और आने वाले 5 वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ने जा रही है। इसके परिणाम कई क्षेत्रों जैसे सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रेल्वे, फार्मा, औटोमोबाइल, ड्रोन निर्माण, सेमी कंडक्टर, फूड प्रासेसिंग, एयरो स्पेस, आदि में दिखाई भी देने लगे हैं।

भारत शेयर बाजार पूंजीकरण की दृष्टि से विश्व में आज अमेरिका, चीन, जापान, हांगकांग के बाद 5वें स्थान पर है। तीसरे स्थान पर शीघ्र ही आ सकता है। आगामी 10 वर्षों में बहुत सम्भव है कि भारत दूसरे स्थान पर भी आ जाए क्योंकि चीन और जापान के आर्थिक क्षेत्र में जिस प्रकार की समस्याएं दिखाई देने लगी हैं, इससे अमेरिका के बाद भारत विश्व में दूसरे स्थान पर आ सकता है। हालांकि सकल घरेलू उत्पाद की दृष्टि से विश्व में भारत तीसरे स्थान पर ही आ पाएगा। वर्तमान में भारत के शेयर बाजार का पूंजीकरण लगभग 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है जबकि भारत का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ही हो पाया है।

आगे आने वाले लगभग 10 वर्षों में भारत में 10 करोड़ नागरिक गरीबी से निकलकर मध्यम वर्गीय परिवार बन सकते हैं, जिससे इनकी कुल संख्या 45 करोड़ हो जाएगी। जबकि हाई नेटवर्थ नागरिकों की संख्या 50 लाख के आस पास ही है। इससे नागरिकों की खरीद क्षमता बढ़ेगी और उत्पादों की खपत भी बढ़ेगी। सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि होने से गरीबी कम होती है। परंतु, महंगाई एवं विकास दर में संतुलन होना भी आवश्यक है। यदि मुद्रा स्फीति की दर बढ़ रही है तो यह गरीब वर्ग को सबसे अधिक प्रभावित करती है अतः विकास दर को कम रखने का प्रयास किया जाता है ताकि महंगाई की दर को कम किया जा सके। इसी नियम को विश्व के कई देश लागू कर रहे हैं इसीलिए वैश्विक स्तर पर विकास दर भी कम हो रही है। परंतु भारत में महंगाई की दर को नियंत्रण में रखने में सफलता मिली है इसीलिए भारत की विकास दर भी 7 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। हालांकि यदि महंगाई को यदि और अधिक नियंत्रण में (लगभग 3 प्रतिशत) लाया जा सके तो भारत की आर्थिक विकास दर 8 से 9 प्रतिशत तक जा सकती है। भारत की आंतरिक अर्थव्यवस्था में किसी प्रकार की जोखिम दिखाई नहीं दे रही है परंतु भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए जोखिम केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक क्षेत्र में होने वाली समस्याओं के चलते ही हो सकती है।

## संपादकीय

### लापरवाही के हादसे

उत्तर प्रदेश में हाथरस के सिकन्द्राराऊ के पुलराई गांव में आयोजित सत्संग में मची भगदड़ से 125 लोगों की मौत हो गई। अनेक लोग घायलावस्था में अस्पतालों में उपचाराधीन हैं। पुलिस के अनुसार मरने वालों की संख्या 116 बताई जा रही है। कथावाचक नारायण साकार हरिनाम जिसे विश्व हरि भी कहा जाता है, का यह सत्संग था जो एटा से अलग हुए कासगंज के पटियाली के बहादुरपुर गांव का मूल निवासी बताया जाता है। इसका असली नाम सूरजपाल जाटव है। उप्र पुलिस में कान्सटेबल जाटव छेड़खानी के मामले में निलंबित कर दिया गया था, बाद में बर्खास्त हो गया। अदालत द्वारा नौकरी बहाल किए जाने के बाद जाटव ने दावा किया कि परमात्मा से उनका सीधा संवाद होता है। इसके बाद तो उनके साथ-साथ धर्मभीरु जनता जुड़ती चली गई और बड़े-बड़े आयोजन होने लगे, जिनमें हजारों की संख्या में गरीब और वंचित शामिल होते हैं। कुचल कर मरने वालों में महिलाओं और बच्चों की संख्या ज्यादा है। तीन साल पहले इसी बाबा के इटावा के नुमाइश मैदान में हुए सत्संग के दौरान भी अफरातफरी हुई थी। बेशकीमती चश्मा और सफेद कपड़े पहनने वाले बाबा के वर्दीधारी स्वयंसेवकों की लंबी-चौड़ी फौज बताई जा रही है। कार्यक्रम के लिए प्रशासन से केवल कुछ लोगों के शामिल होने की अनुमति थी। आयोजन स्थल के भीतर की व्यवस्था का जिम्मा स्वयंसेवकों का होता है। यह भीषण त्रासदी पुलिस-प्रशासन के गैर-जिम्मेदाराना रवैये का सबब कही जाएगी क्योंकि गांव की तरफ आ रही भारी भीड़ की अनदेखी की गई। चश्मदीदों के अनुसार भक्तों में बाबा के चरण छूने की मची होड़ का नतीजा थी यह भगदड़। बाबा फरार बताया जा रहा है और उसकी लोकेशन ट्रेस करने के प्रयास जारी हैं। सत्संग के व्यवस्थापकों का कोई अता-पता नहीं है। इस तरह के आयोजनों, मेलों और विशाल कार्यक्रमों के प्रति मुस्तैदी क्यों नहीं बरती जाती। साल में कई दफा भीड़ के भगदड़ में कुचल कर मारे जाने के बावजूद सरकार की चुप्पी हैरान करने वाली प्रतीत होती है। मात्र संवेदनाएं व्यक्त करने से मृतकों के परिवार संतुष्ट नहीं हो सकते। यह बड़ी चूक है। श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए भी ऐसी चाक-चौबंद व्यवस्था की जानी जरूरी है, जिससे इस तरह के हादसों से वे सुरक्षित रहें। भले ही इस पर पड़ने वाले आर्थिक भार की वसूली व्यवस्थापकों से की जाए परंतु जनता के प्रति जिम्मेदाराना रवैया निभाने से मुकरना कतई उचित नहीं है।

## चिंतन-मनन

### शिष्य बना प्रशंसा का पात्र

गंगा किनारे गुरु अभेंद्र का आश्रम था। एक बार देश में भीषण अकाल पड़ा। गुरु अभेंद्र ने संकटग्रस्तों की मदद के उद्देश्य से अपने तीन शिष्यों को बुलाकर कहा - ऐसे संकट के समय में हमें अकाल पीड़ितों की सेवा करनी चाहिए। तुम लोग अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर भूखों को भोजन कराओ।

उनकी बात सुनकर शिष्य बोले - गुरुजी, हम इतने सारे लोगों को भोजन कैसे कराएंगे? हमारे पास न तो अन्न भंडार है और न अनाज खरीदने के लिए धन। तब गुरु अभेंद्र ने उन्हें एक थाली देते हुए कहा - यह थाली दिव्य है। तुम जितना भोजन मांगोगे, यह उतना भोजन उपलब्ध कराएगी। तीनों शिष्य थाली लेकर निकल पड़े। दो शिष्य एक स्थान पर बैठ गए। उधर से जो भी गुजरता, उसे वे भोजन कराते। किंतु तीसरा शिष्य मोहन बैठा नहीं, बल्कि घूम-घूमकर भूखों को खोजता रहा और उन्हें खाना बांटता रहा। कुछ दिनों बाद जब तीनों आश्रम लौटे, तो गुरु ने मोहन की खूब प्रशंसा की। दोनों शिष्यों को यह अजीब लगा।

उन्होंने पूछा - गुरुदेव, हमने भी तो अकाल पीड़ितों की सेवा की है। फिर मोहन की ही प्रशंसा क्यों गुरु ने उत्तर दिया - तुमने एक ही स्थान पर बैठकर पीडघ्तों की सहायता की। ऐसा करने से वे लोग तुम्हारी मदद से वंचित रह गए, जो चलकर तुम्हारे पास आने में असमर्थ थे। जबकि मोहन ने लोगों के पास जा-जाकर उन्हें भोजन कराया। उसकी सहायता अधिकतम लोगों तक पहुंची, इसलिए उसकी सेवा अधिक प्रशंसा के योग्य है। कथा का सार यह है कि वही सेवा अधिक सराहनीय होती है, जो आगे बढ़कर की जाए।

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच रचनात्मक सहयोग जरूरी



कृष्णमोहन झा

17वीं लोकसभा के अध्यक्ष रह चुके ओम बिरला जिस दिन से 18 वीं लोकसभा अध्यक्ष चुने गए उसी दिन से लोकसभा की कार्यवाही में गतिरोध की शुरूआत हो गई। उल्लेखनीय है कि उन्हें लगातार दूसरी बार सदन के अध्यक्ष की आसंदी पर आसीन होने का सौभाग्य मिला है । सत्ता पक्ष द्वारा सदन का उपाध्यक्ष पद विपक्ष को दिए जाने की मांग ठुकरा दिए जाने के कारण उनका निर्विरोध निर्वाचन संभव नहीं हो सका। उनके विरोध में विपक्ष ने के आर सुरेश को अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के रूप में उतारा था लेकिन सत्तारूढ एनडीए का संख्या बल विपक्ष से अधिक होने के कारण 18 वीं लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि मेहताब ने ओम बिरला को ध्वनिमत से अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित सत्ता पक्ष और विपक्षी दलों के मुख्य नेताओं ने ओम बिरला को सदन का अध्यक्ष चुने पर बधाई और शुभकामनाएं दी लेकिन अध्यक्ष की आसंदी पर आसीन होने के कुछ ही देर बाद जब ओम बिरला ने देश में 25 जून 1975 को लागू किए आपातकाल को काला अध्याय बताते हुए जब उसके विरोध में एक निंदा प्रस्ताव पेश किया तो सदन में विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया और नवनिर्वाचित लोकसभा अध्यक्ष ने अपने दूसरे कार्यकाल के पहले ही दिन इस हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी । सदन में दूसरी बार टकराव की स्थिति तब बनी जब कांग्रेस की टिकट पर निर्वाचित शशि थरूर ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर शपथ लेने के बाद जय संविधान कहा। इस पर लोकसभा के अध्यक्ष ने कहा कि आप संविधान की ही शपथ ले रहे हैं। अध्यक्ष की इस टिप्पणी पर हरियाणा के पांच बार के सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने खड़े होकर पूछा कि इसमें आपत्ति क्या है। लोकसभा अध्यक्ष को दीपेंद्र हुड्डा की यह बात नागवार गुजरी और उन्होंने हुड्डा से तल्ख लहजे में कहा,मुझे सलाह मत दो बैठ जाओ। विपक्ष को पांच बार के सांसद के प्रति यह तल्खी पसंद नहीं आई । सदन में आमतौर पर शांत और संयत रहने वाले एक वरिष्ठ सांसद को इस तरह डपटने के लिए सदन के बाहर भी लोकसभा के अध्यक्ष की आलोचना की गई ।

18 वीं लोकसभा के उद्घाटन सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर गत शुक्रवार को धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होने के के पूर्व ही जब विपक्ष ने नीट के मुद्दे पर चर्चा की ?मांग की तो अध्यक्ष ओम बिरला ने उसे परंपरा के विरुद्ध मानते हुए अस्वीकार कर दिया। विपक्ष ने अपनी मांग पर अड़ते हुए जब हंगामा शुरू कर दिया तो अध्यक्ष ने फिर सदन की कार्यवाही को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया। सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सत्ता पक्ष की ओर से पेश धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रारंभ बहस में में वह भाग लेने के लिए विपक्ष तैयार तो हुआ परंतु सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के भाषण में बार बार सत्ता पक्ष को उत्तेजित करने की मंशा स्पष्ट महसूस की जा सकती थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि राहुल गांधी की बहुत सी टिप्पणियां केवल अनुमान पर आधारित थीं जिनके कोई विश्वसनीय प्रमाण उनके पास नहीं थे। किसानों की उपज की एम एस पी पर खरीद और शहीद अग्निवीरों को मुआवजा के संबंध में उन्होंने जो कुछ कहा उस पर तत्काल कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जब वस्तुस्थिति से अवगत कराया तो राहुल गांधी अपनी बात के समर्थन में कोई संतोषजनक तथ्य प्रस्तुत करने में असफल रहे। हिंदू और हिंदुत्व के संबंध में उन्होंने जो तर्क दिए उसमें वे स्वयं फंसते नजर आए। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने बाद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की इन आपत्तिजनक टिप्पणियों को सदन की कार्यवाही से विलोपित कर दिया परंतु राहुल गांधी अभी भी अपनी उन आपत्तिजनक टिप्पणियों पर खेद व्यक्त करने के लिए तैयार नहीं हैं बल्कि वे तो यह कह रहे हैं कि उन्होंने कुछ गलत नहीं कहा है।

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई बहस का उत्तर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब अपना भाषण प्रारंभ किया तभी विपक्ष ने टोका-टाकी और नारेबाजी शुरू कर दी जो पूरे भाषण के दौरान जारी रही। विपक्ष से यह अपेक्षा स्वाभाविक थी कि जब उसके सभी सदस्यों के विचार सत्ता पक्ष द्वारा सुने जा चुके थे तो विपक्ष को भी प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान सदन की गरिमा को बिना आंच पहुंचाए प्रधानमंत्री के विचार सुनने चाहिए थे लेकिन विपक्ष ने नारेबाजी और शोरगुल का सिलसिला इसलिए जारी रखा ताकि प्रधानमंत्री अपना भाषण पूरा नहीं कर पाएं। आखिरकार प्रधानमंत्री ने उसी शोरगुल में अपना भाषण पूरा किया उसके बाद सदन ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर पेश धन्यवाद प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया। राज्य सभा में भी जब प्रधानमंत्री बहस का उत्तर दे रहे थे तब भी विपक्ष लगातार नारेबाजी और शोरगुल करता रहा और जब उसे यह आभास हुआ कि वह अपनी नारेबाजी और शोरगुल से प्रधानमंत्री के भाषण के प्रवाह को अवरुद्ध करने में असफल हो रहा है तब वह विपक्ष के सांसदों ने सदन से वाकआउट कर दिया। उसके बाद प्रधानमंत्री धाराप्रवाह बोलते रहे । प्रधानमंत्री का उत्तर समाप्त होने के बाद राज्य सभा ने भी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर पेश धन्यवाद प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित कर दिया। विगत दिनों संसद के दोनों सदनों में सत्रावसान के पूर्व लगभग पूरे समय सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जो टकराव देखने को मिला उसमें भविष्य में कोई कमी आने की संभावना नहीं देती। 18 वीं लोकसभा में संख्या बल के हिसाब से और ताकतवर बनकर उभरा है और सत्ता पक्ष का संख्या बल गत लोकसभा की तुलना में कम हुआ है। संख्या बल में हुए इजाफे ने विपक्ष के जोश में भी इजाफा कर दिया है। उधर दूसरी ओर सत्ता पक्ष का संख्या बल भले ही कम हुआ हो लेकिन लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभालने के लिए मिले जनादेश ने एनडीए को उत्साह से भर दिया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में कुछ बड़े और चौंकाने वाले साहसिक फैसले लेकर विपक्ष को निस्तेज करने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगी । इसमें दो राय नहीं हो सकती कि मोदी सरकार के सामने तीसरे कार्यकाल में पहले से अधिक चुनौतियां होंगी और विपक्षी इंडिया गठबंधन के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने सभी घटक दलों को एकजुट रखने की होगी।

**(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)**

# जन्म जयन्तीः रामविलास पासवान दलित महानायक एवं विकासपुरुष थे

बिहार की राजनीति में चमत्कार घटित करने वाले, भारतीय दलित राजनीति के शीर्ष नेता एवं पूर्व केन्द्रीय खाद्य आपूर्ति मंत्री श्री रामविलास पासवान का जीवन राजनीति में नये मूल्यमानक गढ़ने का प्रेरक रहा है जिन्होंने राजनीति में पाँच दशकों से भी ज्यादा समय तक सक्रिय रहकर विधायक, सांसद और केंद्रीय मंत्री तक की जिम्मेवारी बखूबी निभाई थी। पासवान को एक ऐसा नेता माना जाता है जिन्हें हर धर्म और समुदाय के लोगों का प्यार व समर्थन हासिल हुआ और वे देश में विकास पुरुष के तौर पर जाने गए। मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू के में पासवान की अहम भूमिका रही। उनके रेलमंत्रित्व काल में बिहार में कई परियोजनाएं शुरू हुईं और जिस भी मंत्रालय में वे रहे, उनकी चिंताओं के केंद्र में हमेशा गरीब-गुरबा और हाशिए पर रहनेवाले लोग ही रहे। रामविलास पासवान का जीवन दलित सशक्तिकरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का एक जीवंत दस्तावेज है। 5 जुलाई 2024 को उनका 78वां जन्म जयन्ती समारोह राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है।

रामविलास पासवान ने लोक जनशक्ति पार्टी की वर्ष 2000 में स्थापना की एवं संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी से उनका राजनीति सफर शुरू हुआ। वे अकेले ऐसे राजनीतिक व्यक्तित्व थे जिन्हें अनेक प्रधानमंत्रियों के साथ काम करने का मौका मिला और वे दो बार लोकसभा में सदन के नेता भी रहे। उन्होंने 1977 में हाजीपुर से रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीत कर एक अनूठा इतिहास बनाया। उन्होंने दलितों से लेकर सर्वहारा वर्ग के लिये हमेशा आगे बढ़कर एक कर्मयोद्धा की भाँति लड़ाई लड़ी। 1969 से अपना राजनीतिक सफर शुरू करने वाले रामविलासजी ने जेपी आन्दोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और फायरब्रांड समाजवादी के रूप मे उभरे। वे वंचित वर्गों की आवाज मुखर करने वाले तथा हाशिए के लोगों के लिए सतत संघर्षरत रहने वाले जनसेवक थे। उनका जीवन राजनीति में न केवल दलितों-वंचितों के उन्नायक महानायक बल्कि उच्च चारित्रिक एवं नैतिक मूल्यों का प्रेरक था।

पासवानजी का जन्म बिहार के खगरिया जिले के अलौली प्रखंड के शाहरबन्नी गाँव में हुआ। अनुसूचित जाति के परिवार में पिता जामुनजी पासवान एवं माता सियादेवी की कुक्षी से आपका जन्म 5 जुलाई, 1946 को हुआ। उन्होंने 1960 के दशक में राजकुमारी देवी से पहली शादी की जिसे 1981 में तलाक दे दिया था। उनकी पहली पत्नी राजकुमारी से उषा और आशा दो बेटियां हैं। 1983 में, अमृतसर से एक एयरहोस्टेस और पंजाबी हिन्दू रीना शर्मा से दूसरा विवाह किया। जिससे उनके एक बेटा और बेटी है। उनके बेटे चिराग पासवान एक अभिनेता से राजनेता बने हैं, वर्तमान में लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष है और हालही में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल कर वे अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए केन्द्रीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ह्यहनुमानह्न के रूप में वे उनके विश्वासपात्र है।

श्री रामविलास पासवान का राजनीति जीवन अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणताओं का समवाय रहा है। उन्होंने 11 बार चुनाव लड़ा और उनमें से नौ बार जीत हासिल की थी। वे सत्रहवीं लोकसभा में मोदी सरकार में एक बार फिर से उपभोक्ता मामलात मंत्री बने। बिहार में कभी बड़ी ताकत नहीं बन पाए पासवान ने दिल्ली की राजनीति में खुद को एक ताकत बनाए रखा और तीन दशकों तक देश के विभिन्न प्रधानमंत्रियों की जरूरत बने रहे। विश्वनाथ प्रताप सिंह, एच डी देवगौड़ा, इंद्रकुमार गुजराल, अटल बिहारी बाजपेयी, मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी की सरकारों में भी अहम पदों पर रहे। भारतीय राजनीति के इस जुझारू एवं जीवट वाले नेता ने राजनीति में कर्मयोगी की भाँति जीवन जीया। यह सच है कि वे बिहार के थे यह भी सच है कि वे लोजपा के थे किन्तु इससे भी बड़ा सच यह है कि वे राष्ट्र के थे, राष्ट्रनायक थे। देश की राजनीति में वे दुर्लभ एवं संवेदनशील व्यक्तित्व थे। गरीबों, वंचितों, दलितों की आवाज बनने वाले इस विलक्षण राजनेता के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की अनेक विशेषताएं थी, वे उदात्त संस्कार, लोकजीवन से इतनी निकटता, इतनी सादगी-सरलता, इतना धर्म-संस्कृतिप्रेम और इतनी सचाई ने उनके व्यक्तित्व को बहुत और बहुत ऊँचा बना दिया था। वे अन्तिम साँस तक देश की एवं दलितों-वंचितों की सेवा करते रहे। उनका निधन एक राष्ट्रवादी सोच की राजनीति एवं सर्वहारा वर्ग के मसीहा महानेता का अंत था। वे सिद्धांतों एवं आदर्शों पर जीने वाले व्यक्तियों की श्रृंखला के प्रतीक थे। उनके जीवन को राजनैतिक जीवन में शुद्धता की, मूल्यों की, संस्कृति की, दलित राजनीति की, सर्वहारा वर्ग के लिये संघर्ष की, सिद्धांतों पर अडिग रहकर न झुकने, न समझौता करने की प्रेरकता का विलक्षण एवं अनुकरणीय उदाहरण था। वे सदा दूसरों से भिन्न रहे। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। उनके जीवन से जुड़ी विधायक धारणा और यथार्थपरक सोच ऐसे शक्तिशाली हथियार थे जिसका वार कभी खाली नहीं गया। बिहार के लिए सचमुच वे 'राम' यानी सबके प्रिय एवं चेहते थे। एक युवा नेता के रूप में उन्होंने आपातकाल के दौरान अत्याचार और लोकतंत्र पर हमले का सशक्त एवं प्रभावी विरोध करते हुए अपनी स्वतंत्र राजनीतिक सोच एवं दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया।

जरूरतमंदों की सहायता करते हुए, नये राजनीतिक चेहरों को गढ़ते हुए, मुस्कराते हुए और हंसते हुए छोटों से स्नेहपूर्ण व्यवहार और हम उम्र लोगों से बेलौस हंसी-मजाक करने वाले श्री रामविलास पासवान की जिंदगी प्रेरक, अनूठी एवं विलक्षण इस मायने में मानी जाएगी कि उन्होंने जिंदगी के सारे सरोकारों को छुआ। वह राजनेता थे तो उन्होंने दलित-वंचितों के लिये आवाज उठाई, सर्वहारा वर्ग की चिन्ता की, उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उनका दृष्टिकोण व्यापक था और दलित हितों से प्रतिबद्ध था। वे दलित आंदोलनकारी और राजनीतिक घटनाक्रमों के सूत्रधार भी रहे।

- ललित गर्ग

# डीसी ने संपूर्णता अभियान का किया शुभारंभ टीवी, ब्लड शुगर आदि रोगों की दी गई जानकारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**डुमरी :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित डुमरी प्रखंड के करनी ग्राम पंचायत भवन में आज संपूर्णता अभियान की शुरूआत की गई। यह अभियान केंद्र सरकार ने देश के अत्यंत पिछड़े जिलों व प्रखंडों में सेवा वितरण व शासन स्तर में सुधार के उद्देश्य से प्रारंभ कर रही है ।ऐसे चिन्हित इलाकों में विकास संबंधी निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए नीति आयोग द्वारा 06 संकेतकों का निर्धारण करते हुए विकासात्मक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत 30 सितंबर तक स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आदि जैसे विकास कार्यों पर मुख्य रूप से फोकस किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, नीति आयोग के असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर करन कुमार सिंह सहित सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। गुमला उपायुक्त ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम की शुरूआत जिला या प्रखंड कार्यालय से भी की जा सकती थी। आपका पंचायत सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित हैं । आपके पंचायत में पहुंचने के लिए छत्तीसगढ़ के रास्ते से भि आना होता है। सरकारी सुविधाओं को सुदूरवर्ती से क्षेत्र में पहुंचाना उद्देश्य है। सभी का लक्ष्य यही है कि केंद्र एवं राज्य के योजनाओं से आपको आच्छादित करना हैं। नीति आयोग का आह्वान है संपूर्णता अभियान से छूटे हुए लोगों को योजनाओं को लाभ देना है। सरकार को मूलभूत योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना है। केवल कागज पर नहीं वास्तव में लोगों तक योजनाओं को पहुंचाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कीमें भेंट या उपकार स्वरूप नहीं दी जा रही है। आपके पैसे से ही स्कीम चलती है। आपका अधिकार है, जागरुकता में कमी है इसलिए योजनाएं नहीं मिली। अपने अधिकारों को लिए स्वयं को जागरूक करें एवं अपने आवाज



को बुलंद करें। मार्च 2025 तक ज्यादा समय लगने वाले योजनाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी आदि से डुमरी के शत प्रतिशत घरों के आच्छादित करने का लक्ष्य है। आप सभी इस मुहिम की भागीदारी लेंगे। आपको सहयोग महत्वपूर्ण है आपको संतुष्ट नहीं होना है जब तक योजनाओं का लाभ नहीं मिलता है तब तक हम पर दबाव बनाए रखें। कार्यक्रम की शुरूआत हो गया है यह कार्यक्रम 30 सितंबर तक निरंतर चलेगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आदि जैसे विकास कार्यों पर मुख्य रूप से फोकस किया जाएगा। प्रखंड को शत प्रतिशत योजनाओं से आच्छादित करने का लक्ष्य है। उप विकास आयुक्त ने कहा की 39 इंडिकेटर्स पर काम चल रहा है, प्रखंड में उक्त इंडिकेटर में काफी आगे बढ़ चुके हैं। महत्वपूर्ण इंडिकेटर्स को पूर्ण करने के लिए इस माह में कार्य किया जाएगा। गर्भवती महिलाओं का देखभाल, कृषि में सॉइल हेल्थ कार्ड, एसएचजी समूह को ऋण उपलब्ध कराने जैसे कार्य किए जाएंगे। 6 इंडिकेटर्स को चिन्हित किया गया हैं। बाकी इंडिकेटर्स पर भी कार्य किया जाएगा। सभी ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों को सहयोग करने की आवश्यकता हैं। सिविल सर्जन राजू कच्छप ने कहा की किसी भी अभियान में स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण है। अतः स्वास्थ्य संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर फोकस करना केवल डॉक्टर्स नहीं बल्कि आम नागरिकों की भी जिम्मेदारी है। इसी क्रम में उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण बातों को बताया उन्होंने कहा कि गर्भवती माता का पहले तीन महीने में रजिस्ट्रेशन होना है। ग्रामीण अपने गांव में जाकर प्रचार अवश्य करें की महिलाएं समय पर अपना रजिस्ट्रेशन एएनएम दीदी के पास करवाएं। संस्थागत प्रसव पर फोकस करना है । ताकि योजना का लाभ मिल सके एवं सही समय पर सही इलाज मिल सके। इसके अलावा उन्होंने टीबी, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर जैसे बीमारियों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी। बीडीओ उमेश स्वासी ने कहा की 39 इंडिकेटर्स पर कार्य कर रहें हैं, आंगनबाड़ी, कृषि, स्वास्थ्य शिक्षा, जैसे कार्यों पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया गया है। इस अभियान को एक नई तरीके से आज से कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मुख्य रूप से 6 इंडिकेटर्स को 30 सितंबर तक प्राप्त करना है, 1 माह तक करनी से डुमरी प्रखंड के सभी गांव तक पहुंच कर, सभी योजनाओं से आम नागरिकों को आच्छादित करना है, इंडिकेटर और लक्ष्य को प्राप्त करने की कोशिश करेंगे । इंडिकेटर्स कों साफलता पूर्वक प्राप्त करने के लिए सभी की सहयोग को आवश्यकता है। कार्यक्रम उद्घाटन के पूर्व जेएसएलपीएस के दीदी के द्वारा स्वागत कर मंच तक लाया गया । इस दौरान वहां प्रखंड स्तरीय सभी विभागों अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत स्टॉल लगाए गाएं एवं ऑन द स्पॉट वहां आए नागरिकों को योजनाओं से आच्छादित किया गया। सभी विभागों के स्टॉलों का उपायुक्त, डीडीसी, नीति आयोग सदस्य, सीएस के द्वारा निरीक्षण कर जानकारी लिया गया।

# आदिवासी सरकार में आदिवासी परिवार न्याय के दर दर भटक रहे हैं : देवेन्द्र महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** गुरुवार को जेबीकेएसएस केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो सह जेएसएसयू प्रमुख देवेंद्र नाथ महतो ने राजभवन के समक्ष पीजीटी परीक्षा में गड़बड़ी के खिलाफ चल रहे अनिश्चितकालीन आंदोलनरत छात्रों से मुलाकात कर समर्थन दिया। देवेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि 6040 हकमार नीति के तहत राज्य के अंदर नियुक्ति प्रक्रिया में भी धांधली की जा रही है, 3124 पदों में कुल 24 परीक्षा केंद्र पर परीक्षा का आयोजन किया गया था लेकिन सिर्फ चार केंद्रों से पचास प्रतिशत से ज्यादा रिजेल्ट है, सभी 11 विषयों के टॉपर यही विशेष परीक्षा केंद्र से हैं इससे प्रतीत होता है कि परीक्षाफल में सेटिंग गेटिंग हुआ है, पेपर लीक होने वाले जेएसएससी सीजीएल परीक्षा आयोजन करने वाले परीक्षा एजेंसी ही पीजीटी परीक्षा का आयोजन किया था। इसीलिए पीजीटी भर्ती में गड़बड़ी मामला का जांच सीबीआई और ईडी से कराया जाय। साथ ही देवेंद्र नाथ महतो ने डेढ़ साल पहले ड्यूटी के दौरान लापता वीरता पुरस्कार से सम्मानित सीआरपीएफ जवान बादल मुर्मू के धर्मपत्नी झानो मुर्मू मुलाकात किया। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि संथाल आदिवासी समाज से संबंध रखने वाले सरायकेला खरसावां राजनगर निवासी सीआरपीएफ जवान बादल मुर्मू चाईबासा में कार्यरत थे जो 6 जनवरी 2023 को ड्यूटी के दौरान से लापता है, डेढ़ साल बीत चुका लेकिन अभी तक विभाग को बादल मुर्मू के बारे कुछ जानकारी नहीं है। बादल मुर्मू के धर्मपत्नी अपने बेटा, भाई और मां के साथ पिछले डेढ़ महीना से राजभवन के समक्ष अनिश्चिकालीन धरना में हैं लेकिन अभी किसी ने भी मुलाकात तक नहीं किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में आदिवासी की सरकार है लेकिन आदिवासी परिवार को न्याय नहीं मिल रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

# चैनपुर बस स्टैंड में हिंदू संगठनों ने राहुल गांधी का किया पुतला दहन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**चैनपुर :** हिंदू जागरण मंच, भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल के युवाओं एवं मातृ शक्ति सहित सैकड़ों हिंदू धर्मावलंबियों ने बस स्टैंड चैनपुर में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस मौके पर तमाम हिंदू संगठनों ने राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी होश में आओ, राहुल गांधी मुदार्बाद, के नारे बुलंद किए। हिंदू जागरण मंच के प्रखंड अध्यक्ष संतोष केशरी ने कहा कि लोकसभा में राहुल गांधी कहते हैं कि जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं



वे लोग हिंसक होते है। वो सिर्फ हिंसा नफरत और असत्य बात करते हैं। हम सभी इनकी बातों का कड़ी भर्त्सना करते हैं। वहीं भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष मनोहर बड़ाइक ने कहा कि राहुल का यह बयान काफी निंदनीय है उनके इस बयान से करोड़ों हिंदू आहत हुए हैं उनको देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। वहीं मौके पर मौजूद भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि जो कांग्रेसी नेता हिंदू को हिंसक कहते है वो अपने गिरेबान में झांक कर देखे उनसे बड़ा हिंसक इस देश में कोई नहीं है। देश में आपातकाल लगा कर कांग्रेस ने जो लोगों पर हिंसा किया है वो जगजाहिर है। मौके पर मुख्य रूप से अमित किशोर पाण्डेय, बुधराम नायक अशोक सिंह, अरविंद मौर्य, दीपक रजक, शिवम केशरी प्रशांत साहू, सुभाष केशरी, जगना साहू, जागेश्वर रौतीया, सुरजन सिंह, मुकेश सिंह, निखिल सिंह, सर्वेश कुमार, राहुल केशरी, गणेश साहू, निरंजन साहू, शोभा देवी, अर्चना देवी, मंजू देवी, सावित्री देवी, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# आर.सी. प्राथमिक विद्यालय तिलवारी का भवन जर्जर, जान जोखिम में डालकर पढ़ रहे हैं बच्चे





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड के मालम पंचायत अंतर्गत आर.सी प्राथमिक विद्यालय तिलवारी का भवन अत्यंत जर्जर हो जाने के कारण विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे जान जोखिम में डालकर शिक्षा ग्रहण करने को विवस हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय का भवन मिट्टी व खपड़े का है। इधर लगातार हो रही बारिश से भवन गिरने के कगार पर है वही क्लास रूम में भी बारिश का पानी घुस कर पूरी तरह से भर जा रहा है। जिसके कारण विद्यालय में पढ़ने वाले 60 छात्र छात्राओं के पठन-पाठन में बाधा उत्पन्न हो रही है। वहीं कुछ छात्रों के माता-पिता ने कहा कि हम बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए विद्यालय भेजते हैं मगर बच्चे जान जोखिम में डालकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिससे हमें भी हमेशा डर बना रहता है। उन्होंने कहा कि दिनभर क्लास रूम में बारिश का पानी रहता है जिससे बच्चों का तबीयत बिगड़ने का भी खतरा बना रहता है। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री व गुमला विधायक भूषण तिर्की से एक भवन की मांग की है ताकि क्षेत्र के बच्चे बेहतर शिक्षक ग्रहण कर सके। इधर विद्यालय प्रबंधन समिति के वीरेंद्र मुंडा ने बताया कि विद्यालय में 60 छात्र छात्राएं पढ़ने आते हैं। मगर बरसात के कारण बच्चों व शिक्षकों को भी काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि 2022 में प्रखंड विकास पदाधिकारी चैनपुर को आवेदन देकर स्थिति से अवगत कराते हुए विद्यालय भवन का मरम्मत की मांग की गई थी। मगर कहीं से किसी प्रकार का कोई मदद नहीं मिला है अब स्थानीय विधायक और सांसद का ही भरोसा है। वही इस संबंध में झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज ने कहा कि आर.सी. प्राथमिक विद्यालय तिलवारी का भवन काफी जर्जर हो गया है। बरसात के कारण बच्चों को पठन-पाठन में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। विद्यालय की जर्जर हालत से मैं गुमला विधायक भूषण तिर्की को अवगत कराते हुए बच्चों के पठन पाठन में परेशानी ना हो इसके लिए विद्यालय भवन उपलब्ध कराने की मांग करूंगा।

## विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन



**अनगड़ा :** भारतीय जनता पार्टी रांची जिला ग्रामीण की आवश्यक बैठक आदरणीय जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो के अध्यक्षता में आगामी कार्यक्रम विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन के निमित्त संपन्न हुआ । बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित स्ट मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, हटिया के लोकप्रिय विधायक नवीन जायसवाल, मनोज कुमार चौधरी, प्रदेश के उपाध्यक्ष आरती कुजूर जी, प्रदेश के प्रवक्ता रमाकांत महतो जी, कांके के विधायक समरी लाल जी, सत्यनारायण सिंह जी, पूर्व विधायक रामकुमार, पाहन जी, पूर्व विधायक जीतू चरण राम जी।

# हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने की खुशी में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जमकर की आतिशबाजी, बांटी मिठाइयां

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** झारखंड मुक्ति मोर्चा गुमला जिला समिति द्वारा माननीय विधायक सह जिला अध्यक्ष भूषण तिर्की जी के नेतृत्व में झारखंड में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को ढेरो शुभकामनाएं दी गई साथ ही जिला समिति द्वारा शहर के टावर चौक में बम पटाखे फोड़ कर आतिशबाजी कर शहर वासियों के बीच मिठाई बांट खुशियां मनाई गई और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति शहर वासियों का स्नेह और प्यार



भरपूर देखने को मिला। झामुमो विधायक भूषण तिर्की ने इस बधाई संदेश में कहा है कि झारखंड के अगले मुख्यमंत्री के रूप में पुणः हेमंत सोरेन ने बागडोर संभाला हैं ताकि झारखंड के आदिवासी मूलवासी पिछड़ा दलित किसान और अल्पसंख्यक के हितों की रक्षा हो सके और झारखंड के गरीब गुरुवा जनता का तेजी से कल्याण हो क्योंकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इससे पहले भी मुख्यमंत्री रह चुके हैं और वह बहुत तेजी से विकास कार्य करते आए है, जिसे भारतीय जनता पार्टी से रहा नहीं गया और एक साजिश के तहत उन्हें जेल में 5 महीना बिताना पड़ा जो बहुत दुख की बात है झारखंड की जनता इस चीज को देख रही है और समझ भी रही है और झारखंड के शेर शिबू सोरेन के बेटे को अधिक दिनों तक जेल के सलाखों में नहीं रखा जा सकता और न्यायपालिका पर हम लोगों को पूरा भरोसा था और भरोसा है आज उसी का कारण है कि न्यायालय न्यायपालिका ने न्याय करते हुए उन्हें जमानत पर रिहा किया और आने वाले दिनों में झारखंड विकास की तेज गति से अग्रसर होगा और झारखंड में इंडिया गठबंधन की नेतृत्व हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन निभाते आए हैं और आने वाले विधानसभा चुनाव में हम लोग सभी गठबंधन दल के लोग मिलकर भाजपा को फिर से झारखंड से बाहर का रास्ता दिखाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### दिव्यांगजनों को उपकरण का किया जाएगा वितरण

**अनगड़ा :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरवादाग में दिव्यांग अधिकार मंच के अध्यक्ष तबरेज अंसारी की सहयोग से आसरा केंद्र मा इंटर प्रईजेज अलिम्को कानपुर के सहयोग से से दिव्यांग जन एवम वरिष्ठ नागरिक का चयन किया गया। तबरेज अंसारी ने बताया कि सभी दिव्यांग संग को संस्था की तरफ से विल चेयर वाकिंग स्टीक बैसाखी ट्राई साइकिल कान का मशीन कमर बेल्ट घुटना का बेल्ट आदि उपकरण दिया जाएगा। इस बैठक में इंडिया संस्था के सामुदायिक शिछक सलिख राम मुंडा, पंचायत मुखिया सारथी देवी, रामानन्द कुमार आदि शामिल थे।

### शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे लोगों को बाइक सवार ने मारी टक्कर, बाइक सवार की मौत

**सिल्ली :** रांची पुरुलिया मार्ग झारखंड मोड़ के समीप सिल्ली रजक टोला के ग्रामीण शव को अंतिम संस्कार के लिए मुरी स्वर्ण रेखा ले जा रहे लोगों को बाइक सवार ने मारी टक्कर जिससे बाइक सवार की मौत हो गई ।जानकारी के मुताबिक सिल्ली रजक टोला निवासी कालीचरण रजक की पत्नी गीता देवी की बुधवार दोपहर निधन हो गई थी। कालीचरण अपने टोला एवम रिश्तेदार के साथ देर शाम 8बजे मुरी स्थित स्वर्ण रेखा नदी अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे थे। तभी झारखंड मोड़ के समीप होंडा शो रूम के पास पीछे से मोटरसाइकिल से तेज गति से जा रहे रामपुर लोवादाग निवासी महेंद्र महतो के पुत्र राहुल महतो ने सीधे टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जोरदार था की शव ले कर जा रहे सभी लोग गिर गए। एवम शव भी सडक किनारे दूर झाड़ी में गिरा। जिससे बाइक सवार राहुल महतो तथा मां की शव लेकर चल रहे काली चरण रजक के पुत्र रोहित कुमार रजक भी गंभीर रूप घायल हो गए। उसका भी दाहिना पैर टूट गया। दोनों घायलों को सिल्ली अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने राहुल महतो को मृत घोषित कर दिया। वही रोहित कुमार रजक का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सिंगपुर नर्सिंग होम भेज दिया गया। इधर घटना का सूचना पाकर आजसू प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र करमाली, हेमंत नायक, मनोज सिंह, शशि सोनार इत्यादि कई लोग पहुंचे।

### रेलकर्मी रथ यात्रा में सेवा देने हेतु हुए रवाना

**सिल्ली/मुरी :** रांची मंडल से संत जॉन एंबुलेंस बिग्रेड रांची डिवीजन से पुरी में लग रहे रथ यात्रा मेला में फर्स्ट एड सर्विस के तहत श्रद्धालुओं को सेवा देने के लिए मुरी कैरेज और इंजीनियरिंग विभाग के रेल कर्मी योगदान देने के लिए रवाना हुए। रेलकर्मी सर्वप्रथम मुरी से हटिया जाएंगे तदोपरांत हटिया से पुरी के लिए रवाना होंगे। रेल कर्मियों ने बताया कि 4 जुलाई से लेकर 11 जुलाई तक अपनी सेवा देंगे उसके बाद पुन: वापस आकर अपने विभाग में योगदान देंगे। रथ यात्रा मेला में जाने वालों की टीम में रविंद्र नाथ महतो, एलिजाबेथ जोसेफ, प्रवीण कुमार सिंह, संतोष कुमार बड़ाईक इत्यादि शामिल रहे।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एंव स्वच्छता यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची**

**Very short Tender No 01 of 2024-25**
Corrigendum
**PR No :- 327953 Drinking Water and Sanitation (24-25)#D**
**सूचना**

सूचित किया जाता है कि **Very Short Tender Number– 01 of 2024-25** का **Group – "C"** ( Making arrangement for providing pump driver 3 nos, (outsource) for RINPAS Kanke water supply under D .W. and S. Mechanical Division Ranchi )] को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है ।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एंव स्वच्छता यॉंत्रिक प्रमण्डल
रॉंची ।

PR.NO.328672 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(अनु०ज०जा०, अनु०जा०, अल्पसंख्यक एवं पि०वर्ग, कल्याण शाखा)**

**(अति अल्पकालिन निविदा) विज्ञापन सं०– 02 / 2024–25**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में गढ़वा जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के लिए खाद्य–अखाद्य, पठन–पाठन एवं खेल–कूद सामग्रियों का आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक–15.07.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक जिला कल्याण पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा दिनांक–16.07.2024 को अपराह्न 12:15 बजे में क्रय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ठ में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। निविदादाताओं को निविदा से संबंधित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।

सामग्रियों एवं निविदा की शर्तों की सूची :– खाद्य–अखाद्य, पठन–पाठन एवं खेल–कूद आदि सामग्रियों की सूची एवं निविदा से संबंधित शर्तों को prdjharkhand.in एवं गढ़वा जिला के Website (garhwa.nic.in) पर भी देखा जा सकता है। साथ ही जिला कल्याण कार्यालय, गढ़वा के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

ह0 / –
उप विकास आयुक्त, गढ़वा।

PR.NO.328583 Welfare(24-25):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमंडल संख्या–1, रॉंची**
**अति अल्पकालीन निविदा / कोटेशन आमंत्रण सूचना–15 / 2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1,रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 12.07.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 13.07.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 13.07.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of MCH Building (First Floor Inner) in Sadar Hospital Camp us, Ranchi for the Year 2023 - 24 | 2886200.00 | 57800.00 | 5000.00 | Three Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्ल संख्या–1, रॉंची।
PR 328621 Building(24-25)D

**समाहरणालय हजारीबाग**
**(समाज कल्याण शाखा)**

**– इच्छा की अभिव्यक्ति (पुर्नअल्पकालीन सूचना) –**

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार अधीन मिशन शक्ति के घटक संबल के तहत हजारीबाग जिलान्तर्गत संचालित वन स्टॉप सेन्टर, हजारीबाग में बचाव की स्थितियों से निपटने, जॉंच, परिवार के साथ पुनः एकीकरण, हिंसा से प्रभावित महिलाओं की चिकित्सा, विधिक और पुलिस सहायता के लिए विभिन्न स्थानों पर ले जाने आदि के लिए एक ''व्यवसायिक वाहन'' रखे जाने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति सम्बन्धी अल्पकालीन सूचना का प्रकाशन कराते हुए प्रस्ताव आमंत्रित किया गया था। निर्धारित समयावधि तक प्रस्ताव अप्राप्त रहने की स्थिति में पुनः अल्पकालीन सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है। व्यवसायिक वाहन हेतु विवरणी निम्नवत है–

| क्रम | विवरणी | मात्रा | अनुमानित अधिकतम वार्षिक दर |
|---|---|---|---|
| 1. | वन स्टॉप सेन्टर, हजारीबाग हेतु व्यवसायिक चार पहिया वाहन; वाहन चालक, ईंधन आदि सहित | एक (01) | 4,50,000 / – रूपये |

उपरोक्त विवरणी के अनुसार व्यवसायिक वाहन उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक प्रस्तावक मुहरबंद लिफाफे में प्रस्ताव जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में दिनांक– 15.07.2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक स्पीड पोस्ट / निबंधित डाक अथवा स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरांत प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त प्रस्तावों को उक्त तिथि को 03:00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के समक्ष निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोला जायेगा। इच्छा की अभिव्यक्ति से सम्बन्धित नियम एवं शर्तें पूर्ववत ही रहेगा।

ह0 / –
उपायुक्त, हजारीबाग

PR 328665 Social Welfare,Women and Child Development(24-25)#D

# उपायुक्त ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा अपूर्ण योजनाओं को पूरा करने का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में आईटीडीए एवं कल्याण विभागीय योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। पीडी आईडीटीए दीपांकर चौधरी, जिला कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र गुप्ता समेत अन्य संबंधित बैठक में मौजूद रहे. प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, साईकल वितरण, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, बिरसा आवास योजना, वन पट्टा वितरण, कब्रिस्तान, जाहेरस्थान घेराबंदी, छात्रावास निर्माण समेत अन्य विभागीय योजनाओं में अधतन प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं 2022-23 के प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 1-8) के 123293 लाभुक छात्र हैं जिनमें लगभग 2400 बच्चों को उनके बैंक खाता में त्रुटि के कारण राशि डीबीटी नहीं हो सकी, वहीं कक्षा 9 से 10 में 25546 लाभुक छात्रों में से 811 छात्रों को छात्रवृत्ति राशि नहीं मिल सकी। जिला शिक्षा पदाधिकारी को 7 दिनों में एलडीएम, बीईईओ, प्राचार्य से समन्वय बनाकर अपडेटेट बैंक खाता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि शेष सभी छात्रों को छात्रवृत्ति राशि डीबीटी किया जा सके। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल लक्ष्य 140504 छात्रों को प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति देने के विरूद्ध 131910 को भुगतान किया गया है, शेष छात्रों को 15 जुलाई तक अनिवार्य रूप से छात्रवृत्ति भुगतान का निर्देश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति राशि का भुगतान 30 जुलाई तक 2799 छात्रों को किया जाएगा।सरकारी स्कूल के बच्चों को विद्यालय आवागमन के लिए राज्य सरकार के द्वारा साईकल वितरण किया जाता है। समीक्षा में 17214 के लक्ष्य के विरूद्ध 904 छात्रों को साइकिल वितरण की जानकारी दी गई । जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रखंडों में साईकल फिटर की संख्या बढ़ायें और जल्द से जल्द कैम्प मोड में सभी बच्चों के बीच जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में साईकल वितरण सुनिश्चित करें। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी बिरसा आवास योजना में 193 के स्वीकृति के विरूद्ध 171 निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, शेष 22 लाभुकों का जल्द से जल्द आवास निर्माण पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया । उपायुक्त ने कहा कि लाभुक जल्द से जल्द आवास निर्माण पूर्ण कर नए घर में शिफ्ट हों इसके लिए संबंधित पदाधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर आवास निर्माण पूर्ण करायें।

## एक नजर

### गुमानी नदी पर बनाए गए गार्डवाल एवं रोड क्षतिग्रस्त

**बरहरवा :** झारखंड राज्य का चर्चित साहिबगंज जिला के बरहरवा प्रखंड अंतर्गत श्रीकुंड पंचायत के नया पलाशबोना चांद घाट बीते तीन चार दिन पहले हल्की हल्की वर्षा में ही चांद घाट के समीप एचएमबी प्रोजेक्ट कंपनी के द्वारा आरईओ विभाग से गुमानी नदी पर बनाए गए गार्डवाल एवं रोड क्षतिग्रस्त हो गया है। जहां लगातर रिमझिम बारिश में रोड की मिट्टी, गार्डवाल के समीप दब गया तथा गार्डवाल भी कई एक स्थान पर फटकर दरार में तब्दील हो गया। इतना ही नहीं मौके पर मौजूद आबूताहिर पिता शायर अली के द्वारा मेहनत मजदूरी कर बनाई गई शौचालय पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वही मकान का बाहरी हिस्सा चबूतरा भी फटकर दरार में तब्दील हो गया। इतना ही नही मुबारक हुसैन पिता आबुताहीर का कुर्सी लेबल तक बनाए गए आवास भी दबकर अन्य भागों में विभाजित हो गया जिससे निश्चित रूप से संवेदक के कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। जब पुराने सड़क को काटकर दबे हुए स्थान पर जेसीबी के माध्यम से मिट्टी भरा जा रहा था तब ग्रामीणों ने विरोध किया था लेकिन टेंडर के जेई तथा मुंशी कह रहा था कोई दिक्कत नही होगा हम लोग आपने हिसाब से काम कर रहा है। एक बात लोग कहते हैं कि टेंडर ठेकेदार, जेई, मुंशी सब अपना अपना पैसा अधिक से अधिक बचाने का फिराक में रहता है।

### कर्ज नहीं लौटा रहा था दोस्त, तो तीन दोस्तों ने मिलकर किया अपहरण

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के कदमा के भाटिया बस्ती के रहने वाले सुनील कुमार प्रसाद अपहरण कांड का पुलिस ने उद्वेदन कर दिया है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार आरोपीयों में धीरज बलार, सूरज प्रकाश झा और दिलीप महतो शामिल हैं। इस मामले में कपाली पुलिस ने बताया के सुनील कुमार प्रसाद और तीनों आरोपी आपस में दोस्त हैं। साल 2023 में सुनील कुमार प्रसाद ने जमशेदपुर के जवाहर नगर रोड नंबर 15 मानगो के रहने वाले धीरज बलार से 2 लाख रुपया कर्ज लिया था। वहीं मानगो के उलीडीह के रहने वाले दिलीप महतो से अपनी बीवी को मोबाइल दिलाने के नाम पर 56 हजार रुपये लिया था। यह दोनों दोस्त सुनील कुमार प्रसाद से पिछले कई महीनो से अपने पैसे वापस मांग रहे थे। पैसे नहीं मिलने पर इन तीनों दोस्त ने सुनील कुमार प्रसाद को डाबो ब्रिज बुलाया और वहीं से सफेद रंग की इनोवा क्रेटा संख्या JH05DQ 3397 से उसका अपहरण कर उसे बालीगुमा के एक गैराज में रखा गया। रात होते ही सभी ने खाना खाने के लिए घाटशिला गये। खाना खाने के बाद सभी कार से थोड़ी ही दूर पर एक खाली मैदान देखकर वहीं रात गुजारी। सुबह नहा धो रहे थे तभी अचानक पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सुनील कुमार प्रसाद को बरामद कर लिया।

### बैठक से अधिकारी गायब प्रमुख नाराज

**दुमका :** जरमुंडी प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख बसंती टुडू की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक हुई । इस बैठक में प्रखंड कार्यालय के सभी पदाधिकारी सहित उप प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जरमुंडी प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे। इस बैठक से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और बिजली विभाग के पदाधिकारी अनुपस्थित थे, जिससे प्रखंड प्रमुख नाराज थे। प्रमुख ने कहा कि वे इन दोनों विभाग के पदाधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र देंगे, ताकि इन पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके।

## अनियमित बिजली आपूर्ति से नाराज ग्रामीणों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में गुरुवार को बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र में अनियमित बिजली आपूर्ति से नाराज दर्जनों ग्रामीणों ने बोड़ाम बीडीओ नाजिया अफरोज के नाम प्रधान लिपिक को एक ज्ञापन सौंपकर अविलंब बिजली आपूर्त्ति सुधार की मांग की है। इस संबंध में भाजपा नेता विमल बैठा ने बताया कि बोड़ाम क्षेत्र के लगभग सभी गांवों में रोजाना 6 से 7 घंटे तक बिजली गुल रहती है। अभी बरसात के मौसम में अंधेरे में रहना लोगों को सांप, बिच्छु आदि जहरीले कीड़े मकोड़े का भय बना रहता है। साथ ही बच्चों के पढ़ाई लिखाई में भी असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि लाभुक जब बिजली बिल नियमित भुगतान करते है तो बिजली आपूर्ति भी सही तरीके से होना चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि हल्की बारिश होने से भी बिजली सेवा बाधित हो जाती है। ग्रामीणों ने बीडीओ से अविलंब बिजली आपूर्ति सुधार करवाने की मांग की है। ज्ञापन सौपनें वालों में आदित्य सिंह सरदार, स्वपन दास, युधिष्ठिर सिंह सरदार, राहुल महतो, सुबोध महतो, घासीराम महतो समेत अन्य लोग शामिल हैं।

## पशु सखियों को पीपीआर वैक्सिनेशन के लिए हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोरियो :** प्रखंड के पशु चिकित्सा केंद्र से गुरूवार के दिन जेएसएसपीएल के महिला मंडली से जुड़ी बारह पशु सखियों को पशुपालकों को सहायता करने के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जहां केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही पीपीआर वैक्सिनेशन प्रोग्राम के तहत बकरियों को गोट प्लेग बीमारी से बचाने के लिए यह कार्य किया जा रहा है ताकि पशुपालकों को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके। उधर प्रखंड पशुपालन विभाग और जेएसएसपीएल के संयुक्त पहल पर इस टीकाकरण कार्यक्रम को चलाया जा रहा है। उधर पशु सखियों को क्षेत्र में रवाना करने से पहले प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मुरलीधर दिनकर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जहां पशुपालन विभाग द्वारा सभी पशु सखियों को टीकाकरण से संबंधित दवाईयां और जरूरी सामानों को दिया गया। वही भ्रमणशील पशु चिकित्सक डॉक्ट उमेश कुमार ने बताया कि गोट प्लेग जैसे संक्रमक बीमारी से बकरियां मर जाती है, 80 प्रतिशत केस में बकरियों को नहीं बचाया जा सकता है, गांव के गांव बकरियां मर जाती है जिस कारण पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान होता है इसी नुकसान और बकरियों की प्रजाति को बचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा यह टीकाकरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस मौके पर एफटीसी धनलाल मिश्रा, बीपीएम महेश्वर उरांव सहित पशु चिकित्सा से जुड़े कर्मी मौजूद थे।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने साहिबगंज नगर परिषद में चलाया हल्ला बोल कार्यक्रम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** गुरुवार को साहिबगंज नगर परिषद साहिबगंज में आजसू नगर कमेटी के नगर अध्यक्ष संतोष पासवान के नेतृत्व में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी नगर के वार्ड मेंबर उपस्थित रहे। हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से जनता मूलभूत मांगों को लेकर एक विज्ञापन नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को सोपा गया। जिसमें मुख मांगे जमीन दाखिल खारिज के आवेदनों का निष्पादन, पंजी टू में दर्ज जीरो प्लॉट पर आवश्यक कार्रवाई, अबुआ आवास के लाभों के चयन में पारदर्शिता, गरीब छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र शीघ्रता से बनवा कर छात्रवृत्ति देने, नगर में 24 घंटे बिजली, सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारी के परिजनों व आश्रितों को प्राथमिकता देने, पेंशनधारियों को ससमय पेंशन देने, कार्डधारियों को समुचित राशन देने, खराब पड़े चापानलों को जल्द ठीक करने, शहर में नाली सफाई, सफाई कर्मी की स्वास्थ्य जांच, यूनिफॉर्म व समय पर वेतन देने, पिछले 2 वर्षों में हुए कर्मियों की उच्च स्तरीय जांच, अभी कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, सहायक अभियंता की संपत्ति व उनकी योग्यता से संबंधित सभी प्रमाण पत्रों की जांच कराने व उनके कार्यकाल की योजनाओं की जांच कराने की मांग शामिल है। हल्ला बोल कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडे जिला कार्यकारिणी सदस्य गोविंद पासवान, राम प्रवेश यादव, जिला संगठन सचिव विभाश कुमार, शशिकांत दुबे, सुमित कुमार मंडल, राजा केसरी, विनोद सिंह, कैलाश मंडल, सोनू मिश्रा आदि कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

## श्रावणी मेले को लेकर शिवगादी प्रबंध समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहेट :** प्रखंड में सावन के श्रावणी मेले को लेकर बीडीओ सह शिवगादी प्रबंध समिति अध्यक्ष अंशु कुमार पांडे ने बीडीओ कक्ष मे गुरुवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में कार्यकरणी अध्यक्ष रूपक साह, थाना प्रभारी पवन कुमार, प्रमुख बर्नार्ड मरांडी, अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम के आलावा अन्य शामिल हुए। इस दौरान बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 22 जुलाई से पवित्र माह सावन की शुरूआत हो रही है, शिवगादी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चचाएं की। इस दौरान वीडियो अंशु कुमार पांडे ने पेयजल, शौचालय, बिजली कांवरियों के रहने के लिए धर्मशालाओं की साफ सफाई दुरुस्त करने का निर्देश दिया। वही कांवरिया को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसका ध्यान रखने को कहा गया। वही कांवरियों के लिए दवाई, पानी के अलावा मंदिर में जल अर्पण में किसी प्रकार की असुविधा न हो मुख्य रूप से ध्यान रखा जाए। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जगह-जगह पर पुलिस बल की तैनाती हो इसके अलावा अन्य बिंदु पर बारीकी से चर्चा की गई। वहीं मौके पर बीपीओ परिरंजन प्रसाद, रजनीश पाराशर, शिवानंद शाह, गुंजन सिंघानिया, के अलावा अन्य मौजूद थे।

## इस सरकार में बिना दक्षिणा दिये गरीबों का काम नहीं हो रहा : हरेलाल महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चांडिल :** हेमंत सरकार ने पहले तो कहा कि हर साल पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे और नौकरी नहीं तो हर महीने पांच हजार/सात हजार रुपये का बेरोजगारी भत्ता देंगे। जब वायदा पूरा करने का समय आया तो जनता को परेशान करना शुरू कर दिया। जनता का ध्यान भटकाने के लिए साधारण प्रमाण पत्र, राशन, पेंशन, जमीन संबंधित कामों में गरीबों को उलझा कर रख दिया और परेशान किया जा रहा है। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने कहा है। गुरुवार को नीमडीह प्रखंड मुख्यालय में आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर आजसू ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। हल्ला बोल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरेलाल महतो ने कहा कि इस सरकार में बिना दक्षिणा देकर गरीबों का काम नहीं हो रहा है। सरकार के इस रवैये से जनता परेशान हैं। इसलिए इस लूट और झूठ के सरकार को जनता उखाड़ फेंकने के लिए भी तैयार है। हरेलाल महतो ने कहा कि उनके सेवा कार्यों तथा आंदोलन से बहुत से लोगों के पेट में दर्द होता है और होना भी चाहिए। क्योंकि जिन लोगों ने ईचागढ़ विधानसभा को अपना बपौती जागीर समझ लिया है, अब उनका जमीन खिसक रहा है। इसलिए हमें रोकने के लिए हर रोज कुछ न कुछ षडयंत्र रचा जा रहा है। वैसे लोगों से कहना चाहते हैं कि जितना षड्यंत्र रचना है रचें लेकिन निर्दोष जनता को परेशान करना बंद करें। जनता के ऊपर अत्याचार कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने कहा कि भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई इस झारखंड सरकार से जनता की भलाई की उम्मीद करना ही बेकार है। यह सरकार रोज मुख्यमंत्री बदलो कार्यक्रम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जब परिवारवाद वाली पार्टी सरकार की अगुवाई करेगी तो जनता और लोकतंत्र कैसे सुरक्षित रहेगी। इस मौके पर नीमडीह जिला परिषद सदस्य असित सिंह पात्र ने अपने संबोधन में कहा कि हर योजना में गड़बड़ी हो रही हैं। अधिकारियों के साथ उठ बैठ करने वालों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है लेकिन समाज के अंतिम व्यक्ति तक कोई लाभकारी योजना नहीं पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, जो अत्यंत गरीब परिवार हैं उन्हें प्राथमिकता नहीं दिया जा रहा है। असित सिंह पात्र ने कहा कि सरकारी सिस्टम में बिचौलिया राज स्थापित हो गया है। इस मौके पर केंद्रीय सचिव सत्यनारायण महतो, बैद्यनाथ महतो, अमूल्य महतो, प्रखंड अध्यक्ष दिगम्बर सिंह, दुर्योधन गोप, अजय सिंह, भगीरथ दास, श्यामल महतो, रमापति महतो, आलोक कुमार, सुलोचना प्रमाणिक, परशुराम गोराई, महेश्वर कुमार, उत्तम कुमार, रवि महतो, हरि नारायण सिंह, सागर गोप, सुनील गोप, बेबी गोप, मिंटू रजक, मनसा राम सिंह सरदार आदि समेत सैकड़ों आजसू कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### डीटीओ कार्यालय प्रकोष्ठ में सड़क सुरक्षा से संबंधित बैठक का हुआ आयोजन



**साहिबगंज :** जिला परिवहन कार्यालय में सड़क सुरक्षा को जिला परिवहन पदाधिकारी साहिबगंज विष्णु देव कच्छप की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा को लेकर डीएसपी साहिबगंज एवं जिला सड़क सुरक्षा सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में हिट एंड रन मामलों का त्वरित निष्पादन, गुड समारिटन (नेक नागरिक) को पहचान कर उन्हें पुरस्कृत करना एवं ड्रिंक एंड ड्राइव नशा पान करके वाहन न चलाने एवं एल्कोहल ब्रेथ एनालाइजर मशीन के इस्तेमाल हेतू सभी थाना प्रभारी को ट्रेनिंग देने को समय निर्धारित किया गया। साथ ही तेज गति वहां पर नियंत्रण हेतु रोड स्लाइडर बैरिकेड को लगाने हेतु दुर्घटना संभावित क्षेत्र को पहचान करना। बैठक में डीएसपी साहिबगंज विजय कुशवाहा, लिपिक अभिषेक कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, अनुज पराशर एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### जल जीवन मिशन के तहत नहीं हो रहा हर जल नल योजना का कार्य, ग्रामीण परेशान



**तीनपहाड़ :** राजमहल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तीनपहाड के वार्ड नं तीन में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत हर घर जल योजना से कार्य किया जा रहा है। जहां यह कार्य कनीय अभियंता लक्ष्मी नारायण सिंह एवं कार्य करने वाली एजेंसी श्रेया इंफ्राट्रक्चर के द्वारा इस कार्य को किया जा रहा है। उधर कार्यस्थल पर मनमाने तरीके से एजेंसी काम को कर रही है जिसे देखने वाला कोई भी नहीं है। प्राप्त जानकारी अनुसार एजेंसी को सड़क के नीचे 2 फीट का गड्ढा खोदकर पानी डालने का निर्देश जारी किया गया है जबकि एजेंसी जैसे तैसे ही काम को पूरा करने में लगी हुई है। वही सड़क को गड्ढा करने के बाद फिर से समतलीकरण भी करके पहले के तरह बनाकर देना है मगर इन सभी बातों को दरकिनार करके कार्य पूरा किया जा रहा है। उधर इस संबंध में कई बार कनीय अभियंता से संपर्क किया गया लेकिन उनका जवाब संतोष जनक नही रहा। इसके बाद एजेंसी के मालिक के नंबर पर कॉल किया गया तो उन्होंने कहा कि बारिश छूटेगी तो काम होगा। इधर मोहल्लेवासी नाले के गंदे पानी और दुर्गंध से परेशान है।

### वन विभाग के आईआरओ ने साहिबगंज का किया दौरा



**साहिबगंज :** आईआरओ रांची, संजीव रेड्डी गुरुवार को अपने दौरा पर साहिबगंज पहुंचे। जहां उन्होंने मंडरो स्थित फॉसिल्स पार्क, बरहरवा स्थित नगर वन एवं बड़ा बेतोना स्थित नगर वाटिका का भ्रमण किया। उन्होंने फॉसिल्स पार्क की प्रगति पर अपना सुझाव दिया एवं साथ ही साहिबगंज में चलाई जा रही अन्य योजनाओं एवं उधवा में होने वाले संबंधित कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग ने उन्हें योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। वहीं मौके पर सेवानिवृत रेंजर जीतेन्द्र दुबे, तालझारी रेंजर पंचम दुबे, बरहरवा रेंजर संजय कुमार एवं अन्य वनकर्मी मौजूद थे।

### बरगद का पेड़ गिरने से दब कर एक भैंस की हुई मौत, दो भैंस घायल

**साहेबगंज :** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के हाजीपुर दियारा गांव ओझा टोली में बुधवार देर रात्रि एक बरगद पेड़ के गिर जाने से पेड़ के नीचे बंधा तीन भैंस दब गया। जहां एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो भैंस घायल हो गया। घटना की जानकारी मुफ्फसिल थाना साथ ही वन विभाग को दिया गया।बताया जाता है, कि बारिश होने के कारण लगभग सत्तर वर्ष पुराना पेड़ गिरा कर घटना हुई। वहीं भैंस मालिक विश्वनाथ राम ने बताया की पेड़ के नीचे भैंस बांधा हुआ रात्रि के समय था जबकि जोरदार बारिश में पेड़ गिर गया। खबर लिखे जाने तक मृत भैंस पेड़ के नीचे हीं दबा पड़ा हुआ है।

### आजसू के केंद्रीय सचिव ने हरिमंदिर में माथा टेककर की क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना




**कुकड़ू :** सरायकेला-खरसावां जिला के आदरडीह चौका गांव के शिव स्थान के हरिमंदिर में चल रहे अखंड हरिनाम संकीर्तन में आजसू के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो अपने सहयोगियों के साथ हरिमंदिर पहुंचे एवं मंदिर में माथा टेककर क्षेत्र की सुख समृद्धि का कामना किया। महतो ने अखंड हरिनाम संकीर्तन का श्रवण कर प्रसाद ग्रहण भी किया। मालूम हो कि में तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का आयोजन आदरडीह चौका में सामुहिक रूप से किया जा रहा है,हरि कीर्तन नामयज्ञ में बंगाल व झारखंड के 6 हरिनाम संकीर्तन दलों द्वारा अखंड हरिनाम संकीर्तन दिन रात किया जा रहा है। वहीं हरेलाल महतो ने बताया कि आदरडीह चौका में एक दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन में शामिल होने का शौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि श्री हरि हर दु:ख को हरने वाले हैं। गांव में अखंड हरिनाम से मन पवित्र होता है। पुरे गांव में लोग हर सुख दु:ख भूलकर एकता का परिचय देते हैं। आपसी भाईचारा कायम होता है तथा ग्रामीण पुरे दिनों तक सात्विक आहार व सात्विक दिनचर्या अपनाते हैं। उन्होंने कहा कि गांव में चारों ओर भक्ति का संचार होता है, जो आज के उथल-पुथल जिंदगी में बहुत ही जरूरी है। आध्यात्मिक विकास के साथ ही एक दुसरे को सहयोग करने का पुरे गांव का शुद्धीकरण तथा साफ सफाई से स्वच्छता को भी लोग आत्मसात करते हैं। इसलिए समय समय पर ऐसा सामुहिक धार्मिक अनुष्ठान भी जीवन में जरूरी है। मौके पर अरुण महतो, अभिराम बनर्जी, पांडु कुमार, लाभा महतो आदि उपस्थित थे।

# गंगा में बढ़ा जलस्तर लोगों ने कहा-कभी भी गंगा में समा सकता है हमारा आशियाना



**भागलपुर।** के पीरपैंती प्रखंड स्थित रानीदियारा व टपुआ दियारा में लोग गंगा के बढ़ते जलस्तर को देख दहशत में आ गए हैं। गुरुवार को इस क्षेत्र के कई घर कटाव के मुहाने पर आ गए हैं। लोग अब दहशत में आ गए। उनका कहना है कि अब कभी भी हमारा घर नदी के कटाव का शिकार हो सकता है। ऐसे में अब रात को भी ठीक से नींद नहीं आ रही है। इन दोनों गांव में करीब 40 हजार लोग रहते हैं। वहीं, कई पीड़ित लोग अपना घर खाली कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करने की योजना बना रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिन लोगों के घर नदी के मुहाने पर हैं, वे कभी भी गंगा में समा सकते हैं। गुरुवार को हुए तेज कटाव का निरीक्षण करने के लिए कोई भी अधिकारी अभी तक नहीं आए। टपुआ दियारा के ग्रामीण ने कटाव वाले सारे मुहाने को दिखाया। टपुआ दियारा, रानी दियारा, तौफिल, अठनिया दियारा में कटाव जारी है। आसपास के लोगों ने बताया कि कटाव को देखते हुए आधा से ज्यादा टपुआ के निवासी अपने सामान के साथ सुरक्षित स्थानों पर जाना चाहते हैं। ताकि कटाव और बाढ़ से क्षति न पहुंचे। यह भी बताया कि अब तक लगभग आधा दर्जन ग्रामीणों के फसल वाले खेत गंगा में विलीन हो चुके हैं। इस संबंध में चरवाहों ने बताया कि बाढ़ और कटाव की वजह से खेतों में घास नहीं है। हमलोग को पशु के लिए चारा नहीं मिल पा रहा है। मजबूरन सूखी घास पशुओं को खिलानी पड़ रही है। अगर किसी को सांप बिच्छू काट ले तो उनको 20 किलोमीटर दूर जाकर रेफरल अस्पताल में इलाज कराना पड़ता है। बात करें कटाव रोकने के लिए बालू की बोरी की तो वह भी धीमी गति से कार्य किया जा रहा है। गांव के बच्चों की भी पढ़ाई लिखाई ठप है। नदी किनारे स्थित एक घर के मालिक बिरेंद्र कुमार ने कहा कि कटाव होने के डर से घर में नहीं रह पाते। छोटे बच्चे हैं। बाढ़ के डर से स्कूल नहीं जाने देते हैं। इसके कारण बच्चों की शिक्षा भी काफी प्रभावित रहती है। रेणु देवी ने कहा कि गांव कट जाता है। माल जान सब की बर्बादी होती है। हम लोग को कभी भी कुछ नहीं मिलता है। राधा देवी ने कहा कि सरकार ने अब तक कटाव पीड़ित लोगों के लिए कुछ भी व्यवस्था नहीं किया है। लोगों का एक दिन, दस दिन के बराबर कट रहा है। इधर, दो दिन से हो रही बारिश से पीरपैंती की कई सड़कों पर जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। इलाके की बड़ी आबादी संभावित खतरे को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर सुरक्षित स्थल की ओर जा रही है।

## पति ने तलवार से काटी पत्नी की हथेली



**औरंगाबाद।** में पति सुनील सिंह (48) ने तलवार से पत्नी माधुरी देवी (41) की हथेली काटकर अलग कर दिया। घटना नगर पंचायत के जंगी मोहल्ला की है। बताया जा रहा है कि सुनील सिंह शराब के नशे में गुरुवार की पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद करने लगा। घटना की सूचना मिलने के बाद देव थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने तलवार जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि FSL की टीम को भी बुलाई गई है, जो मामले की जांच कर रही है। सुनील की मां सुशीला देवी ने कहा कि पुलिस सुनील की गोली मारकर हत्या कर दें। उन्होंने बताया कि साल 2021 में उसने अपने पिता की गोली मारकर हत्या करने की कोशिश की थी, लेकिन वो बच गए थे। इस मामले में सुनील जेल भी जा चुका है। घटना के बाद चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनाई दी तो आसपास के लोग जुट गए। स्थानीय लोगों की भीड़ जुटी तो सुनील मौके से फरार हो गया। सुशीला देवी ने बताया कि जेल जाने से पहले वह कंस्ट्रक्शन कंपनी में नौकरी करता था। पिछले 4 महीने से वह बेरोजगार था। सुशीला ने कहा कि मेरी भी हत्या करना चाहता है। वो लगातार घर के सभी सदस्यों की हत्या करने की धमकी देता है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल महिला को ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

## पड़ोसियों के साथ जमीन को लेकर पहले से चल रहा था विवाद दो अन्य लोग घायल



**सीवान।** के मैरवा थाना क्षेत्र के सजना गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष में मारपीट हो गई। इसमें एक 60 साल के व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान घनश्याम दुबे के रूप में हुई है। इस हिंसक झड़प में दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं। घायल मृतक की पत्नी दुलारी देवी और उनका बेटा मुन्ना दुबे है। दोनों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक के परिजनों ने बताया कि उनका पड़ोसियों के साथ जमीन को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा था। गुरुवार को जमीन को ही लेकर कहासुनी होने लगी। इसमें मारपीट होने लगा। आगे बताया कि पड़ोसियों ने लाठी-डंडा और धारदार हथियार से हमला कर दिया है। इसमें दो लोग घायल हो गए हैं और घनश्याम दुबे की मौत हो गई है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पूरे मामले की जांच में जुट गई है। थाना प्रभारी प्रमोद साह ने बताया कि पीड़ित परिजनों का फर्द बयान लिया जा चुका है। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रमोद साह ने यह भी बताया कि परिजनों के आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। इधर, इस घटना के बाद गांव में तनाव बना है। हालांकि, पुलिस का कहना है की मामला शांत है। पुलिस अपना आगे की कार्रवाई कर रही है।

## बारिश के पानी का रास्ता रोके जाने को लेकर हुआ था विवाद सभी आरोपी गांव छोड़कर फरार



**गया।** जिले के टिकारी थाना क्षेत्र के गजराज बिगहा में बारिश के पानी का रास्ता रोके जाने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की एक महिला की पीटकर हत्या कर दी। हत्या की वारदात के बाद सभी आरोपी घर से फरार हैं। पुलिस मामले की छानबीन करने में जुटी है। वहीं शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। वही इस घटना से पूरे टिकारी क्षेत्र में रोष है। इसे जातीय संघर्ष के रूप में भी देखा जा रहा है। सुनील प्रजापति ने बताया कि शांति के गजर के पास से आगे की ओर नाली गुजर रही है। उस नाली से बरसात का पानी निकलता है। नाली का रास्ता महेश शर्मा द्वारा रोक दिया। पास शांति देवी ने विरोध किया। देखते ही देखते शांति देवी के ऊपर महेश शर्मा और उनके सहयोगी उसके ऊपर हमलावर हो गए। महेश शर्मा और उसके सहयोगियों ने शान्ति देवी की पीट पीट कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद सभी लोग गांव छोड़ कर फरार हो गए। इधर गांव वालों ने घटना की सूचना मऊ थाना को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। सुनील प्रजापति का कहना है कि यह घटना सभ्य समाज के लिए बेहद ही शर्मनाक है। नाली के पानी के लिए किसी गरीब महिला की पीट पीटकर हत्या कर देना गलत है। वहीं थानेदार राहुल कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। पीड़ित पक्ष फिलहाल मृतका के दाह संस्कार में व्यस्त है। उनके द्वारा अब तक आवेदन नहीं दिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## संक्षिप्त डायरी

### सुप्रीम कोर्ट में याचिका राज्य के सभी ब्रिज का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने की मांग



**बिहार।** में बीते 17 दिनों में छोटे-बड़े 11 पुल गिरे हैं। लगातार पुल के गिरने का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में पिछले दो साल में 12 पुलों के गिरने का हवाला दिया है। याचिका में कहा गया है कि पिछले दो सालों में दो बड़े पुलों और छोटे मझौले कई पुलों के निमार्णाधीन या बनने के फौरन बाद गिरने, ढहने और बहने की घटनाएं सामने आई हैं। पीआईएल में राज्य में मौजूद और हाल के वर्षों में हुए छोटे बड़े पुलों के सरकारी निर्माण का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने का आदेश देने की गुहार लगाई गई है। याचिका में कहा गया है कि बिहार बाढ़ प्रभावित राज्य है। यहां 68, 800 वर्ग किलोमीटर यानी 73.6 फीसद भूभाग भीषण बाढ़ की चपेट में आता है। सुप्रीम कोर्ट से बिहार के छोटे-बड़े सभी पुलों के गिरने की घटना की जांच कराने की मांग की गई है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की ओर से सुनवाई की कोई तारीख सामने नहीं है लेकिन, माना जा रहा है कि जल्द ही जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा। बिहार में लगातार रहे पुल पर CM नीतीश कुमार ने बुधवार को बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश ने बैठक में निर्देश दिया था कि पुराने पुल का निरीक्षण किया जाए। निर्देश में कहा था कि पुलों के रख-रखाव के लिए मेंटिनेंस पॉलिसी बनाई जाए। पथ निर्माण विभाग ने पुलों की मेंटिनेंस पॉलिसी बना ली है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग को भी पथ निर्माण विभाग के मेंटिनेंस पॉलिसी के अनुरूप शीघ्र मेंटिनेंस पॉलिसी तैयार करने का निर्देश दिया। सीएम ने यह भी कहा कि पथ निर्माण विभाग और ग्रामीण कार्य विभाग पुलों के रखरखाव के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया यानी SOP तैयार कर सभी पुलों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित कराए। पथ निर्माण विभाग और ग्रामीण कार्य विभाग पथों और पुलों के रखरखाव को लेकर सतर्क रहें। लगातार निगरानी करते रहें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बरतने पर जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। बिहार में बीते 24 घंटे में सीवान और छपरा जिले में एक के बाद एक 6 पुल ध्वस्त हो गए। इनसे से चार गंडकी नदी पर तो दो धमही नदी पर बने पुल गिरे हैं। नदी जोड़ो योजना के तहत इन नदियों को बनाया गया था। हाल ही में इन सभी नदी को उड़ाही की गई थी। नदी में अधिक गहराई तक मिट्टी कटाई से पुलों के पाए और उनकी गाइड वॉल की बुनियाद एक्सपोज हो गई थी। नदियों में पानी का प्रवाह बढ़ते ही ये हादसे हुए। जो पुल गिरे हैं, उनमें एक को छोड़ बाकी सभी 30-40 साल पुराने थे। बिहार में पुलों का गिरने का सिलसिला अररिया से शुरू हुआ है। अररिया में 18 जून को सिकटी में बकरा नदी पर बना पुल नदी में समा गया। इस पुल को उद्घाटन का इंतजार था। पुल 31 करोड़ रुपए की लागत से बना था। पिछले 13 साल में यह पुल तीसरी बार बन रहा था। इस मामले में दो इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने का निर्देश दिया गया है।सीवान में गंडक नहर पर बना ब्रिज गिराः अररिया हादसे के 5 दिन में दूसरा पुल ढह गया। शनिवार सुबह (22 जून को) सीवान के महाराजगंज अनुमंडल के पटेढ़ा और गरौली गांव के बीच गंडक नहर पर बना पुल अचानक टूट गया। एक पिलर के धंसते ही पुल भर-भराकर नहर में समा गया। मोतिहारी में पुल की ढलाई गिरीः एक हफ्ते में बिहार में तीसरा पुल हादसा हुआ था। मोतिहारी में एक पुल ढलाई के बाद ही ध्वस्त हो गया है। बताया जा रहा है कि पुल की ढलाई शनिवार को हुई थी, जो दूसरे दिन (23 जून को) भरभरा कर गिर गई। ग्रामीणों की नजर रविवार की सुबह इस पर पड़ी। जिसके बाद इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिले के बहादुरगंज प्रखंड में कनकई नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया है। इस कारण नदी में बना पुल का पाया धंस गया। पुल का निर्माण साल 2011 में 25 लाख रुपए की लागत से हुआ था। पुल गिरने से आवाजाही ठप हो गई। मधुबनी के मधेपुर प्रखंड में भुतही नदी पर निमार्णाधीन पुल का गार्डर गिर गिया। ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से वर्ष 2021 से ही पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। 2 दिन पहले ही गार्डर की ढलाई की गई थी। ढलाई के 2 दिन बाद ही ये भरभराकर गिर गई।आरजेडी चीफ लालू प्रसाद ने डबल इंजन की सरकार पर हमला बोला है। लालू प्रसाद यादव एक्स पर लिखा है कि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार अब इसके लिए भी विपक्ष को ही दोषी कहेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर दैनिक अखबारो की हेडलाइन की कटिंग शेयर की है। वह लिखते कि, ह्यनरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार इसका दोष भी मुगलों, अंग्रेजों और विपक्षियों को ही देंगे। कल एक ही दिन में 5 पुल ढहे। 15 दिन में 12 पुल गिर चुके हैं। पुलियों का कोई हिसाब-किताब नहीं है। वहीं, तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि **4** जुलाई यानि सुबह बिहार में एक पुल और गिरा है। **3** जुलाई को ही अकेले **5** पुल गिरे हैं। **18** जून से लेकर अभी तक **12** पुल ध्वस्त हो चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन उपलब्धियों पर एकदम खामोश एवं निरुत्तर हैं। सोच रहे हैं कि इस मंगलकारी भ्रष्टाचार को जंगलराज में कैसे परिवर्तित करें बिहार में अररिया के सिकटी में बकरा नदी पर बना पुल मंगलवार को नदी में समा गया। इस पुल को उद्घाटन का इंतजार था। पिछले 13 साल में यह पुल तीसरी बार बन रहा था। इस मामले में दो इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने का निर्देश दिया गया है।बिहार में 5 दिनों में दूसरा पुल ढह गया। शनिवार सुबह सीवान के महाराजगंज अनुमंडल के पटेढ़ा और गरौली गांव के बीच गंडक नहर पर बना पुल अचानक टूट गया। एक पिलर के धंसते ही पुल भर-भराकर नहर में समा गया। हादसे का लाइव वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ दिख रहा है कि पिलर अपनी जगह से खिसकता है, धीरे-धीरे पुल धराशायी हो जाता है। पुल के टूटने से दो गांव के बीच का आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है।

## किशनगंज के पोठिया प्रखंड की घटना दो आरोपी गिरफ्तार एक का इलाज जारी



**किशनगंज।** के पोठिया प्रखंड स्थित अरराबारी थाना क्षेत्र के धोबनिया में सड़क हादसे में दो महिला समेत एक साल की बच्ची की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार स्कूटी पर चालक नूर जमाल (23), उसकी पत्नी नाहिदा बेगम (25), साली सबीनाज (21) और उनकी एक साल की बच्ची सवार थी। यह सभी लोग अपने किसी रिश्तेदार के यहां जा रहे था। इस बीच धुमनियां के पास एक ओवर लोड ट्रक के नीचे आ जाने से घटना हो गई। फिलहाल नूर जमाल (23) की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं सूचना मिलने पर अरराबारी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर सदर थानाध्यक्ष संदीप कुमार भी सदर अस्पताल पहुंच कर आगे की कार्रवाई में जुट गए है। वहीं घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि किशनगंज के छत्तर गछ की ओर से स्कूटी पर सभी लोग आ रहे थे। इसके साथ ही उनके पीछे से एक पल्सर बाइक पर सवार युवक भी आ रहा था। इस बीच किशनगंज की ओर से आ रहे एक ट्रक से साइड लेते हुए बाइक सवार युवक आगे निकला। कुछ दूर जाते ही बाइक सवार युवक ने स्कूटी में टक्कर मार दिया। इससे स्कूटी पर सावर सभी लोग सड़क के बीचों बीच गिर पड़े। बच्ची के ऊपर चढ़ गया। सभी को रौंदते हुए ट्रक आगे बढ़ गया। इसमें स्कूटी चालक और बाइक चालक

## बक्सर में एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन



**बक्सर।** में श्रम संसाधन विभाग की ओर से जिला नियोजनालय में एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर कल यानी 5 जुलाई को संयुक्त श्रम भवन जो कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में मौजूद है वहां लगेगा। बिहार में काम करने की इच्छा रखने वाले अभ्यर्थी अपना शैक्षणिक प्रमाण पत्र लेकर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संयुक्त श्रम भवन पहुंच सकते हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी अनीश तिवारी ने बताया की रोजगार शिविर में क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड कंपनी की ओर से रोजगार का मौका दिया जायेगा। जिस भी अभ्यर्थी की उम्र 19-29 साल के बीच है। इसके साथ ही 12th पास, आईटीआई और ग्रेजुएट है। वह इसमें हिस्सा ले सकते है। कंपनी की ओर से कुल 50 पदों के लिए रिक्तियां निकाली गई है। इसमें वेतन के रूप में सीटीसी 15,250 और अन्य लाभ मिलेंगे। जिला नियोजन पदाधिकारी ने आगे कहा कि सभी लोग शैक्षणिक प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बायोडाटा, मैट्रिक, इंटर और आईटीआई के प्रमाण साथ लेकर आएंगे।

## बगहा में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं



**बगहा।** में 24 घंटे बीत जाने के बावजूद शहर में पानी निकासी की व्यवस्था न होने से लोग परेशान हैं। शहर के आधा दर्जन वार्डों की मुख्य सड़कों पर अभी भी 2 से 3 फीट पानी जमा है। इससे लोगों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है। ज्यादा वार्ड 2 के मलकौली मोहल्ले में स्थिति अत्यंत गंभीर है, जहां लोग घरों में कैद हैं। स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद को बुधवार से ही सूचित किया है। लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का कहना है कि नगर प्रशासन पानी निकासी के मुद्दे पर टालमटोल कर रहा है। इससे उनकी नाराजगी बढ़ रही है। वार्ड 30 की भी हालत खराब है, जहां नाली के पानी के कारण आवागमन मुश्किल हो गया है। सड़कों पर जलजमाव के कारण गुरुवार को अधिकतर बच्चे स्कूल नहीं जा सके। नगर प्रशासन की ओर से किए जा रहे दावे खोखले साबित हो रहे हैं। स्वच्छता पदाधिकारी अब्दुल बाकि का कहना है कि कार्यपालक पदाधिकारी के तबादला के कारण जल निकासी में दिक्कत हो रही है। बरसात पूर्व नगर के नालों की सफाई न होने और पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से शहर में जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो रही है। पर सिर्फ पैसे की बंदरबांट हुई है। नालियां एक-दूसरे से कनेक्ट नहीं है। इससे जल निकासी नहीं हो पा रही है।

## कैमूर में मंत्री ने वन महोत्सव का किया उद्घाटन हरे-भरे होंगे पहाड़





**कैमूर।** पहुंचे बिहार सरकार के जलवायु वन एवं पर्यावरण विभाग के मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने सिटी पार्क भभुआ में पेड़ लगाकर 75 वां वन महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में 4 करोड़ 10 लाख पौधे वन्य क्षेत्र के अंदर और वन्य क्षेत्र के बाहर लगाए जाएंगे। सीड बाल से पहाड़ों और जंगलों को हरा भरा किया जाएगा। सिटी पार्क भभुआ का जीर्णोधार और सौंदर्यीकरण का कार्य 50 लाख रुपए की लागत से कराया गया है। इसमें चारदीवारी निर्माण, पथ निर्माण झरना का फाउंडेशन, बच्चों के खेलने के लिए कई उपकरण लगाए गए हैं। वन महोत्सव के तहत जंगल के अंदर, बाहर , सड़कों के किनारे और सार्वजनिक स्थल पर वृक्षारोपण होगा। पूरे बिहार में 4 करोड़ 10 लाख पौधे जंगल के अंदर और जंगल के बाहर और सार्वजनिक स्थानों पर पेड़ लगेंगे । हमने वन महोत्सव के साथ वृक्ष लगाकर शुरूआत कर दिया है। पहाड़ों पर सीड बाल के माध्यम से हरा भरा करने की योजना है। पहले इस कार्य को हम लोग मैन्युअल करेंगे और आवश्यकता पड़ी तो हेलिकॉप्टर के माध्यम से भी यह कार्य करेंगे। इसके साथ ही नदियों के किनारे नेशनल हाईवे स्टेट हाईवे ,सार्वजनिक स्थल, जंगल के अंदर और जंगल के बाहर वृक्षारोपण करना है। जुलाई से अगस्त तक पूरे बिहार में तमाम पदाधिकारी, ग्रामीण, सड़क जंगल पहाड़ पर होंगे। जिससे कि बिहार को हरा भरा किया जा सके। आने वाली चुनौती जलवायु परिवर्तन की है। इसमें नरेंद्र भाई मोदी ने आह्वान किया है, एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जल जीवन हरियाली का आह्वान किया है । जो मोदी जी और नीतीश जी का संकल्प है, वह बिहार बासियों के तरफ से संकल्प को पूरा करके हरा भरा बनाएंगे। कैमूर में कुल मिलाकर 15 लाख पौधे इस बार लगाए जाएंगे। जंगल के अंदर 7 लाख 42 हजार, नहर तट पर 46000, कृषि वानिकी ,मनरेगा, जीविका दीदी, सरकारी विद्यालय और गैर सरकारी विद्यालय में 7 लाख 11 हजार पौधे लगाए जाएंगे। कुल मिलाकर 15 लाख का टारगेट रखा गया है ।



## ज्यादा देर सोने से घेर सकती हैं मोटापे से लेकर शुगर जैसी बड़ी परेशानियां

छुट्टी के दिन देर तक सोने का मन ज्यादातर हर व्यक्ति का करता है। लेकिन समस्या तब हो जाती है जब ऐसा करना आपकी आदत में शामिल हो जाए और धीरे-धीरे आपको स्वास्थ्य समस्याएं परेशान करने लगे। जी हां ज्यादा देर सोने से आपको मोटापे से लेकर शुगर जैसी बड़ी परेशानियां घेर सकती हैं। आइए जानते हैं ज्यादा देर सोने से होते हैं कौन से बड़े नुकसान।

### डायबिटीज

ज्यादा देर सोने से व्यक्ति की फिजिकल एक्टिविटी ना के बराबर हो जाती है और उसका शुगर लेवल बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। जर्नल पीएलओएस में छपी एक स्टडी के मुताबिक 9 घंटे से ज्यादा नींद लेने से व्यक्ति के शरीर में शुगर का खतरा बढ़ जाता है।

### दिल के रोग

अमेरिकन एकेडमी ऑफ स्लीप मेडिसिन में छपी स्टडी की मानें तो अधिक नींद लेने से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इस स्टडी के मुताबिक जो महिलाएं 9 से 11 घंटे की नींद लेती हैं उनमें दिल के रोग होने की संभावना 38 प्रतिशत तक बढ़ जाती है।

### डिप्रेशन की संभावना

आपको जानकर हैरानी होगी कि जरूरत से ज्यादा सोना भी डिप्रेशन का कारण बन सकता है। हाल ही में पीएलओएस में छपी एक स्टडी के मुताबिक ज्यादा सोना डिप्रेशन का कारण बन सकता है। इतना ही नहीं अधिक देर सोने से व्यक्ति के भीतर सुस्ती बनी रहती है और उसका मन रोजाना के काम में भी नहीं लगता है।

### मोटापा

ज्यादा देर सोने की वजह से फिजिकल एक्टिविटी न के बराबर हो जाती है। व्यक्ति अधिकतर समय अपना खाकर, बैठकर या फिर सोकर गुजार देता है। जो आगे चलकर वजन और मोटापा बढ़ने का कारण बनता है। इतना ही नहीं इसकी वजह से पाचन क्रिया धीमी होने लगती है और व्यक्ति को कब्ज की समस्या भी परेशान करने लगती है।



## सिर दर्द की समस्या से छुटकारा पाने के लिए शरीर को डिहाइड्रेट होने से बचाएं

अक्सर सिरदर्द की समस्या से कई लोग झूझते रहते है। ज्यादातर काम-काज का प्रेशर रहने से सिरदर्द जैसी परेशानी होती है तनाव, पर्याप्त नींद नहीं लेना, ज्यादा शोर, फोन पर ज्यादा देर बात करना, ज्यादा सोचना, थकावट, सिर में रक्तप्रवाह कम होना जैसे कई कारणों से अक्सर हम सिरदर्द जैसी परेशानी से झूझते है।
नियमित दो बार 10-20 मिनट ध्यान करने से शरीर व मन दोनों को आराम मिलता है। सिर में रक्तप्रवाह बढ़ता है। जिसके कारण आप सिरदर्द की परेशानी में राहत मिलती है। सिर दर्द की समस्या से छुटकारा पाने के लिए बेहतर होगा की आप शरीर को डिहाइड्रेट होने से बचाए जिससे बचने के लिए अच्छा होगा की आप पर्याप्त मात्रा में पानी पिए जिससे आप खुद को सिरदर्द की परेशानी से बचा सकते है। मसल्स और शरीर में खिंचाव रहने से भी सिर दर्द होता है ऐसे में बेहतर होगा की आप थोड़े-थोड़े अंतराल पर स्ट्रेचिंग करें ऐसा करना बेहतर होगा। इन उपायों को करके आप सिरदर्द की परेशानी में राहत पा सकते है। सिरदर्द की परेशानी से तुरंत राहत पाने के लिए योग कारागार उपाय है। शरीर में ऑक्सीजन की कमी से भी आप सिरदर्द जैसी समस्या में आराम पा सकते है।



# किस तरह के बर्तन में भोजन करते हैं आप, सेहतमंद रहने के लिए जानना बेहद जरूरी

**क्या आप अपने घर में प्लास्टिक के प्लेट या बर्तनों में भोजन करते हैं, अगर हां तो जल्दी ही आप डायबिटीज और हृदय रोगों का शिकार हो जाएंगे। यकीन नहीं आता है तो यहां पढ़ें कैसे घर के बर्तन आपको इन बीमारियों का शिकार बना सकते हैं।**

भारत में हमेशा से ही जितना भोजन पर ध्यान दिया जाता है, उससे कहीं ज्यादा आप किस बर्तन में भोजन कर रहे हैं, इस पर ध्यान दिया जाता है। आज के समय में लोग ज्यादातर प्लास्टिक की डिजाइनर प्लेटों में ही भोजन करना पसंद करते हैं। यही नहीं, रेस्टोरेंट में भी देखा गया है कि स्टील की थाली और कटोरी कम ही उपयोग में लाई जाती हो। लेकिन यह सेहत के लिए कतई अच्छी नहीं है। बहुत कम लोग इस बात की जानकारी रखते हैं कि हर तरह के बर्तन के अपने ही गुण और अवगुण होते हैं। शायद आपने सुना भी होगा कि तांबे के गिलास में पानी पीना बहुत ज्यादा फायदेमंद होता है। लेकिन इनमें अगर प्लास्टिक के बर्तनों की बात करें, तो इनमें कोई गुण नहीं होता। बल्कि यह आपको हृदय रोग, डायबिटीज और कैंसर जैसी बीमारियों से संक्रमित कर सकती हैं। ऐसे में आपके लिए यह जानना बेहद जरूर है कि सेहतमंद रहने के लिए आपको किस चीज के बने हुए बर्तन में भोजन करना चाहिए। भारत के गरीब और मध्यवर्गीय घरों में सबसे ज्यादा स्टील के बर्तनों का ही उपयोग किया जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह बर्तन लंबे समय तक चलते हैं। जबकि बहुत कम लोग जानते हैं कि स्टील तेल और एसिड और ग्रीस पर रिएक्ट नहीं करता। यही नहीं स्टील के बर्तनों में आयरन मौजूद होता है जो आपके शरीर में रेड ब्लड सेल्स का निर्माण करने के लिए जाना जाता है। ऐसे में अगर किसी को एनीमिया की शिकायत है तो उसे स्टील की प्लेट में भोजन करने से लाभ हो सकता है। इसके अलावा स्टील के बर्तनों को रिसाइकिल करना भी बेहद आसान होता है। कुल मिलाकर स्टील एक टिकाऊ और स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद बर्तन है जिसका उपयोग भोजन करने के लिए किया जा सकता है।

### सिरेमिक के बर्तन होते हैं केमिकल फ्री

आज के समय में सिरेमिक के बर्तन सबसे ज्यादा चलन में हैं। यह बर्तन चीनी मिट्टी के नाम से भी जाने जाते हैं। चीनी मिट्टी के बर्तनों को तैयार करने के लिए, मिट्टी को अधिक तापमान पर गर्म किया जाता है। बहुत से लोगों ने सिरेमिक के बर्तनों के अंदर भोजन पकाना भी शुरू कर दिया है। आप भी इन बर्तनों का उपयोग कर सकते हैं। यह आपके भोजन को लंबे समय तक स्वस्थ रखते हैं क्योंकि इनमें किसी तरह का कोई भी रसायन मौजूद नहीं होता।

### आयुर्वेद देता है चांदी में भोजन करने की सलाह

चांदी का उपयोग यूं तो लोग आमतौर पर गहनो के तौर पर करते हैं। लेकिन आयुर्वेद लंबे समय से चांदी के बर्तनों में भोजन करने की पैरवी करता आ रहा है। आयुर्वेद के मुताबिक चांदी के बर्तनों में ऐसे गुण होते हैं, जो आपको बदलते मौसम के साथ होने वाली बीमारियों से बचाता है। कुल मिलाकर अगर आप चांदी के बर्तन में भोजन करते हैं या पानी पीते हैं, तो यह आपको पूरी तरह स्वस्थ रखता है।



### चांदी के बर्तन में खाना खाने के फायदे

- चांदी के बर्तनों में अर्क होता है जो आपके मस्तिष्क की शक्ति में बढ़ोतरी करता है।
- अगर नन्हे शिशुओं को चांदी के बर्तन में दूध पिलाया जाए तो अधिक स्वस्थ रहते हैं।
- चांदी के गिलास में पानी पीना भी बहुत फायदेमंद माना जाता है। दरअसल चांदी के अंदर ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो पानी के अंदर मौजूद किसी भी तरह की अशुद्धियों से लड़ने का कार्य करते हैं।

### मेटाबॉलिज्म तेज करता है तांबे का बर्तन



तांबे के बर्तनों का उपयोग पहले के समय में बहुत अधिक किया जाता था। बताया जाता है कि तांबे का संबंध सूर्य और आग से होता है। तांबे की थाली में भोजन करने से अग्नि में वृद्धि होती है। जिसके कारण आपका मेटाबॉलिज्म तेज होता है इसके अलावा भी तांबे की थाली या बर्तन में भोजन करने के कई फायदे हैं जो कुछ इस प्रकार हैं।

### तांबे के बर्तन में खाने के फायदे

- वजन घटाने में
- बॉडी को डिटॉक्सिफाई करने में
- हीमोग्लोबिन बढ़ाने में
- पाचन शक्ति बढ़ाने में
- हृदय रोग से बचाने में
- ब्लड प्रेशर को संतुलित करें
- स्किन को बेहतर करें और बढ़ती उम्र के असर को कम करें
- जोड़ों के दर्द और मस्कुलर दर्द से राहत

### यादद‍ाश्त तेज करता है सोने का बर्तन

सोने का उपयोग आज भारतीय महिलाएं गहनों के तौर पर ही करती हैं। लेकिन एक समय ऐसा भी था जब लोग सोने के बर्तनों में ही खाना खाया करते थे। वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो आज भी सोने के बर्तनों में ही भोजन करना पसंद करते हैं। आपको बता दें कि सोने के बर्तन में भोजन करने से आपकी याददाश्त तेज होती है। ऐसे में सोने के बर्तन का उपयोग अल्जाइमर की बीमारी में भी फायदेमंद होता है। यही नहीं आयुर्वेद के अनुसार सोने के बर्तनों में भोजन करने से वात पित्त और कफ दोषों को भी संतुलित किया जा सकता है।



## स्वास्थ्य और पर्यावरणीय कारणों से अधिक लोकप्रिय हो रहे हैं पौधों पर आधारित आहार

**पौधों पर आधारित आहार स्वास्थ्य और पर्यावरणीय कारणों से अधिक लोकप्रिय हो रहे हैं, क्योंकि इनमें पशु कल्याण शामिल है। जो लोग इस आहार का पालन करते हैं, वे अक्सर पर्याप्त प्रोटीन प्राप्त करने की चिंता करते हैं, खासकर क्योंकि कई प्रकार के मांस और डेयरी उत्पाद हैं जो प्रोटीन में उच्च होते हैं। दाल, बादाम, और बाजरा सभी पौधों के प्रोटीन में उच्च होते हैं और स्वस्थ, संतुलित आहार के हिस्से के रूप में नियमित रूप से खाए जा सकते हैं। उदाहरण के लिए, बादाम न केवल पोषण में उच्च होते हैं, बल्कि विभिन्न प्रकार के व्यंजनों में एक अनूठी बनावट भी जोड़ते हैं, चाहे वह मीठा हो या नमकीन। वे पौधे आधारित प्रोटीन का एक बड़ा स्रोत हैं और बादाम दूध, बादाम का आटा, कच्चा, भुना हुआ, हल्का नमकीन, आदि सहित विभिन्न तरीकों से खाया जा सकता है।**

यह एक मिथक है कि पौधे आधारित आहार में पर्याप्त प्रोटीन नहीं होता है। दिलचस्प बात यह है कि मैंने सुना है कि 100 ग्राम बादाम में लगभग 21 ग्राम प्रोटीन होता है। और विटामिन ई, मैग्नीशियम, प्रोटीन, राइबोफ्लेविन और जिंक जैसे 15 से अधिक पोषक तत्वों से भी भरपूर हैं। मैं लंबे समय में विश्वास करता हूं, संतुलित आहार खाना अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है और मैं हमेशा स्वस्थ पौधे-आधारित प्रोटीन शामिल करता हूं जैसे कि बादाम, छोले और टोफू को अपने भोजन में अधिक पौष्टिक और स्वस्थ बनाने के लिए।
न्यूट्रिशन एंड वेलनेस कंसल्टेंट शीला कृष्णा ने कहा, प्रोटीन ऊतकों, मांसपेशियों, हार्मोन और एंजाइम के निर्माण के लिए और शरीर में कोशिकाओं और ऊतकों की मरम्मत के लिए भी आवश्यक है। एक बार पौधे आधारित आहार का पालन करने का निर्णय लेने के बाद अपने आहार की सावधानीपूर्वक योजना बनाना महत्वपूर्ण है। फिटनेस एक्सपर्ट और सेलिब्रिटी मास्टर इंस्ट्रक्टर, यास्मीन ने खाने के पैटर्न और पौधों पर आधारित जीवन शैली में बदलाव पर जोर देते हुए कहा, एक फिटनेस प्रशिक्षक के रूप में, मेरे पास लोग लगातार मुझसे एक आहार या किसी अन्य पर पूछताछ कर रहे हैं। रुझान आते हैं और जाते हैं, कुंजी संतुलित भोजन खाने और नियमित कसरत दिनचर्या का पालन करने के लिए है।




**हाई कोलेस्ट्रॉल की शिकायत अनुवांशिक कारको के वजह से भी हो सकती है। लेकिन यह अक्सर अस्वास्थ्यकर जीवनशैली का परिणाम होता है। कोलेस्ट्रॉल का उच्च स्तर आपके हृदय रोग के जोखिम को बढ़ा सकता है। दवाईयों बजाय आप इसे कुछ प्राकृतिक चीजों की मदद से भी ठीक कर सकते हैं।**

### क्या होता है कोलेस्ट्रॉल

कोलेस्ट्रॉल आपके रक्त में पाया जाने वाला एक मोम जैसा पदार्थ है। स्वस्थ कोशिकाओं के निर्माण के लिए आपके शरीर को कोलेस्ट्रॉल की आवश्यकता होती है, लेकिन कोलेस्ट्रॉल का उच्च स्तर आपके हृदय रोग के जोखिम को बढ़ा सकता है।

### कैसे पता करें बढ़ रहा है कोलेस्ट्रॉल

रक्त में कोलेस्ट्रॉल के उच्च स्तर के कोई स्पष्ट लक्षण नहीं होते हैं। लेकिन यह उन स्थितियों के लिए आपके जोखिम को बढ़ा सकता है जिनमें लक्षण होते हैं, जैसे- एनजाइना (हृदय रोग के कारण सीने में दर्द), उच्च रक्तचाप, स्ट्रोक आदि।

### कोलेस्ट्रॉल में हरा धनिया है फायदेमंद

एक स्टडी के अनुसार, कुछ जानवरों और टेस्ट-ट्यूब अध्ययनों से पता चलता है कि धनिया हृदय रोग के जोखिम वाले कारकों को कम कर सकता है, जैसे उच्च रक्तचाप और एलडीएल (खराब) कोलेस्ट्रॉल का स्तर। एक्सपर्ट बताते हैं कि अन्य मसालों के साथ बड़ी मात्रा में धनिया का सेवन करने वाली आबादी में हृदय रोग की दर कम होती है।

### हरे धनिया के औषधीय गुण

इसमें एंटी-माइक्रोबियल व एंटीऑक्सीडेंट समेत एंटी इंफ्लेमेटरी (सूजन कम करने वाला), एंटी-डिस्लिपिडेमिक (रक्त में लिपिड्स कम करने वाला), एंटी-हाइपरटेंसिव (रक्तचाप कम करने वाला), न्यूरोप्रोटेक्टिव (तंत्रिका को सुरक्षा देने वाला) और मूत्रवर्धक जैसे गुण होते हैं। साथ ही, यह मधुमेह, मिर्गी, चिंता और अवसाद दूर करने और शरीर से टॉक्सिक पदार्थों की सफाई करने का काम भी करते हैं।

### कैसे करें धनिया का सेवन

एक अध्ययन के दौरान चूहों को धनिये के बीज दिए गए जिसे खाने के बाद। खून में जमा एलडीएल (खराब) कोलेस्ट्रॉल में कमी और एचडीएल (अच्छे) कोलेस्ट्रॉल में वृद्धि हुई को देखा गया। ऐसे में कहा जा सकता है कि धनिया को अपने खाने में शामिल करने से आप कोलेस्ट्रॉल की समस्या का समाधान कर सकते हैं। लोग अक्सर धनिया के पत्तों का सेवन शरबत, चटनी, सलाद के रूप में करते हैं। वहीं, इसके बीजों को भी आप पानी में फूलाकर और छानकर पी सकते हैं।

### धनिया का सेवन करते समय रखें इस बात का ध्यान

धनिया को नियमित पर थोड़े मात्रा में खाएं। एक स्टडी के अनुसार ज्यादा धनिया खाने से स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। यह लीवर, एलर्जी, दाने, खुजली से लेकर त्वचा कैंसर तक का खतरा बढ़ा सकती है। इसेक अलावा धनिया ब्लड प्रेशर को कम करने का काम करती है जिससे निम्न ब्लड प्रेशर को लोगों को परेशानी हो सकती है।

# भारतीय क्रिकेट टीम का विश्वकप के साथ स्वदेश पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ

## हवाई अड्डे पर टीम की एक झलक पाने प्रशंसक उमड़े

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम का आज यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। भारतीय टीम को लेकर जैसे ही विशेष विमान इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा प्रशंसक उत्साहित हो गये। हल्की बारिश के बाद भी प्रशंसकों का उत्साह अपने चरम पर था। इस दौरान सुरक्षा की भी कड़ी व्यवस्था की गयी थी। खिलाड़ियों को विश्वकप ट्रॉफी के साथ देखने के लिए हजारों की तादाद में प्रशंसक बैनर और राष्ट्रीय ध्वज लेकर खड़े थे। उन्होंने खिलाड़ियों को जीत की बधाई भी दी और नाचने लगे, इस दौरान कप्तान रोहित शर्मा भी प्रशंसकों के साथ नाचने लगे।

भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर एक दशक बाद कोई आईसीसी खिताब जीता है। जिससे प्रशंसक बेहद खुश थे। इसी दौरान साल 2011 में जीते पिछले विश्व कप का जिक्र करते हुए एक प्रशंसक ने कहा, 'हम पिछले 13 साल से इस पल का इंतजार कर रहे थे। टीम ने विश्व कप जीतकर हमें गौरवान्वित किया है। टीम को लेकर एअर इंडिया का विशेष विमान एआईसी24डब्ल्यूसी 'एयर इंडिया चैम्पियंस 24 विश्व कप बुधवार को भारतीय समयानुसार सुबह चार बजकर 50 मिनट पर बारबाडोस से रवाना हुआ और 16 घंटे की लगातार यात्रा के बाद गुरुवार सुबह छह बजे यहां पहुंचा।

भारतीय टीम विश्वकप जीतने के बाद से ही बारबाडोस में आये समुद्री तूफान 'बेरिल के कारण फंस गयी थी क्योंकि हवाई अड्डा बंद होने से उड़ाने रुक गयीं थीं। भारतीय क्रिकेट को इसके कारण होटल में ही रुकना पड़ा। भारतीय टीम, सहयोगी स्टाफ, खिलाड़ियों के परिवार और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कुछ अधिकारियों के अलावा टूर्नामेंट कवर करने गए भारतीय मीडियाकर्मी भी इस विमान से पहुंचे। इस दौरान हवाई अड्डे पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

इसके बाद भी प्रशंसक विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और विश्वकप तक मुख्य कोच रहे राहुल द्रविड़ के पोस्टर लिए हुए थे। लंबी उड़ान के कारण हुई थकान के बाद भी खिलाड़ियों ने प्रशंसकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया।



## सूर्यकमार ने कहा , रोहित ने हमें दबाव में शांत बने रहकर खेलना सिखाया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टी20 विश्वकप टूर्नामेंट में मिली खिताबी जीत से बेहद उत्साहित हैं। ट्रॉफी हाथ में लिए हुए सूर्यकुमार ने कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने हमें दबाव का सामना करना सिखाया है। सूर्यकुमार ने कहा कि उन्होंने हम सभी को सिखाया है कि दबाव में कैसे शांत रहना है। वह स्वयं भी हमेशा शांत बने रहे। उन्होंने हमसे कहा कि हम ज्यादा आगे के बारे में न सोचें। हमारा एक आदर्श वाक्य भी था- अपना दिमाग वहीं रखें जहां आपके पैर हैं। रोहित ने हमें कहा कि सुपर 8 या सेमीफाइनल या फाइनल के बारे में नहीं सोचना चाहिए पर मैच को उसके अनुसार खेलना चाहिये। हमें एक समय में एक कदम उठाने की जरूरत थी और उन्होंने हमें दिखाया कि इस छोटे प्रारूप में कैसे बल्लेबाजी करनी है। साथ ही कहा कि अगर मैं रोहित के बारे में बताना शुरु करु तो मुझे काफी दिन लग जाएंगे।

सूर्यकुमार ने विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 मैचों में 28.42 की औसत से 199 रन बनाए। इसमें दो अर्धशतक थे। इसके अलावा फाइनल के अंतिम ओवर में उन्होंने डेविड मिलर का एक बेहद अहम कैच पकड़कर भारतीय टीम की जीत तय कर दी थी।

## विराट ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ टीम की मुलाकात की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी की है। भारतीय टीम स्वदेश पहुंचते ही सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास गयी थी और उसने प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। प्रधानमंत्री ने भी टीम इंडिया के टी20 चैंपियन बनने के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट कर टीम की प्रशंसा की थी।

विराट ने साथ ही लिखा, आज हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलकर बहुत गर्व हुआ। हमें प्रधानमंत्री निवास पर आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद सर।प्रधानमंत्री ने करीब दो घंटे तक कोच राहुल द्रविड़ सहित पूरी टीम के खिलाड़ियों से बात की। प्रधानमंत्री के साथ टीम की मुलाकात का एक वीडियो भी इसके बाद आया। इसमें सभी काफी खुश नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने टीम के हर खिलाड़ी से बातचीत की और उन्हें उनकी शानदार जीत के लिए बधाई दी। कप्तान रोहित शर्मा ने प्रधानमंत्री को ट्रॉफी दी और पूरी टीम ने तस्वीर खिंचाई। इस मौके पर बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह भी उपस्थित थे।

## ट्रॉफी के साथ मस्ती करते दिखे भारतीय खिलाड़ी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 विश्वकप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम आज एक विशेष विमान से स्वदेश पहुंची। भारतीय टीम बारबाडोस में आये तूफान के कारण देर से स्वदेश पहुंची है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम के खिलाड़ियों का एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में विमान में भारतीय खिलाड़ी टी20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ मस्ती करते हुए दिखे हैं। इसमें कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव सहित अन्य खिलाड़ी भी शामिल थे। टीम ने एक दशक के बाद कोई आईसीसी खिताब जीता है। जिससे खिलाड़ियों में जबरदस्त जोश था। भारतीय टीम के सदस्य विश्वकप में जीत के बाद ही तत्काल स्वदेश लौटना चाहत थे पर खराब मौसम ओर तूफान के कारण ये संभव नहीं हुआ। टीम को बारबाडोस में अपने होटल में ही रुकना पड़ा। इसके बाद बीसीसीआई ने एक विशेष विमान भेजकर खिलाड़ियों को स्वदेश लाने का इंतजाम किया।

नई दिल्ली में उतरने के बाद, टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम आईटीसी मौर्य होटल के लिए पहुंची। इस दौरान वह प्रशंसकों से भी मिली। इसके बाद टीम मुम्बई रवाना होगी जहां उसे एक कार्यक्रम में शामिल होना है। इस दौरान एक विजय परेड भी निकलेगी। इसके बाद भारतीय टीम के सम्मान में एक कार्यक्रम भी होगा।

## विंबलडन : गॉफ, अल्कराज और मेदवेदेव अगले दौर में पहुंचे, ओसाका हारी



**लंदन (एजेंसी)।** विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के बुधवार को हुए पुरुष और महिला वर्ग में कोको गॉफ, कार्लोस अल्कराज और डेनियल मेदवेदेव जहां अपने-अपने मुकाबले जीत कर अगले दौर में पहुंच गए, वहीं नाओमी ओसाको को हार का सामना करना पड़ा है।

अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने कल रोमानिया की एंका टोडोनी पर सीधे सेट में आसान जीत के साथ टूर्नामेंट के महिला एकल मुकाबले के अगले दौर में जगह बना ली है। दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की गॉफ ने रोमानिया की एंका को 6-2, 6-1 से हराया। महिला एकल के अन्य मुकाबलो में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को दूसरे दौर में 19वें नंबर की ऐमा नवारो ने 6-4, 6-1 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इसके अलावा बीट्रिज हदाद मेइया ने भी मैग्डेलेना फ्रेच को 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया।

दूसरी तरफ पुरुष एकल में गत चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने एलेक्जेंडर वुकिक को तीनों सेटों में 7-6, 6-2, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गये है। अगले दौरान में अल्कराज का मुकाबला 29वें वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो से होगा। एक अन्य मुकाबले में पांचवी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को भी सेंटर कोट 'पर कठिन शुरुआत मिली। उन्हें एलेक्जेंडर मुलर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन मेदवेदेव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 6-7(3) 7-6(4) 6-4 7-5 से जीत दर्ज की। पुरुष एकल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर ने अपने हमवतन माटेओ बेरेटिनी को कड़े मुकाबले में 7-6, 7-6, 2-6, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

## पेरिस ओलंपिक में एकसाथ खेलेंगे नडाल और अलकराज : डेविड फेरर

बार्सिलोना । स्पेन के कप्तान डेविड फेरर ने टीम की कहा है कि राफेल नडाल और कार्लोस अलकराज पेरिस में एक साथ खेलेंगे ।इसके अलावा टीम में पाब्लो कैरेनो बुस्टा, एलेजांद्रो डेविडोविच और मार्सेल ग्रेनोलर्स भी शामिल होंगे।वहीं टेनिस महासंघ ने भी कहा है कि नडाल और युगल मुकाबले में खेलते हुए नजर आयेंगे ।ये दोनो हालांकि एकल मुकाबले के विजेता हैं ।अलकराज ने हाल ही में हुए फ्रेंच ओपन एकल में जीत हासिल की थी ।वहीं अनुभवी नडाल के नाम 22 ग्रैंडस्लैम खिताब हैं। ओलंपिक के टेनिस मुकाबले उसी कोर्ट में खेले जाएंगे जिसमें फ्रेंच ओपन के मुकाबले हुए हैं , ऐसे में इन दोनो को ही हालात से तालमेल बनाना आसान रहेगा। अलकराज का लक्ष्य ओलंपिक में पदक जीतना है क्योंकि उनका मानना है कि इसका विशेष महत्व है ।उन्होंने फ्रेंच ओपन में जीत के बाद कहा था कि इस साल वह अपने विंबलडन खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने की जगह पर पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने को अधिक महत्व देंगे । विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम अलकराज ने कहा, ''ओलंपिक खेल हर चार साल में होते हैं और यह एक विशेष टूर्नामेंट है जहां आप न अपने साथ ही अपने देश के लिए भी खेलते हैं। स्पेन का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे लगता है कि इस साल मैं ओलंपिक स्वर्ण जीतना चाहूंगा।''

## विश्वकप ट्रॉफी के साथ अलग अंदाज में दिखे ऋषभ

नई दिल्ली ।टी20 विश्वकप में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपने प्रदर्शन से सभी को हैरान कर दिया है । ऋषभ आज विश्वकप ट्रॉफी के साथ उत्साहित दिखे जबकि इससे पहले एक दौर ऐसा भी आया था जब उनकी खेलना ही तय नहीं था। दो दिसंबर 2022 में हुए भयानक कार हादसे के बाद भी जिस प्रकार उन्होंने खेल में वापसी की है। वह अपने आप में एक मिशाल है ।इस खिलाड़ी ने तकरीबन 14 महीने खेल से दूर



रहने के बाद अपनी मेहनत और जज्बे से किस्मत की बाजी पलट दी। आईपीस और फिर टी20 विश्वकप में उन्होंने धमाकेदार प्रदर्शन किया है ।उनकी विकेटीपिंग और बल्लेबाजी कमाल की रही। .स्वदेश पहुंचने के बाद होटल आईटीसी मौर्या में ऋषभ पंत की एंट्री देखने लायक थी ।उनकी एंट्री ने महाभारत के भीम की याद दिला दी ।भीम की गदा की तरह ऋषभ पंद भी विश्व कप ट्रॉफी उठाए नजर आए ।वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे ऋषभ पंत होटल में दाखिल होते हैं और अपने कंधे पर ट्रॉफी लिए हुए हैं ।इस दौरान उनके साथ अन्य खिलाड़ी भी नजर आ रहे हैं । ऋषभ की आखों में चमक और चेहरे की मुस्कान बता रही है कि यह पल उनकी जिंदकी के लिए कितना मायने रखता है । ऋषभ पंत का यह पल इसलिए भी खास है, क्योंकि कुछ समय पहले तक यह भी तय नहीं था कि वह कभी क्रिकेट खेल पाएंगे। दरअसल, भारत की जीत में ऋषभ पंत का भी बड़ा योगदान रहा है । अमेरिका की धीमी पिचों पर जब भारतीय बल्लेबाज विफल हो रहे थे, तब वह डटे रहे। उनकी कई छोटी-छोटी और अहम पारियों की बदौलत टीम इडिया ने अपना विजय अभियान कायम रखा था।

## शुभमन सहित भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने जमकर अभ्यास किया

**हरारे (एजेंसी)।** कप्तान शुभमन गिल सहित भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 6 जुलाई से शुरु होने वाली टी20 सीरीज को देखते हुए जमकर नेट अभ्यास किया है। भारतीय टीम को इस सीरीज में पांच मैच खेलने हैं। टीम में अधिकतर युवा खिलाड़ी शामिल हैं क्योंकि टी20 विश्वकप टीम में शामिल अनुभवी खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार सभी मैच हरारे में खेले जाएंगे। इस दौरे में पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। टीम में तीन नए खिलाड़ियों साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल की जगह शामिल किया गया है। ऐसे में इस सीरीज में शामिल युवाओं के पास बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करने का अवसर है।

भारतीय टीम इस दौरे में पांच मैच 6 जुलाई , 7 जुलाई , 10 जुलाई , 13 जुलाई और 14 जुलाई को खेलेगी। ये सभी मैच हरारे में होंगे।


### टीम इस प्रकार है

शुभमन गिल (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साई सुदर्शन , जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हर्षित राणा।



## यह देश के लिए खेलने वाली सर्वश्रेष्ठ भारतीय क्रिकेट टीम: फारुख इंजीनियर

**खेल डैस्क।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर फारुख इंजीनियर ने शनिवार को बारबाडोस में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 जीतने वाली टीम को अब तक की सर्वश्रेष्ठ टीम कहा है। 86 वर्षीय इंजीनियर अभी यूनाइटेड किंगडम (यूके) में रहते हैं और उन्होंने 1961-75 तक भारत के लिए 46 टेस्ट मैच खेले हैं। वह अपने समय के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपरों में से एक थे। इसी साल फरवरी में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन्हें कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड भी दिया था। इंजीनियर ने कहा कि हालांकि मैं



मैनचेस्टर में रहता हूं, मैं पूरी तरह से एक भारतीय हूं और लड़कों ने जो हासिल किया है उस पर मुझे बहुत गर्व है। मुझे लगता है कि भारतीय टीम एक मजबूत टीम है। मैंने ऐसा तब कहा था जब मुझे बीसीसीआई से लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिला था। कुछ महीने पहले और मुझे वर्तमान भारतीय टीम से खड़े होकर सराहना मिली, जो अपने ही देश से मान्यता प्राप्त करने के लिए बहुत अच्छी बात थी, मैंने उस समय कहा था कि यह सर्वश्रेष्ठ भारतीय क्रिकेट टीम है कभी भारत के लिए खेला।

पूर्व क्रिकेटर ने बीसीसीआई द्वारा विजेता टीम को 125 करोड़ की राशि देने की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि टीम को विश्व कप जीतने के लिए पुरस्कार राशि के रूप में 125 करोड़ रुपए मिले हैं, जिससे मैं बेहद खुश हूं। बस अंतर देखिए। मुझे लगता है कि हमारे लड़कों ने जो जीता है उसके पूरी तरह से हकदार हैं और मुझे उम्मीद है कि उन्हें घर पहुंचने पर शानदार स्वागत मिलेगा। भारतीय टीम गुरुवार सुबह बारबाडोस से नई दिल्ली पहुंची। उन्हें प्रधान मंत्री (पीएम) नरेंद्र मोदी ने अपने आधिकारिक आवास में सम्मानित किया। शाम को मरीन ड्राइव और वानखेड़े स्टेडियम में विजय परेड के लिए टीम इंडिया मुंबई पहुंच चुकी है।

## भारतीय मूल की स्कूली छात्रा इंग्लैंड की शतरंज टीम में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी




लंदन। भारतीय मूल की नौ वर्षीय स्कूली छात्रा बोधना शिवनंदन शतरंज में इतिहास रचने जा रही हैं क्योंकि वह किसी भी खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं ।उत्तर-पश्चिम लंदन के हैरो की रहने वाली बोधना सितंबर में हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाले शतरंज ओलंपियाड में इंग्लैंड की महिला टीम में शामिल होंगी । टीम में शामिल अन्य खिलाड़ियों की उम्र 20 साल से अधिक है । बोधना ने कहा, 'कल स्कूल से वापस आने के बाद जब मेरे पिताजी ने मुझे बताया तो मुझे इस बारे में पता चला ।मैं खुश थी ।मुझे उम्मीद है कि मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगी और मुझे एक और खिताब मिलेगा।' इंग्लैंड शतरंज टीम के मैनेजर मैल्कम पेन ने स्कूली छात्रा बोधना को अब तक देखी गई सबसे उल्लेखनीय ब्रिटिश शतरंज प्रतिभाओं में से एक बताया। उन्होंने कहा, 'यह रोमांचक है - वह अब तक की सर्वश्रेष्ठ ब्रिटिश खिलाड़ियों में से एक बनने की राह पर है।' बोधना के पिता शिवा शिवनंदन ने कहा कि उन्हें अब भी इस बात पर हैरानी है कि उनकी बेटी को यह प्रतिभा कहां से मिली । शिवा ने कहा, 'मैं इंजीनियरिंग स्नातक हूं, मेरी पत्नी भी इंजीनियरिंग स्नातक है लेकिन मैं शतरंज में अच्छा नहीं हूं।' बोधना ने पहली बार महामारी के दौरान लॉकडाउन में शतरंज खेलना सीखा जब शिवा का दोस्त भारत वापस जा रहा था और उसने उन्हें कुछ बैग दिए जिनमें शतरंज का बोर्ड भी था। बोधना ने कहा, 'मुझे मोहरों में दिलचस्पी थी इसलिए मैंने खेलना शुरू कर दिया।' पिछले दिसंबर में बोधना ने क्रोएशिया के जाग्रेब में यूरोपीय ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप जीती थी और उस समय उन्हें 'सुपर टैलेंटेड' करार दिया गया था।

## चेन्नईयन एफसी से खेलेंगे जॉर्डन



चेन्नई ।अब कोलंबिया के स्टार फुटबॉलजर विलमर जॉर्डन गिल चेन्नईयन एफसी से खेलते हुए दिखेंगे। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम चेन्नईयन एफसी ने आगामी सत्र को देखते हुए इस स्टार स्ट्राइकर के साथ एक साल का अनुबंध किया है ।एल्सिन्हो डायस और चीमा चुक्कू के बाद वह क्लब से जुड़ने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं । क्लब के अनुसार ये कोलंबियाई फुटबॉलर काफी अनुभवी है और इससे पहले दो सत्र में उसने आईएसएल में खेला है ।इस फुटबॉलर ने पहली बार साल 2022 में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी की तरफ से खेला था ।इसके अलावा उसने अगले सत्र में पंजाब एफसी की तरफ से भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया था । उसके नाम अभी तक आईएसएल के 15 मैच में 8 गोल हैं । इससे पहले एल्सिन्हो डायस और चीमा चुक्कू भीइस क्लब से जुड़ने वाले तीसरे विदेशी खिलाड़ी हैं।

## द. अफीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला से एशिया कप और विश्व कप की तैयारी पुख्ता करने उतरेगा भारत

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला का इस्तेमाल एशिया कप और टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों और रणनीति को पुख्ता करने के लिए करेगी। श्रीलंका में 19 जुलाई से होने वाले एशिया कप और बांग्लादेश में चार अक्टूबर से होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले यह भारत की सफेद गेंद से आखिरी द्विपक्षीय श्रृंखला है।

इसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम इन बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के लिए अपने प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। टीम ने बेंगलुरू में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और यहां एकमात्र टेस्ट में भी इसके संकेत दिए हैं। दक्षिण अफ्रीका से टक्कर मिलने के बावजूद भारत ने अब तक सभी मैच जीते हैं। 2023 से अब तक भारत ने सात टी20 श्रृंखला खेली हैं जिनमें से तीन में उसे जीत मिली है और चार में हार का सामना करना पड़ा है।



टीम इस आंकड़े को बेहतर करना चाहेगी। भारत को एकदिवसीय श्रृंखला और टेस्ट मैच में अपनी खिलाड़ियों की फॉर्म से राहत मिलेगी। एकदिवसीय टीम की उप-कप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने तीन मैच में दो शतक और एक अर्धशतक के साथ शानदार प्रदर्शन किया जबकि हरमनप्रीत ने अंतिम वनडे में शतक जड़ा। एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की खराब फॉर्म चिंता का विषय थी लेकिन उन्होंने यहां एकमात्र टेस्ट में महिला क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक लगाकर इन चिंताओं को दूर कर दिया।

जेमिमा रोड्रिग्स और रिचा घोष भी धीरे धीरे लय हासिल कर रही हैं। टीम प्रबंधन को इन पांचों बल्लेबाजों से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मेहमान टीम श्रीलंका के खिलाफ स्वदेश में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में काफी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। कागज पर भारत की गेंदबाजी भी काफी मजबूत दिखती है। तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और अरुंधति रेड्डी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। दीप्ति शर्मा, राधा यादव, आशा शोभना और श्रेयंका पाटिल की स्पिन चौकड़ी भी टीम की मजबूत ताकत है।

दक्षिण अफ्रीका बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत के लिए कप्तान लॉरा वोलवार्ट पर बहुत अधिक निर्भर होगा। वोलवार्ट ने एकदिवसीय श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट में शतक लगाकर अपनी शानदार फॉर्म की झलक दिखाई। अगर दक्षिण अफ्रीका को पिछले साल जनवरी के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतनी है तो सलामी बल्लेबाज वोलवार्ट का प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा।

टीम को वोलवार्ट के अलावा मारिजेन कैप, सुने लुस, एनेके बॉश और तेजमिन ब्रिट्स के बल्ले से भी अच्छे रनों की उम्मीद होगी। नोनकुलुलेको मलाबा और मसाबाता क्लास के अलावा नादिन डि क्लार्क और अयाबोंगा खाका को भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका को उम्मीद होगी कि अनुभवी मारिजेन कुछ ओवर कर पाएंगी। चोट से उबरने के कारण उन्होंने अब तक भारत दौरे पर गेंदबाजी नहीं की है।

**टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत** = हरमनप्रीत कौर (कप्तान) स्मृति मंधाना, उमा छेत्री, रिचा घोष, डी हेमलता, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, सजीवन सजाना, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, शबनम शकील, पूजा वस्त्रकार और राधा यादव।

**दक्षिण अफ्रीका** = लॉरा वोलावार्ट (कप्तान), तेजमिन ब्रिट्स, मीके डि रिडर, सिनालो जाफ्ता, एनेके बॉश, नादिन डि क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मारिजेन कैप, सुने लुस, क्लो ट्रायोन, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, एलिज-मारी मार्क्स, नोनकुलुलेको मलाबा और तुमी सेखुखुने।

